@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
गुरूवार, 27 नवम्बर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 23 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## संविधान दिवस समारोह

# राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 370 हटाने और नारी शति वंदन अधिनियम की सराहना की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को संविधान दिवस समारोह में कहा कि तीन तलाक की कुप्रथा पर लगाम लगाने, जीएसटी लागू करने, अनुच्छेद 370 हटाने और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे कदमों ने देश में सामाजिक न्याय, आर्थिक एकीकरण और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को नई दिशा दी है। संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आज आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने संविधान का डिजिटल संस्करण नौ भाषाओं में जारी किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा उपसभापति हरिवंश, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा में सदन के नेता जे.पी. नड्डा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य सांसद उपस्थित थे। सभी ने मिलकर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान उपनिवेशवादी मानसिकता छोड़कर राष्ट्रीय सोच अपनाने का मार्गदर्शक दस्तावेज है।

**● संविधान उपनिवेशवादी मानसिकता छोड़कर राष्ट्रीय सोच अपनाने का मार्गदर्शक दस्तावेज है।**



उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं ने नागरिकों के व्यक्तिगत और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा को सर्वोपरि माना। इसी के चलते आज महिलाएं, युवा, एससी, एसटी, किसान, मध्य वर्ग और नव-मध्य वर्ग लोकतंत्र को मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाने को देश की बड़ी उपलब्धि बताया। उल्लेखनीय है कि संविधान दिवस हर वर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है। इसी दिन 1949 में संविधान सभा ने इसी केंद्रीय कक्ष में भारत के संविधान को अंगीकृत किया था।

## कोलकाता में सीईओ ऑफिस के पास बीएलओ प्रदर्शन पर निर्वाचन आयोग सत, रिपोर्ट तलब

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के बाहर बूथ-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के प्रदर्शन को गंभीर सुरक्षा चूक मानते हुए केंद्रीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा से 48 घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। बुधवार को भेजे अपने पत्र में आयोग ने स्पष्ट किया कि सीईओ कार्यालय की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था इस स्थिति को संभालने के लिए अपर्याप्त साबित हुई। निर्वाचन आयोग के सचिव सुजीत कुमार मिश्रा द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल सहित संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और कार्यालय के अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने की जरूरत है। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि संवेदनशील परिस्थितियों में सुरक्षा के स्तर का समुचित वर्गीकरण किया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो। मतदाता सूची के विशेष गहन




पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के दौरान अत्यधिक कार्यभार और दबाव का आरोप लगाते हुए बीएलओ ने सोमवार और मंगलवार को सीईओ कार्यालय के बाहर 30 घंटे तक धरना दिया था। यह प्रदर्शन मंगलवार शाम तक जारी रहा जिसके बाद आयोग ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को भी पत्र की प्रति भेजी।

# भारत को मिली कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी, अहमदाबाद में होगा आयोजन

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिल गई है। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स जनरल असेंबली में भारत की बोली को औपचारिक मंजूरी दी गई। गुजरात के अहमदाबाद में ये खेल कराए जाएंगे। यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि भारत दूसरी बार इस वैश्विक खेल का आयोजन करेगा। इससे पहले 2010 में नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स का सफल आयोजन हुआ था। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में बताया कि अहमदाबाद को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों का मेजबान घोषित किए जाने के कुछ ही क्षण बाद असेंबली हॉल में 20 गरबा डांसर और 30 ढोल वादक पहुंचे और वहां उपस्थित अन्य देशों के प्रतिनिधियों को सांस्कृतिक प्रदर्शन से आश्चर्यचकित कर दिया। इससे उन्हें उस विरासत और गौरव का एहसास हुआ, जिसकी उम्मीद खिलाड़ी और प्रशंसक भारतीय राज्य गुजरात में आयोजित खेलों से कर सकते हैं।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा कि यह कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के लिए एक नए स्वर्ण युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि भारत अपने साथ विशालता, युवा शक्ति, महत्वाकांक्षा, समृद्ध संस्कृति, अपार खेल जुनून और



प्रासंगिकता लेकर आता है।कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा कि कॉमनवेल्थ स्पोर्ट द्वारा दिखाए गए विश्वास से हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। 2030 के खेल न केवल राष्ट्रमंडल आंदोलन के सौ साल पूरे होने का जश्न मनाएंगे, बल्कि अगली शताब्दी की नींव भी रखेंगे। यह एथलीटों, समुदायों और संस्कृतियों को मित्रता और प्रगति की भावना से एक साथ लाएगा।

**अहमदाबाद में मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर**

अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहले से दुनिया की पहचान बना चुका है। नए 6 हाई-टेक स्टेडियम भी अब इसके आसपास तैयार किए जाएंगे। 215 एकड़ में सरदार पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव का निर्माण भी तेजी से चल रहा है, जिसमें इंडोर-आउटडोर खेल के आधुनिक एरेना होंगे। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि खेल का पूरा खर्च प्रशासन उठाएगा, ताकि खेल आयोजन में कोई कमी न रहे। यह आयोजन न केवल खेलों को बढ़ावा देगा, बल्कि रोजगार, पर्यटन और शहर की अंतरराष्ट्रीय पहचान को भी नई ऊंचाई देगा। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के साथ अहमदाबाद अब भारत का नया खेल शहर, आधुनिक विकास और सांस्कृतिक ऊर्जा के संगम के रूप में उभरेगा। यह आयोजन भारत की खेल ताकत और गुजरात की मेहमान नवाजी का दुनिया के सामने बड़ा मंच बनेगा।

## दूसरों को लेक्चर न दे दागी पाकिस्तान: भारत

**● पाकिस्तान का अपने अल्पसंख्यकों के दमन, कट्टरता और व्यवस्थित बुरे बर्ताव का गहरा दागदार रिकॉर्ड है।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ने राम जन्मभूमि मंदिर पर धर्म ध्वजा फहराये जाने पर आपत्ति जताने वाले पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। भारत ने कहा है कि अल्पसंख्यकों को लेकर दागदार रिकॉर्ड वाले पाकिस्तान के पास दूसरों को लेक्चर देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमने रिपोर्ट किए गऐ बयानों को देखा है और उन्हें उसी अवमानना साथ खारिज करते हैं जिसके वे हकदार हैं। एक ऐसे देश के तौर पर पाकिस्तान का अपने अल्पसंख्यकों के दमन,




कट्टरता और व्यवस्थित बुरे बर्ताव का गहरा दागदार रिकॉर्ड है। ऐसे में पाकिस्तान के पास दूसरों को लेक्चर देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। खोखले उपदेश देने के बजाय पाकिस्तान के लिए बेहतर होगा कि वह अपने अंदर झांके और अपने खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड पर ध्यान दे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सोमवार को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर पर धर्म ध्वजा फहरायी थी। किसी मंदिर पर धर्मध्वजा का फहराया जाना मंदिर निर्माण की पूर्णता का प्रतीक है। इसके बाद पड़ोसी देश ने बयान जारी कर आरोप लगाया था कि भारत अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव करता है। उसने संयुक्त राष्ट्र समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बढ़ते इस्लामोफोबिया पर ध्यान देने और इस्लामिक विरासत की रक्षा करने की अपील की थी।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया झुग्गीवासियों के उत्थान का संकल्प

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली , 26 नवम्बर। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है, इसलिए हमने झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए अलग से 700 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। इस राशि से इस राशि से झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में आरोग्य मंदिर, अटल कैंटीन, बस्ती विकास केंद्र, सड़कङ्कनाली सुधार तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री कल वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया के बी-ब्लॉक में आयोजित झुग्गीङ्कझोपड़ी स्वाभिमान सभा में शामिल हुईं। इस अवसर पर वहां बड़ी संख्या में झुग्गीवासियों, स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



गरीब-कल्याण मॉडल से लगातार प्रेरणा ले रही है। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दिल्ली में दशकों से झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों की समस्याओं और उनकी अनदेखी का मुद्दा उठाया और कहा कि पिछली सरकारें वर्षों तक इन बस्तियों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती रहीं, पर मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, पार्क, सड़क, नाली, पक्के मकान कभी उपलब्ध नहीं कराए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन सरकारों का नारा था कि 'गरीब को गरीब रहने दो और उसे डराते रहो'। पिछली सरकारों ने करोड़ों रुपये लगाकर 50,000 फ्लैट बनाए, लेकिन उन्हें गरीबों को दिया नहीं, जिससे वे टूटकर जर्जर हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर ही देशभर में शौचालय, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, पक्के मकान, मुफ्त राशन और कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, जिनका लाभ आज करोड़ों गरीबों को मिल रहा है। शेष पृष्ठ 3 पर

## संवैधानिक मूल्यों के मार्गदर्शन में राष्ट्र विकसित और आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर: सीपी राधाकृष्णन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि संविधान, एक जीवंत दस्तावेज़, भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का मार्गदर्शन करता रहेगा। संवैधानिक मूल्यों के मार्गदर्शन में राष्ट्र विकसित और आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर है। पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया यह मानव इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि है। उन्होंने यह बातें संविधान स्वीकृति की 75वीं वर्षगांठ तथा विशेष रूप से संजोकर तैयार की गई दिल्ली विधानसभा की प्रस्तुति शताब्दी-यात्रा, वीर विट्ठलभाई पटेल कॉफी टेबल बुक के अनावरण अवसर पर कही। यह विशेष पुस्तक विधान सभा के प्रथम भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष बने विट्ठलभाई पटेल के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तैयार की गई है। इसका औपचारिक विमोचन उपराष्ट्रपति ने किया। इस मौके पर सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राजधानी दिल्ली को उत्कृष्टता का वैश्विक मानक स्थापित करना चाहिए। यह लंदन, वॉशिंगटन या किसी और शहर जैसा बनने की नहीं बल्कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप में उभरे। उपराष्ट्रपति ने कॉफी टेबल बुक के विमोचन की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक भारत की विधायी यात्रा का सूक्ष्म और विश्लेषणात्मक संकलन है। प्रथम भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल के पदार ग्रहण के शताब्दी वर्ष का स्मरण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पटेल का नेतृत्व स्वतंत्र भारत के सभी पीठासीन अधिकारियों के लिए आदर्श बना हुआ है।यह पुस्तक इतिहास को संरक्षित करती है और आने वाली पीढ़ियों को हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और त्याग से जोड़ती है। इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह, रविन्द्र इन्द्राज सिंह तथा दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। संविधान दिवस के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए वी. के. सक्सेना ने कहा कि संविधान सभा की दूरदर्शिता ने भारत को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव दी। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस मनाना हमें इन आदर्शों के प्रति अपनी सामूहिक दृढ़ता को पुनः पुष्ट करने का अवसर देता है। दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यह सदन लम्बे समय से नागरिकता, अधिकारों और शासन संबंधी महत्वपूर्ण विमर्श का केंद्र रहा है। संविधान दिवस के अवसर पर उन्होंने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।


**● एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया यह मानव इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि है।**



## लोक सभा अध्यक्ष ने यूपीएससी को योग्यता और सत्यनिष्ठा पर आधारित राष्ट्र निर्माण का एक स्तंभ बताया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। नई दिल्ली में आज संघ लोक सेवा आयोग के शताब्दी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने आयोग की 100 वर्षों की यात्रा की सराहना करते हुए इसे भारत के लोकतांत्रिक और प्रशासनिक विकास में एक युग-परिभाषित अध्याय बताया। अपने संबोधन में बिरला ने कहा कि योग्यता, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों में निहित इस संस्था ने लाखों युवा भारतीयों को सार्वजनिक सेवा के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि जैसे-जैसे भारत साल 2047 तक एक विकसित और समावेशी राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, यूपीएससी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और तेज़ी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के



बीच, यूपीएससी ने अपनी चयन प्रक्रियाओं को अधिक उन्नत, वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाकर सुशासन के नए मानदंड स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि विविध सामाजिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि से आने वाली प्रतिभाओं को समान अवसर प्रदान करके यूपीएससी ने योग्यता, ईमानदारी और पारदर्शिता के माध्यम से भारत की जीवंत लोकतांत्रिक संरचना को मज़बूत किया है। लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सौ साल की गौरवशाली यात्रा महज़ एक प्रशासनिक इतिहास नहीं है, बल्कि देशभर में शासन, विकास और सार्वजनिक सेवा वितरण में यूपीएससी के अद्वितीय योगदान की एक अमिट गाथा है। इसने भारत की प्रशासनिक प्रणालियों में जनता के विश्वास को मज़बूत किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 100 वर्षों में आयोग ने लाखों युवा भारतीयों के लिए अपने ज्ञान, कड़ी मेहनत और नैतिक मूल्यों के माध्यम से लोगों की सेवा करने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी ने विविध सामाजिक, भाषाई और भौगोलिक पृष्ठभूमि की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करके प्रशासनिक व्यवस्था में भारत की जीवंत विविधता को दर्शाया है।

# संविधान दिवस मनाना क्रांतिकारी पहल, यही मोदी की डॉ. आम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि : रामदास आठवले

## बाबासाहेब के दिखाए रास्ते पर मोदी सरकार अनवरत गतिशील है।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डा. भीमराव आंबेडकर जी के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवंबर 2015 से 'संविधान दिवस' मनाने की क्रांतिकारी पहल की और यह बाबासाहेब के प्रति सही मायनों में सबसे सच्ची श्रद्धांजलि है। 26 नवम्बर 1949 को संविधान को तैयार कर देश को समर्पित करने में बाबासाहेब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नई दिल्ली के कांस्टीटयूशन क्लब में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामदास आठवले ने कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए आरपीआई प्रतिबद्ध है तथा बाबासाहेब के सपनों के भारत निर्माण के लिए आरपीआई हरसंभव प्रयास करेगी। रामदास आठवले ने कहा कि आरपीआई अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सहित समाज के सभी वंचित वर्गों के न्याय के लिए अपना संघर्ष एवं समर्पण



निरन्तर ज़ारी रखेगी। रामदास आठवले ने कहा कि संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर ने देश की आजादी के बाद जिस भारत का सपना देखा, उस सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बाबासाहेब के दिखाए रास्ते पर मोदी सरकार अनवरत गतिशील है। रामदास आठवले ने कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने प्रदेश, अपने जिले, अपने क्षेत्र व गांव की समस्या के समाधान के लिए आऱपीआई के नेतृत्व में सामाजिक न्याय के लिए पुरजोर तरीके से सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़कर आमजन का विश्वास जीतें व संगठन को सशक्त बनाने में प्रतिभागी बनें।

## सड़क दुर्घटना में मृतक व्यापारी के परिवार को मिलेगा 18 करोड़ का मुआवजा

### -मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 13 साल चली लड़ाई के बाद दिया आदेश

पुणे (एजेंसी)। पुणे-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर एक सड़क दुर्घटना में एक व्यापारी की साल 2012 में मौत हो गई थी। उनके परिजनों को करीब 13 साल की लंबी लड़ाई के बाद 18 करोड़ का मुआवजा दिया गया है। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने यह आदेश जारी किया है। यह मुआवजा एक बीमा कंपनी और ट्रक मालिक को संयुक्त रूप से देना होगा। मुआवजे की मूल राशि 10.9 करोड़ है। यह राशि याचिका दाखिल करने की तारीख 1 मार्च, 2016 से 7.5फीसदी प्रति वर्ष की दर से ब्याज समेत दी जाएगी। ब्याज को मिलाकर कुल मुआवजा 18 करोड़ से ज्यादा का हो गया है। बता दें दुर्घटना में मुंबई के व्यवसायी राजीव विनोद शाह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। राजीव शाह अपनी होंडा सिटी कार से मुंबई से पुणे जा रहे थे। तभी ट्रक ने एक अन्य कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह कार सड़क के डिवाइडर को तोड़ती हुई विपरीत दिशा में राजीव शाह की होंडा सिटी कार से टकरा गई। मृतक की कार का पीछे चल रही राज्य परिवहन निगम की एक बस ने भी शाह की कार को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राजीव शाह के परिवार के छह सदस्यों ने न्यायाधिकरण के समक्ष दुर्घटना दावा याचिका दायर कर ब्याज समेत 17.4 करोड़ के मुआवजे की मांग की थी। न्यायाधिकरण ने ट्रक मालिक के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की क्योंकि वह सुनवाई के दौरान कभी पेश नहीं हुआ। बीमा कंपनी ने इस दावे का यह कहते हुए विरोध किया कि यह दुर्घटना तीनों वाहनों की संयुक्त लापरवाही के कारण हुई थी।

## लॉरेंस गैंग के 4 शूटरों का एनकाउंटर, दो घायल

मोहाली (एजेंसी)। मोहाली के डेराबस्सी में चंडीगढ़-अंबाला राजमार्ग पर बुधवार दोपहर बड़ा पुलिस अभियान चलाया गया। स्टील स्ट्रिप्स टावर्स के पास एक घर में छिपे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार गुर्गों को पकडऩे पहुंची पुलिस टीम पर आरोपियों ने अचानक फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और कुछ देर तक दोनों तरफ से गोलियां चलती रहीं। मुठभेड़ में गिरोह के दो शूटरों को गोली लगी और वे घायल हो गए। मौके पर मौजूद एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और एसएएस नगर पुलिस ने घेराबंदी कर सभी चार आरोपियों को काबू में कर लिया। घायल आरोपियों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह विदेशी ठिकानों से अपने हैंडलर के निर्देश पर काम कर रहा था। यह समूह ट्राइसिटी और पटियाला क्षेत्र में टारगेटेड हमलों की योजना बनाने में लगा हुआ था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि गिरोह इस क्षेत्र में किसी बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।

## पाकिस्तान बॉर्डर से पकड़े गए 2 आतंकी

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब के अमृतसर देहात पुलिस ने भारत-पाक बॉर्डर पर दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से करीब ढाई किलो का आईईडी और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। यह कार्रवाई खुफिया अलर्ट के बाद हुई है। जिसमें आईएसआई द्वारा हाल ही में दिल्ली धमाके के बाद दोबारा भारतीय क्षेत्र में विस्फोटक भेजने की कोशिश तेज होने की जानकारी मिली थी। अमृतसर के रमदास, अजनाला और घरिंडा में बढ़ाई गई नाकाबंदी के दौरान दोनों आरोपी भाई युवराज और आकाशदीप बाइक पर आईईडी लेने निकले थे, लेकिन कोहरे के बीच पकड़े गए। पुलिस उनसे पूछताछ कर मॉड्यूल के बाकी सदस्यों की तलाश कर रही है।

## संविधान का अक्षरश : पालन हुआ तो 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : ओम बिरला



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि यदि देश संविधान में निहित सिद्धांतों का पूरी निष्ठा से पालन करे, तो वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य साकार किया जा सकता है। संविधान सदन (पुराना संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने लंबे विचार-विमर्श और व्यापक बहस के बाद 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकार किया, जिसने भारत को एक जीवंत लोकतंत्र के रूप में स्थापित करने की मजबूत नींव रखी। बिरला ने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत और गतिशील दस्तावेज है, जो नागरिकों की आवश्यकताओं और उनके अधिकारों का ध्यान रखता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संविधान का पालन करना हर नागरिक और संस्था का कर्तव्य है, क्योंकि यही देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संविधान सभा द्वारा संविधान अंगीकार किए जाने की स्मृति में 2015 से हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर फर्जी भारतीय पासपोर्ट के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ओमान जाने की कोशिश कर रही एक नेपाली महिला को फर्जी भारतीय पासपोर्ट का इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई आव्रजन अधिकारियों की सतर्कता के चलते संभव हो सकी। सहार पुलिस थाना क्षेत्र के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि पिछले सप्ताह यह महिला मस्कट जाने वाली उड़ान में सवार होने के लिए आव्रजन काउंटर पर पहुंची थी। उसने अपना नाम काजल बताया और भारतीय पासपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसमें उसका जन्म स्थान नोहरा, हिमाचल प्रदेश अंकित था। अधिकारी के अनुसार, महिला की शारीरिक बनावट और बोली से शक पैदा हुआ कि वह भारतीय नहीं है। संदेह होने पर उसे विस्तृत पूछताछ के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेजा गया। पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह भारतीय नहीं बल्कि नेपाल की नागरिक है।

# बिहार जीत के बाद भाजपा में मंथन: जनवरी 2026 तक मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष !



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत और सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद, सभी राज्यों में पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाले निर्वाचक मंडल के गठन की तैयारी शुरू हो गई है। 29 राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हैं और केवल उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में ही चुनाव प्रक्रिया जारी है, ऐसे में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया निर्णायक चरण में प्रवेश कर गई है। जनवरी 2026 तक नए पार्टी प्रमुख का चयन होने की उम्मीद है।

पार्टी के एक वरिष्ठ सूत्र ने संकेत दिया कि 14 जनवरी के बाद, जब हिंदू पंचांग में अशुभ माने जाने वाले खरमास का समापन होगा और शुभ चरण शुरू होगा, प्रक्रिया में तेज़ी आएगी। भाजपा के एक शीर्ष पदाधिकारी ने कहा कि सभी तैयारियाँ और प्रक्रियाएँ राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में समान रूप से आगे बढ़ रही हैं, और नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जनवरी 2026 तक होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि चुनावों के लिए निर्वाचक मंडलों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 29 राज्य इकाइयों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हैं, जबकि उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में औपचारिकताएँ अभी भी जारी हैं। इस बीच, भगवा हलकों में मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, जो वर्तमान में सेवा विस्तार पर हैं, के उत्तराधिकारी के रूप में तीन नाम चर्चा में हैं। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और शिवराज सिंह चौहान उन प्रमुख नामों में शामिल हैं जिन पर चर्चा हो रही है। इनमें से, आरएसएस और अमित शाह, दोनों के करीबी माने जाने वाले मौर्य और बिहार चुनाव अभियान के दौरान चुनाव प्रभारी रहे प्रधान, सबसे प्रमुख दावेदारों में उभरे हैं। इसी तरह, मौजूदा मोदी कैबिनेट में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने खुद को एक बेहद प्रभावी भाजपा नेता के रूप में स्थापित किया है, और हाल के वर्षों में बिहार सहित पार्टी की कई चुनावी जीत में अहम योगदान दिया है। एक वरिष्ठ सूत्र ने कहा कि अगर शाह ने रणनीति बनाई, तो प्रधान ने ज़मीनी स्तर पर उसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। प्रधान और शिवराज सिंह चौहान, दोनों ही इस पद के प्रबल दावेदार बन सकते हैं।

## कंगना का आरोप, विपक्ष घुसपैठियों पर मेहरबान और देश 'कैंसर' से मुक्त होना चाहता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर दी जा रही धमकियाँ बेअसर साबित होंगी। मंडी से सांसद कंगना ने कहा कि देश ने घुसपैठियों को बाहर निकालने का मन बना लिया है और पूरा राष्ट्र इस कैंसर से मुक्ति चाहता है। सांसद कंगना की यह प्रतिक्रिया पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उस टिप्पणी के बाद आई है, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को लेकर कहा था, कि मेरे साथ खेलने की कोशिश मत करो। ममता बनर्जी लगातार एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा नीत केंद्र पर हमला बोलती रही हैं। एक बातचीत में कंगना रनौत ने कहा, देश ऐसी धमकियों से नहीं डरने वाला। जैसे शरीर में कैंसर होता है, उसी तरह देश घुसपैठियों से मुक्त होना चाहता है। लोग पूरे देश से इन घुसपैठियों को निकालना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष घुसपैठियों पर नरम है और इसीलिए एसआईआर अभियान का विरोध कर रहा है।

## वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज प्रवेश मामला: सीएम उमर बोले- ऐसे में छात्र तुर्की-बांग्लादेश पढ़ने जाएंगे



**जम्मू (एजेंसी)।** वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में मुस्लिम छात्रों के प्रवेश को लेकर उत्पन्न विवाद ने प्रदेश की राजनीति को गर्मा दिया है। भाजपा और कुछ दक्षिणपंथी संगठनों के विरोध के बाद राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि विरोधी पक्ष वास्तव में गैर-हिंदू छात्रों को संस्थान से बाहर रखना चाहता है, तो सरकार को इस कॉलेज को अल्पसंख्यक संस्थान घोषित कर देना चाहिए।

मुख्यमंत्री उमर ने चेतावनी देते हुए कहा, कि यदि ऐसी राजनीति जारी रही तो कश्मीरी छात्र बांग्लादेश या तुर्की जैसे देशों में पढ़ने को मजबूर हो जाएंगे। सीएम उमर का यह बयान ऐसे समय आया है, जबकि शिक्षण संस्थान में ज्यादा मुस्लिम छात्रों के प्रवेश को लेकर कुछ धामिर्क संगठनों ने विरोध दर्ज कराया था। इसके बाद दाखिले को लेकर धार्मिक पहचान को आधार बनाने वाली बात देशभर में बहस का विषय बन गई। वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अंतर्गत आता है, और विरोध करने वाले संगठनों का कहना है कि हिंदू-बहुल संस्थान में हिंदू छात्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# बदलाव के संकेत: सीक्रेट डील के बाद माने सिध्दारमैया, अब कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनेंगे डीके?



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में बीते कई दिनों से चल रही सियासी उथल-पुथल के बीच अब संकेत मिल रहे हैं कि एक सीक्रेट डील के बाद मुख्यमंत्री सिध्दारमैया मान गए हैं और राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार जल्द ही नए मुख्यमंत्री बन सकते हैं। हालांकि ऐसी सियासी अटकलों के बीच एक विधायक ने दावा कर दिया, कि शिवकुमार जल्द मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। हालांकि, मंगलवार को विधायकों ने यह भी कहा कि पार्टी नेतृत्व अंतिम फैसला लेगा। साल 2023 में शिवकुमार और मौजूदा सीएम सिद्धारमैया के बीच हुए कथित समझौते के चलते राज्य में शीर्ष पद को लेकर रस्साकशी जारी है।

शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री बदलने के मुद्दे पर सार्वजनिक तौर पर बात नहीं करना चाहते, क्योंकि यह पार्टी में चार-पांच लोगों के बीच एक गुप्त समझौता है, और उन्हें अपनी अंतरात्मा पर भरोसा है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शिवकुमार समर्थक छह विधायकों का एक समूह रविवार रात आलाकमान से मिलने दिल्ली पहुंचा था और कुछ और विधायकों के जाने की उम्मीद है। 20 नवंबर को कांग्रेस सरकार के अपने पांच वर्षीय कार्यकाल के ढाई साल पूरा होने के बाद यह चर्चा और तेज हो गई है, क्योंकि 2023 में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच कथित सत्ता साझेदारी समझौते का दावा किया जा रहा है। सिद्धरमैया ने हाल ही में कहा था कि वह पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहेंगे और भविष्य में राज्य का बजट पेश करना जारी रखेंगे। रामनगर विधायक इकबाल हुसैन ने कहा कि सभी लोग आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे, साथ ही उन्होंने शिवकुमार के प्रमोशन पर भरोसा जताया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, मैं हमेशा उस बयान के साथ हूं...। 200 फीसदी वह जल्द ही सीएम बनेंगे। हाईकमान फैसला लेगा। जैसा कि हमारे नेता (शिवकुमार) ने कहा है कि सत्ता हस्तांतरण की सीक्रेट डील 5-6 पार्टी नेताओं के बीच हुई थी और वही 5-6 लोग फैसला लेंगे। मद्दुर से विधायक केएम उदय ने कहा कि विधायकों ने आलाकमान से मंत्रिमंडल फेरबदल के दौरान नए चेहरों और युवाओं को मौका देने का अनुरोध किया है और उन्हें संकेत मिले हैं कि इस पर विचार किया जाएगा। शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग पर उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा और सभी उसका पालन करेंगे।

# मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मुद्दा फिर गरमाने की तैयारी, संतों के जरिए चलेगा अभियान

**मथुरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद को एक बार फिर जनता के बीच लाने की रणनीति तैयार हो रही है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस मुद्दे से सीधे तौर पर नहीं जुड़ेंगे, लेकिन संत समाज के माध्यम से इसे धार्मिक-सामाजिक आंदोलन का रूप देने की योजना है। हाल ही में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की दिल्ली से वृंदावन तक की विशाल पदयात्रा को इसी कड़ी का पहला कदम माना जा रहा है।

भाजपा और संघ ने वैचारिक स्तर पर अयोध्या के साथ-साथ काशी विश्वनाथ और मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मुद्दे का हमेशा समर्थन किया है, लेकिन अयोध्या की तरह काशी-मथुरा को कभी पार्टी या संघ का आधिकारिक राजनीतिक-संगठनात्मक एजेंडा नहीं बनाया। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों स्पष्ट किया था कि संघ के एजेंडे में सिर्फ अयोध्या था, मथुरा नहीं। फिर भी उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि कोई स्वयंसेवक व्यक्तिगत रूप से ऐसे किसी आंदोलन से जुड़ता है तो वह स्वतंत्र है। सूत्रों का कहना है कि अब मथुरा के मुद्दे को अदालती प्रक्रिया के साथ-साथ संतों के जरिए जनजागरण के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। बागेश्वर बाबा की पदयात्रा से यह संकेत मिल गया है कि भगवान कृष्ण के नाम पर ब्रज क्षेत्र में लोगों की भावनाएं कितनी तीव्र हैं। यात्रा में बड़ी संख्या में संतों के साथ-साथ कई राजनेता भी शामिल हुए थे। अब इस भावना को व्यवस्थित रूप से कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के पक्ष में मोड़ा जा सकता है।

इस रणनीति का एक बड़ा लाभ यह भी है कि कृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा यादव समाज को भी जोड़ सकता है, जो खुद को श्रीकृष्ण का वंशज मानता है। इससे समाजवादी पार्टी की राजनीतिक मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि उसका सबसे मजबूत आधार यादव वोट बैंक ही है। इसी क्रम में मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ब्रज क्षेत्र में अपनी सक्रियता दिखाई। वे हेलीकॉप्टर से बरसाना पहुंचे और सबसे पहले माताजी गौशाला में गौसेवा की। इसके बाद रोप-वे से राधारानी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और माथा टेका। वहां मौजूद संतों, भाजपा कार्यकर्ताओं और भक्तों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। गडकरी इसके बाद गुजरात के प्रसिद्ध कथावाचक पद्मश्री रमेश बाबा की चल रही भागवत कथा में शामिल हुए और उनसे आध्यात्मिक संवाद किया। उन्होंने कहा, ÷बरसाना केवल भक्ति का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा का स्रोत भी है। यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा पूरे देश को दिशा दे सकती है। ब्रज क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री की यह यात्रा और संतों से मुलाकातें भी आगामी दिनों में बन रही नई धार्मिक-सामाजिक समीकरण की ओर इशारा कर रही हैं।


# बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर पीएमओ ने इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

### -मानदंडों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों की जांच और उन पर कार्रवाई की जाए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में लगातार बढ़ते प्रदूषण के बीच सरकार कई कदम उठा रही है। कुछ दिन पहले ही राजधानी में ग्रैप-3 लागू किया है। अब पीएमओ ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिकारियों को दोहरी रणनीति पर काम करने का निर्देश दिया है। पीएमओ ने एक उच्च-स्तरीय बैठक की, जिसकी अध्यक्षता पीएम के प्रधान सचिव ने की और प्रदूषण से निपटने के लिए कई सख्त निर्देश दिए। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब राजधानी की हवा की गुणवत्ता चिंता का विषय बनी हुई है। पीएमओ ने अधिकारियों को दो मुख्य मोर्चों पर तेजी से काम करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि प्रदूषण फैलाने वाले और उत्सर्जन मानदंडों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों की जांच और उन पर कार्रवाई की जाए। केंद्र सरकार दिल्ली की सड़कों पर इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाना चाहती है, इसलिए चर्चा का एक अहम हिस्सा ईवी पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार पर केंद्रित था। पीएमओ ने अधिकारियों को चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, चार्जिंग स्टेशन और सब्सिडी पर तेजी से प्रगति करने का निर्देश दिया। पीएमओ ने यह भी निर्देश दिया कि पारंपरिक पेट्रोल और डीज़ल वाहनों पर निर्भरता कम की जाए। यह कदम दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत दिल्ली के परिवहन को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा।

# पुलिस हिरासत में मौतें व्यवस्था पर कलंक, अब बर्दाश्त नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में पुलिस हिरासत में बढ़ती मौतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी की है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने मंगलवार को कहा कि पुलिस कस्टडी में हिंसा और मौतें भारतीय न्याय प्रणाली पर एक कलंक है और अब देश इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। अदालत पुलिस थानों में कार्यशील सीसीटीवी कैमरों की कमी से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसे सर्वोच्च अदालत ने सितंबर में मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वत÷संज्ञान में लिया था।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, कि रिपोर्टों के अनुसार 2025 के पहले आठ महीनों में राजस्थान में पुलिस हिरासत के दौरान 11 लोगों की मौत हुई, जिसमें से 7 मामले केवल उदयपुर जिले से जुड़े थे। कोर्ट ने याद दिलाया कि 2018 में उसने स्पष्ट आदेश दिया था कि हिरासत के दौरान मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसी के साथ ही अदालत ने कहा, अगर पुलिस थानों में कैमरे ही नहीं चल रहे, या लगे ही नहीं हैं, तो यह आदेश की सीधी अवहेलना है। हिरासत में मौतें किसी भी सभ्य समाज में अस्वीकार्य हैं।

#### केंद्र से पूछा—अनुपालन हलफनामा कहाँ है?

सुनवाई के दौरान बेंच ने केंद्र सरकार से यह भी पूछा कि आज तक अनुपालन हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया गया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट जमा करेगा। वहीं सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ दवे, जो 2020 के एक अन्य मामले में अमिकस क्यूरी के रूप में सहायता कर रहे हैं, ने बताया कि केवल 11 राज्यों ने ही अब तक सीसीटीवी लगाने के संबंध में अनुपालन हलफनामा दिया है। न तो सभी राज्यों ने और न ही कई केंद्रीय एजेंसियों ने कोर्ट के आदेशों का पूर्ण पालन किया है।

#### सीबीआई, ईडी, एनआईए दफ्तरों में भी कैमरे अनिवार्य

कोर्ट ने याद दिलाया कि उसके 2020 के आदेश में सीबीआई, ईडी और एनआईए जैसी जांच एजेंसियों के दफ्तरों में भी सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने कहा कि जांच एजेंसियों को भी मानवाधिकार मानकों का पालन करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सभी शेष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तीन सप्ताह का समय दिया है। मामला अब 16 दिसंबर को फिर से सुना जाएगा। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि यदि तब तक हलफनामा नहीं दिया गया, तो संबंधित राज्य/यूटी के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

## मां काली की मूर्ति को मदर मैरी की तरह सजाया, लोगों ने किया बवाल

### -धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप, मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के चेंबूर में काली मंदिर में पूजा करने वाले लोगों ने देवी की मूर्ति को मदरमैरी जैसा दिखाने पर तोड़-फोड़ कर दी थी। पुलिस ने मंदिर के पुजारी को गिरफ्तार कर लिया और जांच शुरू कर दी है। यह घटना शनिवार को अनिक गांव में हिंदू श्मशान घाट के अंदर बने कालीमंदिर में हुई। एक फोटो में देवी की मूर्ति को सुनहरे कपड़े पहने और सफेद सजावट वाला एक बड़ा मुकुट पहने और ऊपर एक खास सुनहरा क्रॉस लगा दिया गया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक काली माता के विग्रह को मदर मरियम के रूप में श्रृंगार करने का वीडियो प्रसारित होने के बाद पुजारी को गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उपनगरीय चेंबूर के मंदिर में काली माता की मूर्ति को मदर मैरी के रूप में दिखाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को मंदिर दर्शन करने गए श्रद्धालु यह देखकर दंग रह गए कि मां काली के विग्रह को ईसाई धर्म के संस्थापक ईसा मसीह की माता जैसी पोशाक पहनाई गई है।

उन्होंने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया और देवी की पोशाक में हुए बदलाव के बारे में बताया। अधिकारी के मुताबिक श्रद्धालुओं ने जब मंदिर के पुजारी रमेश से इस बारे में पूछताछ की तो उसने दावा किया कि मां काली उसके सपने में आई थीं और उन्होंने ही उसे ''मां मैरी के रूप में उनका श्रृंगार करने'' का निर्देश दिया था। पुलिस ने बताया कि एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में पुजारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसने बताया कि इसके बाद पुजारी को गिरफ्तार कर स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस अब यह पता लगा रही है कि क्या घटना के पीछे कोई संगठित मकसद था या इसमें और लोग भी संलिप्त थे।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया झुग्गीवासियों के उत्थान का संकल्प

प्रथम पृष्ठ का शेष

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दिल्ली की हर झुग्गी का निवासी अब पक्के मकान का हकदार है। उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों ने सालों तक तैयार पड़े सरकारी फ्लैटों को गरीबों को न सौंपकर उन्हें जर्जर होने दिया, जबकि आज उनकी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर गरीब परिवार को सम्मान के साथ रहने के लिए पक्का घर मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि लगभग 15 वर्षों से बंद पड़ी नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को पुनः शुरू किया जाएगा, जिसमें गलत लाभार्थियों के कार्ड रद्द कर वास्तविक ज़रूरतमंदों के लिए नए कार्ड बनाए जाएंगे। इसी तरह, बंद पड़ी पेंशन योजनाओं को भी दोबारा चालू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद राशन कार्ड, पेंशन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सभी रुकी हुई प्रक्रियाएं फिर से सक्रिय की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह विकास तभी निरंतर रहेगा जब सभी जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक और पार्षद एक ही दिशा में काम करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि 30 नवंबर को वार्ड–65 अशोक विहार से भाजपा प्रत्याशी वीना असीजा के समर्थन में वोट डालकर विकास की इस गति को और मजबूत करें।

# 700 से ज्यादा साइबर अपराधी गिरफ्तार, 1000 करोड़ की ठगी का खुलासा; 48 घंटे तक पुलिस ने चलाया ऑपरेशन

नई दिल्ली। देशभर में बीते कुछ समय से साइबर ठगी के मामलों में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है। साइबर ठगों ने आम लोगों की मेहनत की कमाई के न जाने कितने अरबों रुपयों को धोखे से हड़प लिया है। अब साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने सख्त एक्शन लिया है। दिल्ली पुलिस ने दिल्ली पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़े पैमाने पर ऑपरेशन साइबर हॉक (ष्ट्ड्ढ।ॠड्ढ्य) चलाया है। इस ऑपरेशन के दौरान कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने 700 से ज्यादा साइबर



अपराधियों को पकड़ लिया है। आइए जानते हैं दिल्ली पुलिस के इस ऑपरेशन के बारे में विस्तार से। दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन साइबर हॉक चलाकर 700 से ज्यादा साइबर अपराधियों को पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक, साइबर अपराधियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस के इस ऑपरेशन में स्पेशल सेल की ढ्ढस्नस्ह्र यूनिट, क्राइम ब्रांच, स्पेशल सेल और दिल्ली के 15 जिलों की पुलिस शामिल रही है। दिल्ली पुलिस का ये ऑपरेशन करीब 48 घंटे यानी दो दिनों तक लगातार चला है। दिल्ली पुलिस का ऑपरेशन साइबर हॉक (ष्ट्ड्ढ।ॠड्ढ्य) साइबर अपराधियों के लिए काल बनकर सामने आया है। इस ऑपरेशन के तहत पुलिस ने अब तक 700 से ज्यादा साइबर अपराधियों को पकड़ा है। पुलिस द्वारा पकड़े गए अपराधी एक बड़े साइबर नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस की जांच में करीब 1,000 करोड़ रुपये की मनी ट्रेल का भी खुलासा हुआ है। इन नेटवर्क्स के जरिए साइबर अपराधियों द्वारा करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की जा रही थी।

# दिल्ली आत्मघाती हमले के बचाव की मुस्लिम समुदाय द्वारा कड़ी निंदा

**कौमी पत्रिका**
**अफ़ीफ़ अहसन**

नई दिल्ली। दिल्ली धमाके के आरोपी डॉक्टर उमर नबी का एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया है जिसमें वह आत्मघाती हमले का बचाव करते हुए उसे "शहादत की कार्रवाई" (Martyrdom Operation) करार दे रहा है। यह वीडियो बड़े पैमाने पर वायरल हो रहा है, जिस पर मुस्लिम समुदाय और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों द्वारा कड़ी निंदा की गई है। 10 नवंबर को लाल किला इलाके में होने वाले धमाके के बाद सामने आने वाले इस खुद के बनाए (Self-made) और बिना तारीख वाले वीडियो में, आतंकवादी मॉड्यूल का मुख्य सदस्य डॉक्टर उमर नबी अपनी विचारधारा के बारे में बात करता नजर आ रहा है। डॉक्टर उमर नबी ने आत्मघाती हमले का बचाव किया और इसे "शहादत का कार्य" बताया। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वीडियो एक कट्टरपंथी (Radicalized) दृष्टिकोण को दर्शाता है जिसका उद्देश्य दूसरों को प्रभावित करना है। प्रमुख मुस्लिम हस्तियों और समूहों ने इस वीडियो की व्यापक रूप से आलोचना की है और जोर दिया है कि इस्लाम आत्महत्या और मासूम लोगों की हत्या से मना करता है। असदुद्दीन ओवैसी और इमरान मसूद जैसे नेताओं ने इस कृत्य को "हराम", "गंभीर पाप" और "आतंकवाद" करार देते हुए इसकी निंदा की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि इस तरह के कदम इस्लामी शिक्षाओं के अनुरूप नहीं हैं। सोशल मीडिया पर भी प्रतिक्रिया में इसी नापसंदगी का इजहार किया गया, जहां आत्महत्या को इस्लाम में एक बड़ा पाप बताया गया और वीडियो के विचारों को चरमपंथी विचारधारा से जोड़ा गया। मुस्लिम समुदाय का सर्वसम्मत फैसला वीडियो में दिखाए गए चरमपंथी विचारों को स्पष्ट रूप से खारिज करना और उनसे खुद



को अलग करना है, क्योंकि यह बुनियादी इस्लामी सिद्धांतों के खिलाफ हैं। आत्मघाती हमलावर डॉक्टर उमर नबी अपने घिनौने कृत्यों और हिंसा पर आधारित अपने चरमपंथी विचारों को सही ठहराने के लिए इस्लाम की अपनी व्याख्या और जिसे वह "शरई" सिद्धांत कहता है, का सहारा लेता है। उमर नबी का तर्क मुख्य इस्लामी दृष्टिकोण के विपरीत है। लगातार उलेमा ने बयान दिया है कि इस्लाम में किसी भी बेगुनाह व्यक्ति की हत्या या हिंसा फैलाना सख्ती से मना (हराम) है। आतंकवादी गतिविधियों की धर्म में कोई जगह नहीं है। इस संबंध में कुरान का हवाला दिया जाता है जिसमें कहा गया है कि "एक बेगुनाह इंसान की हत्या पूरी मानवता की हत्या के बराबर है।" कुरान करीम स्पष्ट रूप से खुद को हलाक (नष्ट) करने से मना करता है। सूरह अन-निसा (4) की आयत 29 में इरशाद है कि- "ऐ ईमान वालों! आपस में एक-दूसरे का माल नाहक मत खाओ, सिवाय इसके कि वह आपसी रजामंदी से व्यापार के जरिए हो। और अपने आप को [या एक-दूसरे को] कत्ल मत करो। बेशक अल्लाह तुम पर बहुत मेहरबान है।" सूरह अल-अन%आम (6) की आयत 151 में इरशाद (फरमान) है कि- "...और उस जान को मत मारो जिसे अल्लाह ने हराम ठहराया है सिवाय हक के साथ [यानी न्याय के तकाजों के अनुसार]। ये तुम्हारे लिए उसके आदेश हैं ताकि तुम समझ सको।" सूरह बनी इसराइल (17) की आयत 33 में आदेश है कि- "और किसी भी जान को नाहक (अन्यायपूर्वक) मत मारो जिसे अल्लाह ने हराम ठहराया है, सिवाय हक के साथ [यानी न्याय के तकाजों के अनुसार]। "सूरह अल-बकरा (2) की आयत 195 में अल्लाह फरमाता है कि- "और अल्लाह की राह में खर्च करो और अपने ही हाथों अपने आप को हलाकत (विनाश) में मत डालो [यानी कंजूसी करके]। और नेकी करो; बेशक अल्लाह नेकी करने वालों को पसंद करता है।" ये आयतें मुस्लिम विद्वानों और संगठनों की ओर से आतंकवाद और आत्मघाती बमबारी की निंदा करने के लिए पेश की जाती हैं, जिन्हें एक बड़े गुनाह (पाप) और इस्लामी शिक्षाओं से भटकाव (विचलन) माना जाता है। आत्मघाती हमलावर यह दलील देते हैं कि वे शहीद का दर्जा हासिल करते हैं, जबकि यह आत्महत्या है। वे अपनी जान खुद लेते हैं, जिसे अल्लाह ने मना किया है और जो एक बहुत बड़ा पाप है। जीवन अल्लाह की नेमत है और उसी के अनुसार हमें अपना जीवन गुजारना है। अपने पाप को अंजाम देने के लिए वे कहते हैं कि वे 'कुफ्फार' (काफिरों) से लड़ रहे हैं। इसे जायज ठहराने के लिए वे किसी को भी काफिर करार दे देते हैं, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, यहां तक कि वे अपने मकसद के लिए मुसलमानों को भी काफिर कह देते हैं। परंतु उनका सारा जुल्म मासूम और निहत्थों पर उतरता है। वे गैर-लड़ाकों (Non-combatants) जैसे औरतों, बच्चों और बुजुर्गों को मार रहे होते हैं, जिससे पैगंबर मोहम्मद (सल्ल.) ने सख्त मना फरमाया है। वे सोचते हैं कि आम नागरिक 'Collateral Damage' हैं, जबकि वे उन्हें जानबूझ कर निशाना बनाते हैं। %ततरुस% (युद्ध के दौरान नागरिकों का अनैच्छिक नुकसान) का नियम हालिया लाल किला हमले जैसे घिनौने कृत्य पर लागू नहीं हो सकता, जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी मासूम लोग मारे गए। ये लोग मानते हैं कि उनका तथाकथित मकसद ही उनके साधनों को सही ठहराता है (The end justifies the means)। जबकि इस्लाम में साधनों का भी उतना ही पवित्र होना जरूरी है जितना कि मकसद का। ये लोग अल्लाह की नाफरमानी करके (बेगुनाहों को मारकर) उसकी इताअत (आज्ञापालन) नहीं कर सकते। उमर नबी और उसके जैसे आतंकवादी साफ तौर पर 'जैश' जैसे आतंकवादी संगठनों की सोच के प्रतीक हैं। इस वीडियो से साफ पता चलता है कि इस आत्मघाती हमले में पाकिस्तान में बैठे हुए 'जैश' के आतंकवादियों का हाथ है और वही इस आतंकवादी मॉड्यूल के ब्रेनवॉशिंग (Indoctrination), और आर्थिक व नैतिक समर्थन के साथ-साथ सशस्त्र समर्थन भी कर रहे हैं। इस आतंकवादी संगठन का मकसद केवल और केवल भारत जैसे बहुआयामी और शांतिपूर्ण देश में कानून-व्यवस्था को बिगाड़ना और धार्मिक नफरत फैलाने के अलावा कुछ भी नहीं है।

# संगठित ऑनलाइन पायरेसी नेटवर्क का पर्दाफाश

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने संगठित ऑनलाइन पायरेसी नेटवर्क का पर्दाफाश कर छह आरोपियों को बाउन डाउन किया है। आरोपी नकली किताबें बुकभंडार डॉट इन के जरिए बेच रहे थे। शुरुआत में 42 पायरेटेड किताबें बरामद हुईं। उसके बाद रेड में 18 टाइटल /686 किताबें ज़ब्त की गईं। प्रिंटिंग प्रेस और प्लेट बनाने वाली यूनिट का पता चला है और यहां से प्रिंटिंग मशीन और नेगेटिव ज़ब्त किए गए। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि वित्तीय ट्रेल और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच चल रही है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि बुक भंडार डॉट नाम से चल रही एक डिजिटल कंपनी पर लगातार टेक्निकल सर्विलांस रखना शुरू किया। इस टीम ने आरोपी अनमोल कीरो (27) के मयूर विहार फेज-ढ्ढ, दिल्ली के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान उसके घर से जाने-माने पब्लिशर्स की 42 पायरेटेड किताबें मिलीं। इसके अलावा जांच के दौरान पता चला कि उसने एक ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बुकभंडार डॉट इन और उसका इंस्टाग्राम हैंडल बनाया था। उसने पेमेंट लेने के लिए फिनसकूल एजूकेशन नाम से एक बैंक अकाउंट का इस्तेमाल किया। आरोपी ने दरियागंज बुक मार्केट से पायरेटेड किताबें भी खरीदीं और उन्हें इंडिया पोस्ट और प्राइवेट कूरियर के ज़रिए पूरे भारत में भेजा। इन सभी को जब्त कर लिया गया है। अनमोल कीरो से पूछताछ कर सप्लाई चेन का पता लगाया गया। पांडव नगर के गणेश नगर में छापा मारा जहां से 18 अलग-अलग टाइटल्स, जिनमें 686 पायरेटेड किताबें थीं, बरामद की गईं। ज़ब्त की गई किताबों को ठीक से सील कर, डॉक्यूमेंट्स में दर्ज कर मालखाने में जमा कर दिया गया। पुलिस गणेश नगर, पांडव नगर निवासी सुनील कुमार गुप्ता (जिनके यहां से 686 पायरेटेड किताबें बरामद हुईं), जैतपुर एक्सटेंशन, बदरपुर निवासी ललन गुप्ता (इयररेटेड किताबों की बिक्री के लिए उनके अकाउंट में पेमेंट आई), फराश खाना, लाहौरी गेट निवासी नावेद (सुनील गुप्ता को पायरेटेड किताबें सप्लायर) और हौजकाजी दिल्ली निवासी कामरान (37) को पूछताछ में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा है। आरोपी कामरान हौज काजी में एक प्रिंटिंग प्रेस चलाता है। यहां से एक प्रिंटिंग मशीन डोमिनेंट 714 जब्त की गई। उसने बताया कि दो महीने पहले उसने ऑर्डर के हिसाब से नावेद के लिए किताबें प्रिंट की थीं। फराश खाना निवासी हिलाल मोहम्मद (40) किताब छपाई के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रिंटिंग प्लेट/नेगेटिव तैयार करते हुए पाया गया। पायरेटेड किताबों से जुड़ी तीन प्लेट/नेगेटिव बरामद की गईं और उन्हें ज़ब्त कर लिया गया। उसने बताया कि वह सिर्फ़ नावेद समेत कस्टमर्स द्वारा दिए गए नेगेटिव के आधार पर प्लेट तैयार करता है।

# झगड़े के दौरान दोस्त की पीटकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी जिले की नंद नगरी थाना पुलिस ने हत्या के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नंद नगरी निवासी विशाल उर्फ काकू, हिमांशु, किशन उर्फ राहुल उर्फ चार्ली, चेतन उर्फ लक्की, गौरव उर्फ पिल्लू, सुमित उर्फ सिंचू और दिलशाद गार्डन निवासी अंकित के रूप में हुई है। पुलिस ने अंकित के कब्जे से एक स्कूटी बरामद की है। इन आरोपियों में से हिमांशु, किशन और चेतन पर पहले से हत्या का एक मामला दर्ज है। जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि चार अगस्त देर रात नंद नगरी थाना पुलिस को सूचना मिली कि आशीष पर चार से पांच व्यक्तियों ने हमला कर दिया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि चार अगस्त को आशीष अपने दोस्तों के साथ वाल्मीकि मार्ग पर पार्टी करने के लिए गया था। पार्टी के दौरान आशीष और उसके दोस्तों में झगड़ा हो गया, जिसके बाद सभी दोस्तों ने मिलकर आशीष के साथ मारपीट की। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दोस्त उसे वहीं पर छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने के बाद जब तक पुलिस घटनास्थल तक पहुंची तब तक आशीष के परिजन उसे जीटीबी अस्पताल ले जा चुके थे।

# बिजवासन में बनेगा पहला डॉग शेल्टर

नई दिल्ली। एमसीडी ने दिल्ली में पहला डॉग शेल्टर बिजवासन इलाके में बनाने की योजना तैयार की है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। इसके अलावा उसने द्वारका में कुत्तों की नसबंदी सेंटर का विस्तार करने का निर्णय लिया है। यहां पर काफी जगह है और उसमें एक नई यूनिट स्थापित हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आदेश दिए थे कि लावारिस और आक्रामक कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि एक ओर जहां नसबंदी कार्यक्रम को तेज किया जाए, वहीं दूसरी ओर ऐसे खतरनाक कुत्ते जिनसे लोगों की सुरक्षा को खतरा है, उन्हें अलग रखकर शेल्टर होम में रखा जाए। इन्हीं निर्देशों के तहत एमसीडी ने बिजवासन में पहला शेल्टर बनाने की पहल शुरू की है। दो दिन पहले एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने प्रस्तावित स्थल का दौरा किया था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस शेल्टर के निर्माण में देरी न हो। इस शेल्टर में न केवल आक्रामक और खतरनाक कुत्तों को रखा जाएगा, बल्कि यहां नसबंदी, इलाज और देखभाल की भी पूरी व्यवस्था होगी।


**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client **Keshwar Kumar Paswan** is purchasing the First Floor of Property bearing Municipal Corporation No.8688, in Gali No.14-B, Ward No. XIV, situated at Shidi Pura, Karol Bagh, New Delhi- 110005 from Suresh Chander Yadav who is the owner of the property vide Sale Deed dated 20/10/2023 which was registered as doc no. 10143, vol no. 20216, pages 16-26, SR-III, Delhi and Intend to mortgage the said property with **Aditya Birla Housing Finance Ltd.** If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large on behalf of my client Mr. Shiv Kumar in respect of **Property /plot bearing No. 122-A, area measuring 50 Sq.Yds out of 100 Sq.Yds , carved out pf Khewat No.148, Khatoni No. 187, Mustatil No. 5, Killa No. 23/1(2-13), 23/2/1 (2-13), 23/2/2 (2-13),situated at Waka Mauja Tilapat, Tehsil & Dist. Faridabad, Haryana** claiming to have undisputed ownership. Now my client intends to sell the property in which **SMFG India Home Finance Company Limited** will provide the financial assistance. If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within Seven days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever

**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**NAME CHANGE**

I hitherto known as SANTO W/o RAMPAL, R/o Kitas, Kilasa, PO: Goela, Dist: Muzaffarnagar, Uttar Pradesh-251318, have changed my name and shall hereafter be known as SHASHI DEVI.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as USHA alias USHA RANI GOYAL alias USHA GOYAL D/o ROOP CHAND, and W/o ANIL KUMAR GOYAL, R/o R 216, Vani Vihar, Uttam Nagar, Dist: West Delhi, Delhi-110059, have changed my name and shall hereafter be known as USHA GOYAL, for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Dharamveer S/O Satpal Kapoor R/O H NO-17/49 3rd Floor, Geeta Colony, East Delhi - 110031 Have changed my name to Dharmveer Kapoor for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, VIKAS GOEL S/O SU BHASH GOEL R/O 2nd B - 15, Nehru Nagar, Ghaziabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201001 have changed the name of my minor son AARADHY GOEL aged 13 years and he shall hereafter be known as AYUSHMAN GOEL.

**NAME CHANGE**

I, AMIT KUMAR YADAV S/o Shri BHAGWAN YADAV R/o House No. - 135, near Hanuman Mandir, Begam Pur, North West Delhi, Delhi - 110086 have changed the name of my minor son LOKAVYA, aged 10 years and he shall hereafter be known as LUCKY.

**Public Notice**

It is for general information that I Manju Srivastava D/O Bag Singh Adhikari Ex. Wife of Sandeep Srivastava residing at K- 401,Gali no -8, K block Mahipal pur ,Malikpur Kohi alias Rang south west delhi delhi-110037 declare that I got divorce from my husband vide Court Decree No HMA 937/2025 dated 20.08.2025. further I have changed my name and shall hereafter be known as Manju Adhikari .

**NAME CHANGE**

I, GUDIMETLA SATYAVATHI W/O SURYANARAYANA REDDY R/o 1/178 PEDAKAPU GARI VEEDHI, RAVULAPALEM, RAVULAPALEM, EAST GODAVARI, ANDHRA PRADESH-533238 declare that as per service record of my husband (GUDIMETLA SURYANARAYANA REDDY) my name is recorded as G SATYAVATHI. That in my husband's (GUDIMETLA SURYANARAYANA REDDY) in PPO service Documents-No824200900764 my name has been written as G SATYAVATI and as per my Aadhaar card my name has been written as GUDIMETLA SATYAVATHI.

**NAME CHANGE**

I, MANJU DEVI is a legally wedded wife of No. 186773W Rank PIONEER Name JITENDER KUMAR presently residing, VPO- GUDHA, TEH-KANINA, DIST-MAHENDERGARH, (HARYANA)-123027, have changed my name from MANJU DEVI to MANJU and date of birth from 28/02/1985 to 16/04/1983 for all future purposes. Vide affidavit dated 24.11.2025 before Sub Division Magistrate Delhi.

**NAME CHANGE**

I Neha Dwivedi D/o Amarjeet Dwivdi R/o Kursi, Beniganj, Hardoi, Sandila, Uttar Pradesh - 241304, have changed my name to Himanshi Dwivedi.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, MANOJ KUMAR SINGH DHARMSAKTTU Son of BALWANT SINGH, R/o Sarmoli, PO; Munsiari, Dist-Pithoragarh, Uttarakhand - 262554, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as MANOJ SINGH DHARAMSKTU and NEEMA DHARAMSKTU respectively in my minor son SAHIL SINGH DHARAMSKTU aged 15 years in his 10th Class School Certificate Cum Marksheet. The actual name of mine and my wife is MANOJ KUMAR SINGH DHARMSAKTTU and NEEMA DEVI respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, Abhijit Choudhury S/O Late Pran Gopal Chowdhury, R/o - C-12, 2nd Floor, Acharya Niketan, Opposite to Radheshyam Mandir, Mayur Vihar Phase 1, New Delhi - 110091, have changed my name to Abhijit Chowdhury for all future purposes

**NAME CHANGE**

JAMSIDA W/O SAFI R/O VPO MALAB, TEHSIL NUH, DISTT. NUH, HARYANA 122107. HAVE CHANGED OF MY NAME JAMSHIDA TO JAMSIDA FOR ALL FUTURE PURPOSE

**NAME CHANGE**

I, Dr Farrukh, S/O Late D.A.H Khan, R/O A1/1805 Tower-15 Purvanchal Royal City, Chuharpur Khadar, Chi-5, Near Gautam Buddh University, Greater Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201310, Have changed my name to FARRUKH KHAN FOR all Future purpose

**NAME CHANGE**

I, Shabeena, W/O Dr Farrukh Khan, R/O Property No.217 Ground Floor, Sukhdev Vihar Road, New Friends Colony, Near Fortis Escorts Okhla, Sukhdev Vihar, New Friends Colony, PO:New Friends Colony, DIST:South East Delhi, Delhi, 110025, Have changed my name to SHABEENA KHAN FOR all Future purpose.

**NAME CHANGE**

I Chahat W/O Ashwani malik R/O 5804-06- near shiv mandir new chandrawal jawhar nagar malkaganj delhi 110007 changed my name to Chahat Dahiya.

**NAME CHANGE**

I MOHD NAEEM S/O MOHD SALEEM R/O H NO-1304, GALI SHARIF WALI KALAN MAHAL, DARYA GANJ, DELHI-110002. have changed my name to MOHAMMAD NAEEM for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, Lakhmi S/O Prakash R/O Manoli, Muradnagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201206, have changed my name and shall hereafter be known as LILU

**NAME CHANGE**

I hitherto known as PRABHJOT PAL KAUR D/o Gursev Singh R/o A-2, Knowledge Park-3, Greater Noida Namauli, Gautam Buddha Nagar Uttar Pradesh-201306 have changed my name and shall hereafte be known as TINA KAUR.

**Public Notice**

It is for general information that I SOWATI DEVI W/O LATE PARAM SINGH R/O M14C , BASANT LANE RAILWAY COLONY, PAHAR GANJ , CENTRAL DELHI -110055 declare that name of mine and my minor son have been wrongly written as SOBATI DEVI and LABIS SINGH in my minor son namely LABISH RAWAT aged 14 years in his school record. The actual name of mine and my minor son are SOWATI DEVI and LABISH RAWAT respectively, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Mr. Harender S/o Mr. Prem Chand is the owner of Freehold Residential Plot Land area measuring 14 Marle 02 Sarsai i.e. 430 Sq. Yds. Out of Khewat/Khata No. 43/49 Mustatil No. 25 Killa No. 5 (5-18) Situated at Araji Jarai Waka Mauja Panheda Kalan Tehsil Ballabhgarh District Faridabad, Haryana. by virtue of Transfer Deed dated 04.10.2023 Vide Doc No. 5349, Book No.1, Registered on 04.10.2023, in S.R-Ballabhgarh., and till date and has lost/Misplace his Original (1) Transfer Deed dated 28.01.2021 executed by Mrs. Koko W/o Sh. Padam Singh and Mrs. Geeta D/o Late Mr. Padam Singh in favour of 1. Mr. Sunil Kumar S/o Mr. Padam Singh 2. Mr. Ram Dutt S/o Mr. Padam Singh 3. Mr. Sham Veer S/o Mr. Padam Singh Vide Doc No.5604, Book No.1, Registered on 28.01.2021, in S.R-Ballabhgarh & (2) Death Certificate & SMC of Late Mr. Padam Singh now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same has been finance by Piramal Finance Ltd. Branch Faridabad Haryana. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Vikas Kumar S/o Ilam Singh employed as Head Constable in Rashtrapati Bhawan, Delhi R/o H.No-1384, Gali No-5-B B Block, Baba Colony, Burari, Salem Pur Majra Burari, North Delhi, Delhi-110084 have changed my name and shall hereafter be known as Vikas Chaudhary.

**NAME CHANGE**

I hitherto known NUSRATUL ZEHRA W/O Zeeshan Haider, R/O 496, Mouholla Mahal, Said Nagli, Amroha, Uttar Pradesh-244242, have change my name and shall hereafter be known as NUSRAT ZEHRA.

**Public Notice**

It is for general information that I, Satendra Singh Rawat S/o Shyam Singh Rawat R/o Sector-11, Pratap Vihar F-188A-1, Ghaziabad, Vijai Nagar, Uttar Pradesh-201009 declare that name of mine and my father has been wrongly written as Satendra Rawat and Shyam Singh in my 10th and 12th Class Educational Documents. The actual name of mine and my father are Satendra Singh Rawat and Shyam Singh Rawat.

**NAME CHANGE**

I, Mohammad Mohib Alam s/o Aminuddin R/o I-10, First Floor Haji Colony, Ghaffar Manzil, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025 have changed my name to Mohd Mohib Alam For all Future Purposes.

**NAME CHANGE**

I, KUMARI AYUSHI Daughter of JC-773428F Rank-SUB Name-RAMKUMAR residing at VPO-BILASPUR, TEHSIL-MUZAFFARNAGAR, DIST-MUZAFFARNAGAR, UTTAR PRADESH-251001, have changed my name from KUMARI AYUSHI to AYUSHI PAL for all future purposes vide Affidavit dated 26/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, KUSUMLATA Mother of JC-773428F Rank-SUB Name- RAMKUMAR residing at VPO-BILASPUR, TEHSIL-MUZAFFARNAGAR, DIST-MUZAFFARNAGAR, UTTAR PRADESH-251001, have changed my name from KUSUMLATA to KUSUM for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1952 instead of my correct date of birth as 01/01/1946 vide Affidavit dated 26/11/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as RAKESH KUMAR DHINGAN BALMIKI S/o S C BALMIKI R/o Flat No- G 1 Plot No-834 Green Street Sector-5 Vaishali, I.E. Sahibabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010, have changed my name and shall hereafter be known as RAKESH KUMAR DHINGAN.

**Public Notice**

It is for general information that I, SAUDAMINI SINGH wife of Shri VINAY KUMAR PANWAR, residing at Flat No. 1520, 12A, Park View Apatment, Sector-29 Noida, Gautam Budh Nagar Uttar Pradesh-201303, declare that name of mine has been wrongly written as SAUDAMINI in my minor son SAUVEER SINGH PANWAR aged 17 years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of mine is SAUDAMINI SINGH, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, PANCHALI mother of No-2618150H Rank-L/NK Name-RAMESH P residing at H.NO-2/219, DHARMARAJA NAGAR, VPO-PEDDATALAPALLI, DIST-KRISHNAGIRI, TAMIL NADU-635901, have changed my name from PANCHALI to PANJALI PERUMAL for all future purposes Vide Affidavit dated 26/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, LATHA wife of No-2611698L Rank-HAV Name-SUNIL KUMAR N residing at 676/1, PAPPANA LINE, OLD BYAPPANAHALLI, BANGALORE NORTH, MARUTHI SEVANAGAR, BANGLORE, KARNATAKA-560033, have changed my name from LATHA to LATHA S for all future purposes Vide Affidavit dated 26/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SHAMANTHU mother of No-2611698L Rank-HAV Name-SUNIL KUMAR N residing at 676/1, PAPPANA LINE, OLD BYAPPANAHALLI, BANGALORE NORTH, MARUTHI SEVANAGAR, BANGLORE, KARNATAKA-560033, have changed my name from SHAMANTHU to SHAMANTHU M for all future purposes Vide Affidavit dated 26/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, JC-441533L Rank-SUB MAJ Name-R DHARMARAJ residing at NO-14, SREE KAMATCHI, AMMAN NAGAR, DEVAKOTTAI, DIST-SIVAGANGAI, TAMIL NADU-630302, have changed my minor daughter's name from UPASANA to D UPASANA for all future purposes Vide Affidavit dated 26/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as R. S. RANA S/o RAJENDRA SINGH RANA R/o 1108, First Floor, Shakti Khand-4, Near Aman Plaza, Indipuram, Shipra Sun City, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014, have changed my name and shall hereafter be known as RAHUL RANA.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारी ग्राहक आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल श्रीमती जियान वती वर्मा पत्नी श्री डी.पी. वर्मा फ्रीहोल्ड आवासीय मकान नंबर 1/11388 का मालिक है, जिसका क्षेत्रफल खसरा नंबर 129 में से 200 वर्ग गज है, जो सुभाष पार्क एक्सटेंशन, रानी झांसी रोड, नवीन शाहदरा, दिल्ली–110032 की आबादी में गांव उल्धनपुर में स्थित है। नोटरीकृत जीपीए और एटीएस दिनांक 19.11.1982 के आधार पर अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और इसे श्रीमती गुलनाज़ ने भी बेच दिया है और इसे उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड शाखा- आदर्श नगर, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकार/स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**सार्वजनिक सूचना**

यह आपको सूचित करने के लिए है कि श्रीमती सोनल जैन, श्री विशाल अरोड़ा और श्री भगवान दास से संपत्ति नंबर E-18, जिसका क्षेत्रफल 100 वर्ग गज है, खातेदार नंबर 2/34/2, राधे पुरी, खुज़ी खास, शाहदरा, दिल्ली-110051 स्थित, की तृतीय मंजिल एवं छत के अधिकार खरीदने का इरादा रखती हैं। संपत्ति के मूल मालिक श्री अमरनाथ कोहली थे, जिन्होंने उक्त संपत्ति को M/s International Land & Finance Ltd. से दिनांक 19.05.1959 के बिक्री विलेख के माध्यम से खरीदा था। दुर्भाग्यवश, श्री अमरनाथ कोहली का 12.12.1986 को निधन हो गया और वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को छोड़ गए: श्री जुगल किशोर (पुत्र), श्री नरेंद्र कुमार (पुत्र), श्री राजेश कुमार (पुत्र), श्री अजय कुमार (पुत्र), श्री सुनील कुमार (पुत्र), श्रीमती कंचन (पुत्री), सुश्री पूनम (पुत्री), सुश्री रीता (पुत्री) और श्रीमती शकुंतला (पत्नी)। इसके उपरांत, सभी कानूनी उत्तराधिकारियों—श्री जुगल किशोर, श्री नरेंद्र कुमार, श्री राजेश कुमार, श्री अजय कुमार, श्री सुनील कुमार, श्रीमती कंचन, सुश्री पूनम और सुश्री रीता—ने 01.10.1986 के परित्याग विलेख के माध्यम से अपने-अपने हिस्से अपनी माता श्रीमती शकुंतला के पक्ष में त्याग दिए। बाद में, श्रीमती शकुंतला ने दिनांक 25.10.1996 को एक वसीयत निष्पादित की, जिसमें उन्होंने श्री राजेश कोहली, श्री अजय कोहली और श्री सुनील कोहली को नामित किया। श्रीमती शकुंतला कोहली का 18.06.2010 को निधन हो गया। इसके पश्चात, दिनांक 26.08.2015 के पारिवारिक समझौते के माध्यम से संपत्ति का विभाजन श्री राजेश कोहली (प्रथम पक्ष), श्री सुनील कोहली (द्वितीय पक्ष) और श्री अजय कोहली (तृतीय पक्ष) के बीच किया गया, जिसमें प्रथम पक्ष श्री राजेश कोहली को प्लॉट नंबर E-29, द्वितीय पक्ष श्री सुनील कोहली को प्लॉट नंबर श्व-17 (100 वर्ग गज) तथा तृतीय पक्ष श्री अजय कोहली को प्लॉट नंबर E-18 (100 वर्ग गज) आवंटित किया गया। तत्पश्चात, श्री अजय कोहली ने उक्त संपत्ति को बिक्री विलेख दिनांक 19.09.2024 के माध्यम से श्री विशाल अरोड़ा एवं श्री भगवान दास को बेच दिया। परिणामस्वरूप, श्री विशाल अरोड़ा और श्री भगवान दास अब उक्त संपत्ति के पूर्ण एवं वैध स्वामी हैं। यह पुष्टि की जाती है कि संपत्ति किसी भी प्रकार के वाद-विवाद, भार, बंधक, देयता या दावे से मुक्त है। कृपया अवगत रहें कि वर्तमान में यह संपत्ति आरबीएल बैंक लिमिटेड (RBL Bank Ltd), शाखा—ओखला, नई दिल्ली के द्वारा वित्तपोषित (financed) द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल सुश्री अलीशा परवीन, पुत्री श्री अनवर खान, निवासी 375 पोस्ट मास्टर गली ढांढन मोहल्ला बदरपुर, दक्षिणी दिल्ली नई दिल्ली 110044 (यूआईडी संख्या (7475 8595 5341) मेरी मुवक्किल ने अपना धर्म मुस्लिम से हिंदू में बदल लिया है और हिंदू धर्म अपना लिया है और अपना नाम भी अलीशा के रूप में बदल लिया है। अपनी मर्जी से बिना किसी दबाव के । वह जन्म से मुस्लिम है अब उसने श्री आकाश पुत्र प्रेम पाल निवासी ए1/505 जेजे कॉलोनी मदनपुर खादर, सरिता विहार, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली 110076 यूआईडी संख्या (5019 3506 8849) से दिनांक 21 नवंबर 2025 को हिंदू रीति-रिवाजों और संस्कार के अनुसार आर्य समाज मंदिर, नई दिल्ली में विवाह कर लिया है। दोनों पक्ष के परिवार के सदस्य उनके रिश्ते के बारे में जानते थे।

**JAY KUMAR(ADVOCATE)**
High Court & District Court of Delhi.
Ch. No.969 Patiala House Court
New Delhi 110002

**NAME CHANGE**

I, GITA DEVI Mother of No-4283316L Rank-HAV Name-JAY PRAKASH SINGH residing at VILL-LODIPUR, PO-BEAPUR, DIST-PATNA, BIHAR-801503, have changed my name from GITA DEVI to GEETA for all future purposes vide Affidavit dated 24/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, DARBARI RAY Father of No-4283316L Rank-HAV Name-JAY PRAKASH SINGH residing at VILL-LODIPUR, PO-BEAPUR, DIST-PATNA, BIHAR-801503, have changed my name from DARBARI RAY to DARBARI SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 24/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, CHAUDHARY MEENABEN wife of NO-14660110M Rank-NK Name-PATEL RAMESHBHAI KHEMABHAI R/O VILL- JORAWARGADH, PO-UCHOSAN, TEHSIL-SUIGAM, DIST-BANASKANTH, GUJARAT-385320 have changed my name from CHAUDHARY MEENABEN to PATEL MEENABEN RAMESHBHAI for all future purposes vide Affidavit Dated 26/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I SHABI HASAN S/O CHAND MUKADAM R/O H.NO. 721 STREET NO-7 OLD MUSTAFABAD DELHI - 110094, I have changed my name to SHABE HASAN Permanently all per purpose

**NAME CHANGE**

I, ZULFIQAR S/O ABDUL RASHID R/O HOUSE NO. 542 GALI HAKIM JI WALI CHOORIWALAN JAMA MASJID DELHI-110006, HAVE CHANGED MY NAME FROM ZULFIQAR TO ZULFIKAR KHAN FOR ALL PURPOSES.

**NAME CHANGE**

I, SALIMUDDIN S/O DEEN MOHAMMAD R/O HOUSE NO. W-8 DDA FLATS TURKMAN GATE DELHI-110006, HAVE CHANGED MY NAME TO SALEEM FOR ALL PURPOSES.


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **छतर सिंह पुत्र नानक चंद पताः गांव पावी सादक पुर लोनी यूपी ने एफआईआर संख्या 899/2006 धारा 420/506/34 भा.द.स. के तहत** थानाः गोकूलपुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **छतर सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **छतर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 899/2006 धारा 420/506/34 भा.द.स. के तहत थाना गोकुलपुरी, दिल्ली के उक्त छतर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रुति सारस्वत
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
नार्थ जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15842/NE/2025


**कौमी पत्रिका**

संपादक–गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए–4/ए–144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## रेवाड़ी में नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर दी जान

एजेंसी
**रेवाड़ी।** जिले के धारूहेड़ा कस्बा के सेक्टर छह में किराये के मकान में रहने वाली एक नाबालिग लड़की ने कमरे में पंखे के हुक में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजन को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार बिहार के मोतिहारी जिले के गांव बेलवा रागनियां के रहने वाले अखिलेश वर्तमान में कस्बे के सेक्टर छह में किराए के मकान में रहता है। वह इलेक्ट्रिशियन का काम करता था जबकि उसकी पत्नी सब्जी की रेहड़ी लगाती है। सोमवार रात जब पति-पत्नी घर लौटे तो उनकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी पंखे के फंदे पर लटकी हुई थी।स्वजन ने उसे फंदे से उतार कर निजी अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां सोमवार देर रात को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। स्वजन ने बताया कि वह आठवीं कक्षा की छात्रा थी लेकिन कुछ महीना पहले उसकी पढ़ाई बीच में ही छुड़वा दी गई थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान थी। धारूहेड़ा थाना प्रभारी करमीर सिंह ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है। पुलिस जांच में जुटी है।

## गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय को रैंकिंग मिलना कुलपति के नेतृत्व का परिणाम : चरणदास अठवाल

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय गैर शिक्षक संघ ने विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी-एशिया रैंकिंग-2026 में एशिया में 1001-1100वीं रैंकिंग मिलने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह सब कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के मार्गदर्शन में यहां के शिक्षकों व गैर शिक्षकों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के परिणामस्वरूप हुआ है। गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान चरणदास अठवाल ने कहा कि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के नेतृत्व में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार लगातार उत्कृष्टता हासिल कर करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत बना रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा उत्कृष्टता के सबसे सम्मानित वैश्विक मानदंडों में से एक, प्रतिष्ठित क्यूएस एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग में पहली बार क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी-एशिया रैंकिंग 2026 में एशिया में 1001-1100वीं रैंकिंग और दक्षिणी एशिया में 330वीं रैंकिंग प्राप्त करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। क्यूएस द्वारा सांझा की गई सूची मे गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय को भारत में 181वें स्थान पर रखा गया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में पहली बार स्थान पाना पूरे विश्वविद्यालय समुदाय के लिए गर्व का क्षण है।

## लुवास में प्रमोद कुमार सहायक कुलसचिव पद पर पदोन्नत

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), प्रमोद कुमार को सहायक कुलसचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है। कुलसचिव कार्यालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।प्रमोद कुमार वर्तमान में विश्वविद्यालय में प्रशासनिक-सह-लेखा अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने प्रमोद कुमार को शुभकामनाएं देते हुए मंगलवार को कहा कि मुझे आशा है की आप समर्पण भावना के साथ विश्वविद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे। लुवास गैर-शिक्षक संघ के प्रधान दयानंद सोनी ने यूनियन की ओर से कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा तथा कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका का इस पदोन्नति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय योग्य, परिश्रमी एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों को उचित सम्मान देने की विश्वविद्यालय प्रशासन की सकारात्मक सोच को दर्शाता है।

## नौंवी पातशाही गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी गुरुपर्व श्रद्धा से मनाया

**जींद।** नौंवी पातशाही गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी गुरूपर्व मंगलवार को ऐतिहासिक गुरूद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में श्रद्धा से मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब में सबसे पहले रखे गए चौदह सहज पाठ सहित श्री गुरू ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का भोग डाला गया। तत्पश्चात गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान सजाया गया। जिसमें गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी भाई जसबीर सिंह रमदसिया के रागी जत्थे द्वारा निरोल गुरबाणी शब्द कीर्तन का गायन किया गया।गुरूघर प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार 1675 में दिल्ली के औरंगजेब के दरबार में उनसे धर्म बदलने का दबाव बनाया गया लेकिन उन्होंने अपने सिद्धांतों से पीछे हटने के बजाय पूरी दृढ़ता के साथ कहा कि धर्म छोडना नही, धर्म की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है। इसके बाद साजिश रची गई और उन्हें कैद किया गया। बाद में 24 नवंबर को उन्हें शहीद कर दिया गया। गुरु तेग बहादुर की कहानी सिख धर्म के नौवें गुरू, एक महान योद्धा और आध्यात्मिक नेता की है। जो धार्मिक स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए। वे औरंगजेब के शासनकाल में कश्मीरी पंडितों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ खड़े हुए। जब उन्हें जबरन इस्लाम कबूल करवाने का प्रयास किया गया तो उन्होंने सिर दिया पर सिर नहीं दिया का हवाला देते हुए धर्म और सम्मान की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। उनके इस बलिदान के कारण उन्हें हिंद की चादर भी कहा जाता है। भाई सतवीर सिंह ने अपने कथा प्रवचनों में गुरू तेग बहादुर साहिब की शहीदी का इतिहास सुनाया। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने गुरु तेग बहादुर साहिब की शहीदी को नमन करते हुए कहा कि हमें श्री गुरु तेग बहादुर जी की महान शिक्षाओं को सदैव याद रखना चाहिए।

# गांवों में सचिवालय से लेकर सीवरेज तक सभी कार्य तय समय सीमा में पूर्ण हों : मनोहर लाल

एजेंसी
**पानीपत।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार सुबह पानीपत के मतलौडा में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार के आवास पर छह गांवों के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में गांवों में चल रही उन्नति परियोजनाओं की प्रगति जानी गई और आने वाले समय में इन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मतलौडा, नौल्था, बराना, आसन, बापौली और चुकलाना गांव में ग्राम सचिवालय, पार्क एवं योगशाला, शिवधाम का विकास, फिरने की सड़कें व नाले, स्कूलों की स्थिति, स्ट्रीट लाइट, तालाब, सीवरेज सिस्टम और लाइब्रेरी जैसे महत्वपूर्ण कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं ग्रामीण उन्नति की रीढ़ हैं और इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने



चंडीगढ़ मुख्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों से भी सीधी बातचीत की और निर्देश दिया कि सभी विकास कार्य निश्चित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हों।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि इन परियोजनाओं की निगरानी के लिए सक्षम और जिम्मेदार व्यक्तियों की एक कमेटी बनाई गई है, जो जमीनी स्तर पर प्रगति पर नजर रख रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छह गांवों का यह उनका दूसरा दौरा है। पहले दौर में दिए गए निर्देशों के बाद अब दूसरी समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की देरी न हो। इस बैठक में हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को विकसित, सुविधासंपन्न और आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जी के मार्गदर्शन में चल रही ये योजनाएँ ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता को नई ऊंचाई देंगी। सभी विभाग समन्वय के साथ तेज़ी से काम कर रहे हैं और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर वादा धरातल पर दिखाई दे। इस मौके पर पूर्व करनाल लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद संजय भाटिया, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, सीईओ डॉ. किरण सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने निभाई पवित्र 'पालकी सेवा'

.एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर आयोजित श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में एक ऐतिहासिक और भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सिर पर उठा कर मुख्य मंच तक ले जाने की पवित्र 'पालकी सेवा' निभाई।पंज प्यारों की अगुवाई में 'जो बोले सो निहाल... सत श्री अकाल!' की गूँज के बीच संगत ने विनम्रता और भक्ति से भरे इस क्षण का स्वागत किया।



मुख्यमंत्री द्वारा निभाई गई यह सेवा सिख परंपरा में अत्यंत सम्मान और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है। संगत की उपस्थिति में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सम्मानपूर्वक दरबार हॉल में लाया गया और अरदास कर के विधिवत प्रकाश किया गया। इस दौरान पूरे परिसर में श्रद्धा, भक्ति और शांति का वातावरण बना रहा। शहीदी दिवस के मुख्य कार्यक्रम में कीर्तन, गुरबाणी पाठ, समागम, और गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान पर आधारित विशेष प्रस्तुतियाँ भी शामिल रहीं।

## गुरुग्राम में टेस्ला सेंटर शुरू होते ही मिलेगी बुक की गई कारों की डिलीवरी

एजेंसी
**गुरुग्राम।** अमेरिकी में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला का गुरुग्राम में पहला सेंटर शुरू होने जा रहा है। 27 नवंबर को गुरुग्राम के सेक्टर 48 स्थित ऑर्किड बिजनेस पार्क में भारत के पहले टेस्ला एक्सपीरियंस एंड सर्विस सेंटर का शुभारंभ होगा। कुछ दिन पहले टेस्ला की इलेक्ट्रिक कार को अमेरिका से लाकर यहां के एंबियंस मॉल में प्रदर्शित किया गया था। अब टेस्ला कंपनी अपना सेंटर शुरू करने जा रही है। टेस्ला कार के प्रति गुरुग्राम में काफी लोकप्रियता है। भारत के बाजार को टेस्ला काफी अहम मान रही है। इसलिए भारत में पदार्पण किया जा रहा है। टेस्ला कंपनी के वाई मॉडल की शुरुआती कीमत 59 लाख रुपए है। गुरुग्राम में बनाए गए टेस्ला सेंटर में कारों की डिलीवरी, मेंटेनेंस एवं चार्जिंग की सुविधा होगी। टेस्ला के इस सेंटर को तैयार करने में छह महीने लगे हैं। करीब 25,000 वर्ग फुट में यह सेंटर बनाया गया है। दो दिन बाद इस सेंटर का शुभारंभ होगा, इसके लिए अमेरिका से वाई मॉडल की कई कारें यहां पहुंच चुकी हैं। शुरू में टेस्ला कंपनी इसी मॉडल की कारों को ही भारत में बेचेगी। जिन ग्राहकों ने अभी तक कारों की बुकिंग करवाई है, माना जा रहा है कि सेंटर की ओपनिंग के दौरान ही उन ग्राहकों को कारों की डिलीवरी दी जाएगी। इस सेंटर में ग्राहकों के लिए टेस्ला कार की टेस्ट ड्राइव भी करवाई जाएगी।

टेस्ला की कारों को ऑन रोड सेवा, सुविधा देने के



लिए एनसीआर में मोबाइल सर्विस गाड़ियां भी सक्रिय रहेंगी। टेस्ला के मोबाइल सर्विस वैन भी गुरुग्राम-दिल्ली एनसीआर में तैनात रहेंगी। टेस्ला की ओर से शुरुआत में तो सार्वजनिक स्थानों पर कोई चार्जिंग स्टेशन नहीं बनाया गया है।

# पेंशन लाभ पाने को 15 साल का निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य

एजेंसी
**पलवल।** सल्लागढ़ निवासी एक बुजुर्ग को 15 वर्ष पुराना निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध न होने के चलते बुढ़ापा पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया। जिला प्रशासन द्वारा जांच में पाया गया कि आवेदक की हरियाणा में निवास अवधि निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं है, जिसके चलते उनका आवेदन खारिज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामबाबू मूल रूप से जिला एटा (उत्तर प्रदेश) के निवासी हैं। वह कुछ वर्ष पहले पलवल में आकर रहने लगे हैं, लेकिन सरकारी अभिलेखों के अनुसार उनकी हरियाणा में निवास अवधि 15 वर्ष पूर्ण नहीं हुई है। ऐसे में बुढ़ापा पेंशन योजना के लिए पात्रता नियम पूरे नहीं होते।

डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार की पेंशन



योजनाओं में पारदर्शिता और पात्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसके लिए निवास अवधि सहित आयु, आय सीमा व अन्य मापदंडों की कड़ाई से जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि नियम पूरे न होने की स्थिति में किसी भी व्यक्ति को योजना का लाभ प्रदान करना संभव नहीं है। डीसी ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में आवेदक निर्धारित 15 वर्ष की निवास अवधि पूर्ण कर लेते हैं अथवा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर देते हैं, तो उनका आवेदन पात्रता अनुसार पुनः स्वीकार किया जाएगा।डॉ. वशिष्ठ ने सभी नागरिकों से अपील की कि किसी भी पेंशन या सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें। शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मापदंडों का पालन करें ।

# नायब सैनी सरकार में बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : बड़ौली

एजेंसी
**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर यूनिटी मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा कार्यालय सोनीपत से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुजरात में होने वाली यूनिटी मार्च यात्रा के लिए युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में 58 सदस्य दल को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री योगेश जठेडी, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप यादव,यात्रा के संयोजक जयदेव नौल्था, सह-संयोजक कुशल ठाकुर, सुनील कपूर, प्रीत जैलदार व सभी जिलों के जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में यह यात्रा जयपुर पहुंचेगी जहां से यह पुष्कर, माउंट आबू से होते हुए करमसद गुजरात पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि करमसद में देश के प्रत्येक जिले से आए हुए युवा एकत्रित होकर राष्ट्रीय



एकता का संदेश देते हुए दो दिवसीय पैदल यात्रा करेंगे और केवड़िया स्थित स्टैचू ऑफ यूनिटी पर पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। बड़ौली ने कहा कि इस यात्रा के दौरान अनेक सांस्कृतिक गतिविधियां रहेगी जिसमें कालेज संपर्क, योग अभ्यास, पौधा रोपण एवं सम्मान समारोह सम्मिलित रहेगा। इस यात्रा में सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री भी शिरकत करेंगे। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे प्रदेश में एकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इन यात्राओं का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति गर्व की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन-भागीदारी पर आधारित विकसित भारत के संकल्प से प्रेरित है। बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार राष्ट्र प्रथम की अवधारणा पर कार्य करती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के नागरिकों के हित में समान भाव से कार्य हो रहे हैं। विकास की दृष्टि से देश पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार में जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार में हर गरीब को पक्का घर, स्वच्छ जल सहित बिजली, पानी, राशन सहित सभी सुविधाएं मिल रही हैं। गरीब कल्याण की योजनाओं के माध्यम से हर जरूरतमंद की आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य हरियाणा की नायब सैनी सरकार रही है। बड़ौली ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भरता से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि हमें देश व हरियाणा को विकसित बनाने के लिए अपने देश में ही बनी वस्तुओं का प्रयोग करना होगा।

# ऑनर किलिंग आरोपियों की हथकड़ी लगा रोहतक के बाजार में करवाई परेड

एजेंसी
**रोहतक।** रोहतक के गांव काहनी में अपनी बहन की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी सहित चारों आरोपियों की पुलिस ने बाजार में परेड करवाई, इस दौरान आरोपियों के हाथों में हथकडियां लगी हुई थी और उनके पैर पर पलास्टर बंधा हुआ था। आरोपियों की पुलिस के साथ चार दिन पहले मुठभेड हो गई थी, जिसमें चारों को गोली लगी थी। पुलिस ने चारों आरोपियां को अदालत में पेश किया और पांच दिन का रिमांड मांगा। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

गांव काहनी निवासी सपना हत्याकांड में गिरफ्तार भाई संजू सहित चारों आरोपियों को साथ लेकर सदर पुलिस सुखपुरा बाजार में उनकी परेड़ करवाई। इस दौरान आरोपी लंगडाते हुए चल रहे थे, उनके पैर में गोली लगने की वजह से उनके पैर पर पलास्टर लगा हुआ था।

सदर थाना प्रभारी सरेंद्र सिंह ने बताया कि अपराधी जनता में खौफ बनाते है, इसलिए उनकी परेड करवाई, ताकि लोगों में डर न रहें। 19 नवंबर को गांव काहनी निवासी सपना की उसके भाई संजू ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी और सपना के देवर को भी गोली मारी थी, जिसका पीजीआई में ईलाज चल रहा है। सदर पुलिस ने इस मामले में आंकित, गौरव, संजू व राहुल को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# मोरिंगा गुणों पर पर्यावर्णीय प्रभावों का शोध जरूरी : प्रो. बीआर कम्बोज

एजेंसी
**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्पार्क के अंतर्गत 'मोरिंगा की वृद्धि, बीज गुणवत्ता, एंटीऑक्सीडेंट और टैनिन गुणों पर पर्यावरणीय प्रभावों की समझ' पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज कार्यशाला में मुख्य अतिथि रहे जबकि 'स्पार्क' के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. रबीब्रत मुखर्जी विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। 14 दिवसीय इस कार्यशाला में सात राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के विद्यार्थी भाग ले रहें है।कुलपति प्रो. कम्बोज ने मंगलवार को अपने संबोधन में कहा कि तापमान आर्द्रता वर्षा और मिट्टी के प्रकार जैसे पर्यावरणीय कारक मोरिंगा की वृद्धि दर, फूलन, फलन और बीज गुणवत्ता को सीधे प्रभावित करते हैं। मोरिंगा के गुणों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के कारण इसके औषधीय गुणों पर पड़ने वाले प्रभावों पर शोध अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य में मोरिंगा जैसे पौधों का अध्ययन भविष्य की



टिकाऊ कृषि पोषण सुरक्षा और प्राकृतिक स्वास्थ्य उत्पादन उद्योगों के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉ. रबीब्रत मुखर्जी ने बताया कि जलवायु परिवर्तन एवं मौसम में हो रहे बदलाव के कारण मोरिंगा के बीज तथा पत्तियों में टैनिन और एंटीऑक्सीडेंट प्रोपर्टीज पर पड़ने वाले प्रभाव पर रिसर्च किया जाएगा। इसी कड़ी में हकृवि में भी मोरिंगा फसल पर विभिन्न प्रकार के शोध कार्य जारी हैं। उन्होंने मोरिंगा प्रोजेक्ट को लेकर स्पार्क द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कार्यशाला में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि मोरिंगा को 'ड्रमस्टिक' या सहजन के नाम से भी जाना जाता है। यह एक उष्णकटिबंधीय पेड़ है व भारत और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इसकी खेती होती है। इसके पेड़ का हर हिस्सा स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने कार्यशाला में सभी का धन्यवाद किया।

## जींद पुलिस का दावा,कम हुई साइबर अपराध की घटनाएं

एजेंसी
**जींद।** साइबर जागरूकता का असर जींद में देखने को मिल रहा है। वर्ष 2025 में अबतक 95 लोग साइबर ठगों का शिकार होने से बच गए हैं तथा करीब एक करोड़ 19 लाख रुपये कि राशी बचाने में सफल हुए हैं। जिला जींद में वर्ष 2024 के मुकाबले 2025 में साइबर क्राइम के मामले कम हुए हैं। वर्ष 2024 कुल 3617 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जबकि वर्ष 2025 में 2744 प्राप्त हुई हैं। इसी प्रकार वर्ष 2024 में कुल 127 मुकद्मे दर्ज हुए जबकि 2025 में कुल 105 मुकद्मे दर्ज हुए, वर्ष 2024 में गिरफ्तार किए गए 50 साईबर अभियुक्तों से 9,54,500 रुपये की राशि रिक्वर कि गई थी जबकि इस वर्ष अब तक 81 अभियुक्तों को गिरफ्तार करके 30,86,840 रुपये बरामद किए जा चुके हैं। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि असली पुलिस वहाट्सपकॉल करने कि बजाय फिजिकल जांच करती है। इसी बात का पता होने के कारण महिला साइबर गैंग कि साजिश का शिकार होने से बच पाई। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले जिले की एक महिला को अचानक वहाट्सअप पर वीडियो कॉल आया। स्क्रीन पर पुलिस की वर्दी, सील लगी फाइलें और गंभीर आवाज में साइबर ठग ने कहा कि आपके नाम पर गैरकानूनी गतिविधियों में इस्तेमाल सिम कार्ड मिला है। आप पर केस दर्ज है। आपको डिजिटल गिरफ्त में रखा जाएगा। भ्रम, डर और मानसिक दबाव के चलते महिला लगभग धोखे के जाल में फंस चुकी थी लेकिन तभी उसे याद आया कि असली पुलिस तो फिजकल जांच करती है। उन्होंने बताया कि साइबर ठगों ने पुलिस अधिकारी जैसी पहचान बना कर फर्जी नोटिस, लुकआउट और गिरफ्तारी वारंट, अधिकतर वहॉट्सअप कॉल के माध्यम से लोगों को डराकर पैसे ठगने का नया तरीका निकाला है। महिला ने पुलिस जागरुकता अभियान कि सराहना करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा चलाए गए जागरण अभियान के कारण ही ठगी का शिकार होने से बच पाई।

# साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा साधन है सतर्कता: एसीपी मोर

एजेंसी
**सोनीपत।** पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह आदेश पर सहायक पुलिस आयुक्त राजदीप मोर के नेतृत्व में थाना साइबर सोनीपत द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जन-जागरूक अभियान चलाया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त राजदीप मोर ने कहा साइबर ठगी से बचनेका सबसे बड़ा साधन सतर्कता है।इस अभियान में निरीक्षक बसंत कुमार, उप निरीक्षक कृष्ण, सहायक उप निरीक्षक जोगिंदर, मुख्य सिपाही चांद और मुख्य सिपाही प्रदीप की टीम ने सेक्टर 23 मार्केट में लोगों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक कृष्ण ने बताया कि इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़े हैं।

अनजान कॉल या संदेश पर विश्वास करना, जानकारी साझा करना और घबराहट मेंनिर्णय लेना लोगों को ठगों का आसान निशाना बना देता है। हाल ही में डिजिटल गिरफ्तारी नामक ठगी तकनीक तेजी से बढ़ी है, जिसमें ठग वॉट्सएप वीडियो कॉल पर स्वयं को पुलिस याकिसी सरकारी अधिकारी के रूप



में दिखाकर पीड़ित को भयभीत करते हैं और धन की मांग करते हैं। उन्होंने बताया कि वॉट्सएप सेटिंग्स में बदलाव कर अनजान नंबरसे वीडियो कॉल को सीमित किया जा सकता है। टीम ने नागरिकों को साइबर सुरक्षा के लिए पांच मुख्य सावधानियाँ बताई कि अनजान कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। बैंक/यूपीआई खाते पर मजबूत पासवर्ड और सुरक्षा लगाएं। कॉलर की पहचान सत्यापित किए बिना किसी पर विश्वास न करें।

# हरियाणा में जान जोखिम में डालकर प्रैक्टिस कर रहे हैं खिलाड़ी : कुमारी सैलजा

एजेंसी
**चंडीगढ़।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि रोहतक के लालचौपड़ा स्थित खेल परिसर में अभ्यास के दौरान बास्केटबॉल का भारी पोल गिरने से 17 वर्षीय राष्ट्रीय स्तर के उभरते खिलाड़ी हार्दिक राठी की मौत अत्यंत हृदय विदारक घटना है। उन्होंने कहा कि हार्दिक जैसे प्रतिभाशाली युवा की असमय मृत्यु पूरे प्रदेश के लिए बड़ी क्षति है। परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह पीड़ा शब्दों में बयान नहीं की जा सकती। यदि मेंटेनेंस या निगरानी में कहीं भी लापरवाही हुई है तो संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि यह हादसा केवल एक दुर्घटना भर नहीं है, बल्कि यह प्रदेश में खेल अधोसंरचना और सुरक्षा व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति पर गंभीर प्रश्न उठाता है। समय पर रखरखाव, उपकरणों की जांच और निगरानी की कमी ने खिलाड़ियों की सुरक्षा को जोखिम में डाल दिया है। सरकार और खेल विभाग की यह जिम्मेदारी है कि खिलाड़ी सुरक्षित वातावरण में प्रशिक्षण ले सकें, लेकिन हाल के वर्षों में स्टेडियमों के रखरखाव में निरंतर लापरवाही देखने को मिल रही है। सांसद ने कहा कि चिंताजनक बात यह है कि जो प्रदेश मात्र 2 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद देश के 33 प्रतिशत से अधिक ओलंपिक, एशियाई और कॉमनवेल्थ गेम्स के मेडल जीतता हो, वहां खेल सुविधाओं का जर्जर होना बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह स्थिति केवल रोहतक तक सीमित नहीं है। सिरसा जिले में स्थित चौधरी दलबीर सिंह इंडोर स्टेडियम की हालत लंबे समय से बेहद खराब बनी हुई है। उपकरणों की खराबी, टूटी-फूटी बुनियादी सुविधाएं और अव्यवस्थित रखरखाव खिलाड़ी-हितों के बिल्कुल विपरीत है। इसी तरह शहीद भगत सिंह स्टेडियम, सिरसा का दौड़ ट्रैक और ग्राउंड उपेक्षा के चलते बुरी तरह नुकसान में है। डबवाली का खेल स्टेडियम भी वर्षों से मरम्मत और उन्नयन की प्रतीक्षा कर रहा है। इन सभी स्थानों की स्थिति यह साबित करती है कि प्रदेश में खेल सुविधाओं के रखरखाव को लेकर गंभीरता नहीं बरती जा रही।

## एप्पल ने सेल्स टीम में बड़े पैमाने पर छंटनी की

**सरकारी और बड़े बिजनेस अकाउंट प्रभावित**



**नई दिल्ली** एप्पल इंक ने अपनी सेल्स टीम में एक और बड़े राउंड की छंटनी की है, जिसमें दर्जनों कर्मचारियों की नौकरी गई है। कंपनी का कहना है कि यह कदम बिजनेस, स्कूल और सरकारी ग्राहकों तक प्रोडक्ट पहुँचाने की प्रक्रिया को सरल बनाने और कस्टमर जुड़ाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। एप्पल अपनी जॉब्स वेबसाइट पर अभी भी कई सेल्स रोल के लिए भर्ती कर रहा है और प्रभावित कर्मचारियों को नई पोजीशन के लिए अप्लाई करने का अवसर दिया गया है। छंटनी का असर बड़े बिजनेस, स्कूल और सरकारी एजेंसियों के अकाउंट मैनेजर्स पर पड़ा है। इसके अलावा, वे स्टाफ भी प्रभावित हुए हैं जो बड़े कस्टमर्स के लिए इंस्टीट्यूशनल मीटिंग और प्रोडक्ट डेमोंस्ट्रेशन के लिए एप्पल के ब्रीफिंग सेंटर चलाते हैं। छंटनी में शामिल कई कर्मचारी लंबे समय से कंपनी में हैं, कुछ 20 या 30 साल से एप्पल के साथ जुड़े रहे। कुछ हफ्ते पहले ही ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में लगभग 20 सेल्स रोल खत्म किए गए थे। ताजा राउंड में विशेष रूप से अमेरिकी सरकारी एजेंसियों, जैसे रक्षा विभाग और जस्टिस डिपार्टमेंट के साथ काम करने वाली टीम को लक्षित किया गया।

# एचपी अगले 3 सालों में करेगी 6000 नौकरियों की कटौती

**फरवरी में एचपी पहले ही 1000-2000 नौकरी कम करने की योजना बना चुकी थी**

**नई दिल्ली**

अमेरिकी टेक दिग्गज एचपी ने घोषणा की है कि कंपनी अगले 2025 से 2028 तक 6000 नौकरियों में कटौती करेगी। कुल वर्कफोर्स लगभग 60,000 है, यानी करीब 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी होगी। फरवरी 2025 में एचपी पहले ही 1000-2000 नौकरियों को कम करने की योजना बना चुकी थी, और यह नई छंटनी उसी का बड़ा हिस्सा है।

ज्यादातर कटौती प्रोडक्ट डेवलपमेंट, कस्टमर सपोर्ट और अंदरूनी कामकाज में होगी। एचपी का कहना है कि यह कदम कंपनी को 3 साल में 1 बिलियन डॉलर (लगभग 8300 करोड़ रुपये) बचाने में मदद करेगा। कंपनी अब एआई आधारित तकनीक पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अब नए पर्सनल कंप्यूटर 30 फीसदी से अधिक एआई वाले हैं और ग्राहक स्मार्ट मशीनों की ओर बढ़ रहे हैं। एआई चलाने के लिए जरूरी चिप्स की कीमतें बढ़ रही हैं। एचपी का कहना है कि 2026 की दूसरी छमाही तक महंगाई और बढ़ सकती है। फिलहाल उनके पास छह महीने का पर्याप्त स्टॉक है। कंपनी सस्ते सप्लायर ढूंढ रही है और कंप्यूटर की कीमतें थोड़ा बढ़ाएगी।



## चीन के कॉपर प्रतिबंध से वेदांता और हिंदुस्तान कापर के शेयरों में तेजी



**नई दिल्ली** वेदांता के शेयर ने बुधवार को मजबूत शुरुआत की। स्टॉक पिछले बंद 504 रुपए के मुकाबले 507 रुपए पर खुला और जल्दी ही 512 रुपए के पार पहुंच गया। विशेषज्ञों का कहना है कि कॉपर मार्केट में आए अचानक झटके ने भारतीय मेटल स्टॉक्स को मजबूती दी। चीन ने पर्यावरण नियमों और ओवरकैपेसिटी की चिंताओं के चलते लगभग 2 मिलियन मेट्रिक टन कॉपर स्मेल्टिंग क्षमता को तुरंत प्रभाव से रोक दिया। इसके साथ ही नए स्मेल्टिंग प्रोजेक्ट्स पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। चीन दुनिया का सबसे बड़ा कॉपर उपभोक्ता और प्रोसेसर है, इसलिए इसका असर सीधे ग्लोबल सप्लाई और कीमतों पर पड़ेगा। हिंदुस्तान कॉपर और वेदांता जैसे स्टॉक्स तुरंत फोकस में आए। सप्लाई घटने की वजह से कीमतें बढ़ने की संभावना है, जिससे भारतीय मेटल शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है।

## ओला इलेक्ट्रिक की वित्तीय मुसीबतें बढ़ीं, ओला शक्ति से सुधार की उम्मीद



**आमदनी में 43 फीसदी और बिक्री में 47 फीसदी की गिरावट आई**

**नई दिल्ली** ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ पिछले साल बहुत सफल रहा था, लेकिन अब कंपनी के हालात चिंता जनक है। तिमाही रिपोर्ट के अनुसार आमदनी में 43 फीसदी और बिक्री में 47 फीसदी की गिरावट आई है। मार्च 2025 में कंपनी के पास 480 करोड़ रुपए नकदी थी, जो सितंबर तक घटकर सिर्फ 160 करोड़ रुपए रह गई। मार्च 2026 तक 550 करोड़ रुपए और अगले साल 620 करोड़ रुपए का कर्ज चुकाना है। कंपनी नए निवेशकों से 1,500 करोड़ जुटाने में असफल रही और बोर्ड द्वारा मंजूर 1,700 करोड़ रुपए का कर्ज भी नहीं मिल पाया। कई निवेशक अब ओला में निवेश से साफ मना कर चुके हैं। कोटक सिक्यो रिटी ने ओला के शेयर पर सेल रे टिंग दी और चेतावनी दी कि अगर बिक्री में सुधार नहीं हुआ, तो हालात और खराब होंगे। कंपनी ने घरों और छोटी दुकानों के लिए नया बैटरी बैकअप सिस्टम ओला शे क्ति लॉन्च किया है, जिसकी कीमत 1.20-1.25 लाख रुपए है। कंपनी उम्मीद कर रही है कि आने वाले महीनों में इस प्रोडक्ट से 100 करोड़ रुपए की कमाई हो सकती है और साल 2027 तक यह बिजनेस 1,000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

## एक्सेलसॉफ्ट टेक के आईपीओ की जोरदार शुरुआत




**शेयर 12.5 प्रतिशत चढ़कर बाजार में सूचीबद्ध हुआ**

**नई दिल्ली** सॉफ्टवेयर समाधान प्रदाता एक्सेलसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर बुधवार को अपने निर्गम मूल्य 120 रुपए के मुकाबले 12.5 प्रतिशत उछाल के साथ 135 पर सूचीबद्ध हुआ। सूचीबद्ध होने के बाद भी शेयरों में तेजी जारी रही और बीएसई पर यह 142.65 रुपए तक पहुंच गया, जो निर्गम मूल्य से 18.87 प्रतिशत अधिक है। सुबह के कारोबार में कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,600.25 करोड़ रुपए रहा। कंपनी के 500 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए निवेशकों ने जोरदार प्रतिक्रिया दी थी। बोली के अंतिम दिन आईपीओ को 43.19 गुना अभिदान मिला, जो उत्साहजनक मांग को दर्शाता है। आईपीओ में 180 करोड़ रुपये के नए शेयर और 320 करोड़ रुपये के मौजूदा शेयरों की पेशकश की गई थी। इसके लिए 114-120 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था। एक्सेलसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज सीखने और आकलन से जुड़े बाजारों के लिए तकनीकी समाधान प्रदान करती है। 20 वर्षों से अधिक पुराने परिचालन में कंपनी ने वैश्विक स्तर पर कई प्रमुख संस्थानों के साथ दीर्घकालिक अनुबंध किए हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 1,022 , निफ्टी 320 अंक उछला**

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आयी है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाल बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मुख्य सूचकांक सेंसेक्स 1,022.50 अंक बढ़कर 85,609.51 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 320.50 अंक बढ़कर 26,205.30 पर बंद हुआ। आज दौरान कारोबारी सत्र में जबरदस्त तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 763.70 अंक बढ़कर 61,061.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 241.55 अंक उछलकर 17,971.85 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, सन फार्मा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी और एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स के शेयर गिरे हालांकि सभी सेक्टर्स में तेजी देखी गई। आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, कमोडिटीज, पीएसई और ऑयल एवं गैस में सबसे अधिक बढ़त रही

व्यापक बाजार में भी काफी तेजी देखी गई। बीएसई पर 2,802 शेयर हरे निशान में जबकि 1,369 शेयर लाल निशान में और 154 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। बाजार जानकारों ने कहा कि घरेलू बाजारों में आज अच्छी बढ़त रही। इसका कारण वैश्विक बाजारों से अच्छे संकेत और फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती की संभावना का समर्थन रहा है। इसके अलावा, कच्चे तेल में एक फीसदी की गिरावट से भी प्रभाव पड़ा।




इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। अमेरिकी और एशियाई बाजारों में आई तेजी से सेंसेक्स सुबह 270.35 अंक की बढ़त के साथ 84,857.36 पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 84.25 अंक की बढ़त के साथ 25,969 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक स्तर पर, एशियाई बाजारों में तेजी लगातार तीसरे सत्र भी जारी रही। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से निवेशकों के आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया। जापान का निक्केई और दक्षिण कोरिया का कोस्पी लगभग 2 फीसदी की मजबूती के साथ प्रमुख एशियाई इंडेक्सों में सबसे आगे रहे। उधर, अमेरिकी शेयर बाजारों में वॉल स्ट्रीट भी बढ़त के साथ बंद हुआ। एसएंडपी 500 और नैस्डैक क्रमशः 0.91 और 0.67 फीसदी ऊपर बंद हुए।

## जेन टेक्नोलॉजीज को रक्षा मंत्रालय से 108 करोड़ का नया ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली** जेन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रक्षा मंत्रालय से टैंक क्रू गनरी ट्रेनिंग सिमुलेटर बनाने का 108 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने कहा कि डिलीवरी एक साल के अंदर पूरी कर सकती है, जबकि मंत्रालय ने कुल काम पूरा करने के लिए 24 महीने का समय दिया है। यह ऑर्डर हाल के नियमों के तहत भारतीय तकनीक को प्राथमिकता देने के कारण मिला है। इससे पहले कंपनी को दो बड़े ऑर्डर मिले थे, जिनकी कुल वैल्यू 289 करोड़ रुपये थी। ये ऑर्डर कंपनी के एंटी-ड्रोन सिस्टम के अपग्रेड के लिए थे, जो सेना की फीडबैक और बदलते खतरे के अनुसार बनाए गए। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के शेयर 1.08 फीसदी बढ़कर 1,397.30 रुपये पर बंद हुए। कंपनी का मुनाफा 59.40 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 5.22 फीसदी कम है। बिक्री 173.57 करोड़ रुपये रही, जो 28.23 फीसदी गिरावट दर्शाती है।

# वित्त मंत्री ने सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक राजकाज पर दिया जोर

**निर्मला सीतारमण ने कहा, यह कदम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण**

**नई दिल्ली**

वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकारी कार्यप्रणाली को सरल, पारदर्शी और लोगों के लिए सुविधाजनक बनाना आवश्यक है। उन्होंने यह बात कंपनी पंजीयकों और क्षेत्रीय निदेशालयों के कामकाज की समीक्षा करते हुए कही। मंत्री ने कहा कि यह कदम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण है। उनका मानना है कि प्रक्रियाओं की सरलता और व्यवस्था में पारदर्शिता आम जनता के लिए सरकारी सेवाओं को सुलभ बनाएगी। सीतारमण ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) जैसे कानूनी सुधारों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत बदलते समय के साथ कदम मिला रहा है। उन्होंने कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए लाइव डैशबोर्ड बनाने का सुझाव दिया। इसका उद्देश्य जनता तक कानूनी जरूरतों की जानकारी प्रभावी और समय पर पहुंचाना है। मंत्री ने जोर दिया कि मंत्रालय को सभी हितधारकों को समय पर सेवाएं उपलब्ध करानी चाहिए। उन्होंने कंपनी पंजीयकों और क्षेत्रीय निदेशालयों के साथ विस्तार से चर्चा की। इसमें फॉर्म प्रसंस्करण, तेज गति से विलय, कंपनी और एलएलपी के पंजीकरण या स्वैच्छिक बंदी, ई-गवर्नेंस, जांच-पड़ताल, अभियोजन और अपील की प्रक्रिया जैसे विषय शामिल थे। निर्मला सीतारमण ने कहा कि मंत्रालय ने कंपनी अधिनियम और नियमों में समय-समय पर आवश्यक संशोधन किए हैं।



## डिजिटल कनेक्शन आंध्र प्रदेश में डेटा सेंटर की स्थापना करेगी

**5 वर्षों में 400 एकड़ में विकसित होंगे गीगावॉट क्षमता वाले आधुनिक डेटा सेंटर**



**नई दिल्ली** डिजिटल कनेक्शन, ब्रुकफील्ड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अमेरिकी डिजिटल रियल्टी का संयुक्त उद्यम, आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 2030 तक 11 अरब डॉलर (लगभग 98,000 करोड़ रुपये) निवेश कर गीगावॉट क्षमता वाले डेटा सेंटर स्थापित करेगा। कंपनी ने आंध्र प्रदेश आर्थिक विकास बोर्ड के साथ इस परियोजना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। डेटा सेंटर अगले पांच वर्षों में करीब 400 एकड़ क्षेत्र में स्थापित होंगे और उन्नत एआई कार्यभार के लिए डिजाइन किए जाएंगे। इनमें मजबूत सबस्टेशन, दोहरी बिजली फीड और उच्च कंप्यूटिंग क्षमता जैसी सुविधाएं होंगी। इस निवेश से आंध्र प्रदेश डिजिटल नवाचार और एआई उद्योग में तेजी से आगे बढ़ेगा। गूगल भी हाल ही में राज्य में 15 अरब डॉलर के एआई हब और डेटा सेंटर निवेश की घोषणा कर चुका है।

# भारत में दूध की खपत में बदलाव, पर परंपरा बरकरार: रिपोर्ट

**हर 10 में से 7 भारतीय अब भी नियमित रूप से दूध का कर रहे सेवन**

**नई दिल्ली**

हालिया अध्ययन के अनुसार, हर 10 में से 7 भारतीय अब भी नियमित रूप से दूध और डेयरी उत्पादों का सेवन करते हैं। एक शोध फर्म द्वारा तैयार भारत दूध-उपभोग निष्कर्ष 25-26 में यह जानकारी सामने आई। अध्ययन में दिखाया गया कि पारंपरिक दूध पीने की आदतें अब स्मूदी, प्रोटीन शेक और फ्लेवर वाले दूध की ओर बढ़ रही हैं। 58 प्रतिशत उपभोक्ता केसर या बादाम जैसे स्वाद वाले दूध को पसंद कर रहे हैं, जबकि 51 प्रतिशत लोग इसे स्मूदी में मिलाकर पीते हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि चाय और कॉफी अब भी दूध के प्रमुख माध्यम हैं, जहां 59 प्रतिशत प्रतिभागी दूध का सेवन इन पेयों के जरिए करते हैं। वहीं 52 प्रतिशत लोग बचपन की यादों के कारण सादा दूध पीना जारी रखते हैं। 64 प्रतिशत माता-पिता मानते हैं कि बच्चों की दूध खपत कम होने से हड्डियों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है। 54 प्रतिशत का कहना है कि बच्चों की शारीरिक वृद्धि पिछली पीढ़ी की तुलना में धीमी है। बच्चों को दूध देना जारी रखने वाले माता-पिता कैल्शियम और प्रोटीन-ऊर्जा को प्राथमिकता देते हैं। 64 प्रतिशत परिवार ब्रांडेड पैकेट दूध खरीद रहे हैं, जबकि खुला दूध केवल 21 प्रतिशत घरों में जाता है। पौधा-आधारित दूध (बादाम और सोया) का हिस्सा अब 12 प्रतिशत तक पहुंच गया है। ब्रांडेड दूध की पसंद में गुणवत्ता, स्वाद व बनावट और सुविधा मुख्य कारण हैं। दही, पनीर और मक्खन अब भी नियमित रूप से घरों में इस्तेमाल होते हैं।



## महिंद्रा की एक्सयूवी 700 नई पहचान के साथ करेगी मार्केट में एंट्री




**नई दिल्ली**

महिंद्रा अपनी लोकप्रिय एक्सयूवी 700 का बड़ा अपडेट बाजार में पेश करने की तैयारी में है। कंपनी इस फेसलिफ्टेड मॉडल को नए नाम एक्सयूवी 7एक्सओ के साथ लॉन्च कर सकती है। जनवरी 2024 में महिंद्रा ने इस नाम के लिए ट्रेडमार्क आवेदन किया था, जिसे अब मंजूरी मिल चुकी है। यह वही रणनीति है जो कंपनी ने एक्सयूवी 300 के फेसलिफ्ट में अपनाई थी, जिसे एक्सयूवी 3एक्सओ नाम देकर बाजार में उतारा गया था। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि एक्सयूवी 700 भी एक नई पहचान के साथ मार्केट में एंट्री करेगी।

टेस्टिंग के दौरान कई बार स्पॉट हुई इस एसयूवी में सबसे बड़ा बदलाव इसके फ्रंट डिजाइन में दिखाई दे सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें नया ग्रिल, अपडेटेड ट्विन-पॉड एलईडी हेडलैम्प्स और नई लाइटिंग सिग्नेचर देखने को मिल सकती है, जिससे इसका लुक पहले से ज्यादा मॉडर्न और प्रीमियम हो जाएगा। केबिन में भी बड़े अपडेट की उम्मीद है।

अंदर नया डैशबोर्ड लेआउट, रीडिजाइन डोर पैनल्स और ट्रिपल-स्क्रीन सेटअप दिया जा सकता है, जो फीचर्स के मामले में इसे और भविष्यवादी बनाएगा। पावरट्रेन की बात करें तो इसमें किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है।

कंपनी मौजूदा 2.0-लीटर टर्बो पेट्रोल और 2.0-लीटर डीजल इंजन को ही जारी रख सकती है। ट्रांसमिशन विकल्पों में भी 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का विकल्प मिलेगा, यानी ड्राइविंग अनुभव पहले जैसा ही रहने वाला है। रिपोर्ट्स के अनुसार, महिंद्रा अगले महीने इस नए फेसलिफ्ट मॉडल का प्रोडक्शन शुरू कर सकती है।

## एडवेंचर बाइक हिमालयन 450 का नया माना ब्लैक एडिशन लांच



**नई दिल्ली**

महंगी बाइक्स बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने अपनी एडवेंचर बाइक हिमालयन 450 का नया माना ब्लैक एडिशन भारतीय बाजार में पेश कर दिया है। 2025 में पहली बार शोकेस किए गए इस मॉडल को इसके ऑल-ब्लैक रग्ड लुक और फैक्ट्री-फिटेड एडवेंचर गियर के कारण खूब सराहना मिली। इसकी कीमत 3,37,000 रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है।

मोटोवर्स माना पास के नाम पर रखे इस एडिशन का डिजाइन दुनिया के सबसे मुश्किल और ऊंचे पासों में से एक से प्रेरित है। यह एडिशन पूरी तरह ब्लैक थीम, मैट फिनिश और मिनिमल लेकिन दमदार स्टांस के साथ आता है, जो इसे पहले से कहीं ज्यादा एडवेंचर-फोकस्ड बनाता है। इसकी सबसे खास बात यह है कि इसमें कई जरूरी एडवेंचर एक्सेसरीज पहले से लगी होती हैं। इसमें ब्लैक रैली हैंडगार्ड्स, बेहतर ग्रिप वाली ब्लैक रैली सीट, ऑफ-रोडिंग के लिए ज्यादा क्लीयरेंस वाला रैली फ्रंट मडगार्ड और ट्यूबलेस स्पोक्ड व्हील्स शामिल हैं। इन फीचर्स के साथ यह बाइक बिना किसी अतिरिक्त मॉडिफिकेशन के सीधे एडवेंचर राइड के लिए तैयार हो जाती है।

परफॉर्मेंस के मामले में बाइक में वही शेर्पा 450 इंजन दिया गया है, जो लो-एंड टॉर्क और हाई-एल्टीट्यूड राइडिंग को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। शहर, हाईवे या पहाड़ हर जगह स्थिर परफॉर्मेंस इसका बड़ा प्लस पॉइंट है। माना ब्लैक एडिशन की बुकिंग सभी रॉयल एनफील्ड शोरूम, मोबाइल ऐप और ऑफिशियल वेबसाइट पर शुरू हो चुकी है। टेस्ट राइड भी डीलरशिप पर उपलब्ध है।

# भारती एयरटेल में आईसीआईएल की 0.56 फीसदी हिस्सेदारी 7,189 करोड़ में बिकी

**थोक सौदे के रूप में 3.43 करोड़ शेयर बेचे गए**

**नई दिल्ली**

दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक कंपनी इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (आईसीआईएल) ने बुधवार को भारती एयरटेल में अपनी 0.56 फीसदी हिस्सेदारी बेच दी। थोक सौदे के रूप में 3.43 करोड़ शेयर बेचे गए, जिनकी प्रति शेयर कीमत 2,096.70 रुपए रखी गई। यह कीमत मंगलवार के एनएसई बंद भाव *2,161.60 रुपए से लगभग 3 फीसदी कम थी। इस तरह कुल सौदे का मूल्य 7,189.19 करोड़ रुपए रहा। हिस्सेदारी बिक्री के बाद एयरटेल के शेयरों में दबाव देखा गया। एनएसई पर शेयर 3 फीसदी गिरकर 2,097.50 रुपए प्रति शेयर पर आ गए, जबकि बीएसई पर यह 2.81 फीसदी गिरकर 2,100 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ। इस सौदे के बाद आईसीआईएल की एयरटेल में हिस्सेदारी 1.48 फीसदी से घटकर 0.92 फीसदी रह गई। प्रवर्तक समूह की कुल हिस्सेदारी अब 50.27 फीसदी है। प्रवर्तक समूह में भारती टेलीकॉम के साथ सिंगटेल की सहयोगी पेस्टल लिमिटेड भी शामिल है। हाल के महीनों में एयरटेल में प्रवर्तक समूह द्वारा हिस्सेदारी घटाने के कई कदम उठाए गए हैं। इस महीने की शुरुआत में सिंगटेल ने 0.8 फीसदी हिस्सेदारी 10,353 करोड़ रुपए में बेची थी।

# भारतीय परम्पराओं का अनुपालन कर हमें संयुक्त परिवारों को बचाना होगा



प्रहलाद सबनानी

पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है।



भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं।

इसी संदर्भ में आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श भी गढ़े जा रहे हैं। हाल ही के समय में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं यह सभी मिलकर भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं।

पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है। इसके ठीक विपरीत भारतीय सनातन संस्कृति पुनर्जन्म में विश्वास करती है इससे भारतीय नागरिकों द्वारा उपभोग में संयम बरता जाता है एवं उत्पादन में बहुलता होने की विचारधारा पर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि ह्लप्रभु इतना दीजिए कि मैं भी भूखा ना रहूं और अन्य कोई भी भूखा ना सोयह्व, यह भारतीय विचारधारा है।

भारतीय सनातन संस्कृति की विचारधारा के ठीक विपरीत आज वैश्विक बाजार शक्तियां भारत में भी उपभोक्तावाद को फैलाने का प्रयास कर रही हैं। विशेष रूप से दीपावली एवं रक्षाबंधन जैसे शुभ त्यौहारों के अवसर पर ह्लकुछ मीठा हो जाएह्व जैसे विज्ञापन देकर यह विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जाता है कि भारतीय मिठाइयों एवं व्यंजनों जैसे जलेबी, इमरती तथा दूध एवं खोए से बनी मिठाईयां खाने से मधुमेह का रोग हो जाता है, अतः सदियों से भारत में उपयोग हो रहे इन स्वादिष्ट व्यंजनों के स्थान पर केडबरी चाकलेट अधिक स्वास्थ्यवर्धक है, जिसका अधिक उपयोग करना चाहिए। इस प्रकार, भारी भरकम राशि खर्च कर, विदेशी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा निर्मित मीठे पदार्थों को, विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से भारतीय समाज के मानस पर उतारने का प्रयास किया जाता है। साथ ही, विभिन्न भारतीय त्यौहारों के समय वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा यह भी कह कर कि, ह्लदीपावली के शुभ अवसर पर जलाए जाने वाले फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैंह्व; ह्लहोली पर्व पर भारी मात्रा में पानी की बबार्दी की जाती हैह्व; ह्लमहाशिवरात्रि पर्व पर दूध की बबार्दी की जाती हैह्व; ह्लमाई बॉडी माई चोईसह्व; ह्लहमको भारत में रहने में डर लगता हैह्व; आदि विमर्श स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणती के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी, आदि। लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। कुल मिलाकर इससे आर्थिक वृद्धि दर तेज होगी। विकसित देशों में इस प्रकार की मान्यताएं समाज में अब सामान्य हो चलीं हैं। अब बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में भी प्रयासरत हैं कि किस प्रकार भारत में संयुक्त परिवार की प्रणाली को तोड़ा जाय ताकि परिवारों की संख्या बढ़े एवं विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़े और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बाजार में बढ़े। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियां इस प्रकार के विभिन्न सामाजिक सीरियलों को बनवाकर प्रायोजित करते हुए टीवी पर प्रसारित करवाती हैं जिनमे संयुक्त परिवार के नुक्सान बताए जाते हैं एवं छोटे छोटे परिवारों के फायदे दिखाए जाते हैं। सास बहू के बीच, ननद देवरानी के बीच, दो बहिनों के बीच, पड़ोसियों के बीच, छोटी छोटी बातों को लेकर झगड़े दिखाए जाते हैं एवं जिनका अंत परिवार की टूट के रूप में बताया जाता है, ताकि भारत में भी पूंजीवाद की तर्ज पर व्यक्तिवाद को बढ़ावा मिल सके। भारत एक विशाल देश है एवं विश्व में सबसे बड़ा बाजार है, बहुराष्ट्रीय कम्पनियां यदि अपने इस कुचक्र में सफल हो जाती हैं तो उनकी सोच के अनुसार भारत में उत्पादों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है, इससे विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को सीधे सीधे फायदा होगा। इसी कारण के चलते आज जोर्ज सोरोस जैसे कई विदेशी नागरिक अन्य कई विदेशी संस्थानों एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ मिलकर भारतीय संस्कृति पर हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं एवं भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।

पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं।

अब हम समस्त भारतीय नागरिकों को वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा फैलाए जा रहे उक्त वर्णित जाल में नहीं फंसते हुए, हमारे अपने भारतीय व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाते हुए अपनी भारतीय परम्पराओं का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। हमें अपने जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में केवल स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करना चाहिए चाहे वह तुलनात्मक रूप से थोड़ा महंगा ही क्यों न हो। उदाहरण के तौर पर हमारे जीवन में रोजाना उपयोग होने वाले कुछ उत्पादों के नाम यहां पर दिए जा सकते हैं, जिनका उत्पादन सदियों से भारत में ही पर्याप्त मात्रा में होता चला आया है। केवल और केवल भारतीय कम्पनियों द्वारा निर्मित इन उत्पादों का उपयोग एवं विदेशी कम्पनियों द्वारा निर्मित इन उत्पादों का उपयोग नहीं करने की शपथ ली जानी चाहिए। जैसे, नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, सौंदर्य प्रसाधन औषधियां, टुथथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश, दाढ़ी का साबुन ब्लेड्स रेजर, बिस्किट चाकलेट दुग्ध उत्पाद ब्रेड, चाय काफी, शीतपेय शरबत चटनी अचार मुरब्बा, आइसक्रीम खाद्यतेल खाद्य पदार्थ, विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु घड़ियां, लेखन सामग्री, जूते चप्पल पोलिश, तैयार कपड़े, कम्प्यूटर लैपटॉप एवं उपकरण, टेलिकॉम उपकरण, बाम और मरहम, दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, स्वचालित वाहन एवं मोबाइल फोन आदि। जब भी बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी ही लाएंगे जैसे तथ्यों को आत्मसात करना चाहिए। इससे न केवल चीन बल्कि अमेरिका को भी संदेश जाएगा कि भारत अब कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो चुका है तथा वैश्विक स्तर पर भारत अब इनके दबाव में आने वाला नहीं है।

## संपादकीय

### शहादत का स्मरण

भले ही श्रीलंकाई संकट के समाधान हेतु भारतीय शांति सेना को श्रीलंका भेजा जाना तत्कालीन सरकार का फैसला रहा हो, लेकिन वास्तव में भारतीय सैनिक राष्ट्र के हितों और सैन्य दायित्वों के लिये ही लड़े थे। इस फैसले का उद्देश्य श्रीलंकाई तमिलों के हितों की रक्षा और उनके न्यायसंगत पुनर्वास के लिये पहल करना भी रहा है। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि भारतीय शांति सेना यानी आईपीकेएफ के पूर्व सैनिकों में इस बात को लेकर लंबे समय से रोष व्याप्त रहा है कि आईपीकेएफ सैनिकों के बलिदान को उचित सम्मान नहीं दिया गया। अब सरकार व सेना ने इस कमी को पूरा करने की दिशा में कम से कम एक पहल तो की है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर परमवीर चक्र विजेता मेजर रामास्वामी परमेश्वरन को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करना, इस दिशा में एक महत्वपूर्ण क्षण था। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस बाबत श्रद्धांजलि संदेश प्रेषित किया है। भले ही शीर्ष अधिकारियों द्वारा की गई यह पहल एक प्रतीकात्मक सुधार हो, लेकिन यह सही दिशा में उठाया गया सार्थक कदम है। हालांकि देर से ही सही, ये प्रयास श्रीलंका में ऑपरेशन पवन के दौरान शहीद हुए 1,171 भारतीय सैनिकों को उचित सम्मान देने में रही एक कमी को दूर करने का प्रयास कहा जा सकता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस युद्ध में करीब तीन हजार से ज्यादा सैनिक घायल भी हुए थे। इससे पूर्व कई वीर सैनिकों को वीरता पदक से सम्मानित भी किया जा चुका है। लेकिन एक टीस के साथ कहा जाता रहा है कि यह अकसर भुला दिया जाने वाला युद्ध रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोलंबो में भारतीय शांति रक्षक सेना और पलाली में 10-पैरा के शहीदों के लिये स्मारक का निर्माण किया गया था। यह विडंबना ही है कि आईपीकेएफ के पूर्व सैनिक, शहीदों की विधवाएं और उनके परिजन राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर निजी स्तर पर स्मरणोत्सव आयोजित करते रहे हैं। निश्चित ही देश के हितों के लिये चलाये गए किसी भी सैन्य अभियान में शहीद हुए सैनिकों को सामान्य युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की तरह पर्याप्त सम्मान मिलना चाहिए। दरअसल, ऑपरेशन पवन में शहीद हुए सैनिकों के परिजन और युद्ध में भाग लेने वाले जवान भी उन्हें पर्याप्त सम्मान दिए जाने की आस लंबे समय से रखते रहे हैं। वर्षों से उनकी मांग रही है कि साल 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम और वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध के शहीदों की याद में मनाये जाने वाले खास दिनों की तरह ह्यऑपरेशन पवनह्ण की याद में भी एक विशेष दिन की घोषणा की जानी चाहिए। वहीं दूसरी ओर शहीद सैनिकों के परिजनों की एक टीस उन्हें दशकों से सालती रही है।

## चिंतन-मनन

### संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे।

उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं।

कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

# समय के महत्व को समझें और अपनी महत्वकाक्षांओं को पूरा करें



नरेन्द्र भारती

समय के महत्व को समझें और अपनी महत्वकाक्षांओं को पूरा करें। समय एक अनमोल पूंजी है। समय को जिसने भी बरबाद किया समय ने उसे भी बरबाद कर दिया। समय किसी का इंतजार नहीं करता। समय का सदुपयोग करोगे तो सफलता हासिल करोगे अगर समय का दुरुपयोग किया तो धराशायी हो जाओगे। वक्त का पहिया जब घूमता है तो कंगाल होने में देर नहीं लगती। मानव को हमेशा अतीत का आईना देखते रहना चाहिए ताकि अहसास होता रहे कि ऐसे भी दिन थे दिन एक जून की रोटी नसीब नहीं होती थी आज जब समय बदला तो अपना गुजरा हुआ वक्त भूल रहा है। आदमी भले ही कितना बड़ा बन जाए अतीत की परछाईयां उसका दामन नहीं छोड़ती मरते दम तक साथ रहती हैं। । वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है इसलिए मानव को मयार्दा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है। समय के पास सबका लेखाजोखा है। मानव को समय से डरना चाहिए न जाने कब कैसा समय देखना पड़े। समय का मिजाज पता नहीं कब बदल जाए। समय ने बड़े से बड़े तानाशाहों को धूल चटा दी जो समय के खिलाफ चले थे मिटटी में मिल गए। आज मानव के पास अच्छा करने का समय ही नहीं है जबकि बुरा करने के लिए समय ही समय है। मानव कितन भी अमीर हो जाए अपना गुजरा हुआ समय नहीं खरीद सकता। आज लोग मोबाईल फोन पर समय बरबाद कर रहे है। चौबीसों घंटे सोशल मीडिया पर व्यस्त रहते है। समय की जिसने कदर की समय ने उसे उचाईयां दी है। मानव को चाहिए कि समय के हर एक मिनट और सैकंड व घंटों का सही सदुपयोग करे। जो समय के साथ निर्बाध गति से चला समय ने उसे मंजिल तक पहुंचाया है। समय से डरो अच्छे कर्म करो। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी। समय मानव को कई रंग दिखाता है। समय -समय पर मानव की परीक्षा लेता रहता है। समय का सही मायने में सम्मान करो। समय अनमोल है व दुर्लभ है। सुख में तो सभी साथ होते है मगर दुख में साथ छोड देते है ,आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इन्कार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है। पैसा ही सब कुछ नहीं होता मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते है अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। वक्त बदलते देर नही लगती इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए। ताकि विपतीयो का अहसास होता रहे। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। समय यही सिखाता है कि किसी का समय बरबाद मत करो। समय कीमती है जिसने समय की कीमत जान ली है वह हर जगह सफल होता है। आज अच्छाई के लिए समय नहीं है। बुराई के लिए हर समय तैयार है। समय एक जैसा नहीं रहता आज अच्छा है कल का पता नहीं होगा। समय को पहचानो तभी समय आपको एक अलग पहचान देगा। समय रेत की तरह हर पल फिसल रहा है समय को बांधा नहीं जा सकता यह अटल सत्य है। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेडों से कोई नहीं बच पाया है। समय के पाबंद बने। अगर समय के साथ नहीं चलोगें तो पिछड़ जाओगें। समय का प्रबंधन करें। समय सारणी बनाएं और हर पल का फायदा उठाएं। समय का सदुपयोग करें और अपने जीवन को खुशहाल बनाएं। समय सबसे बड़ा गुरु है।

# हिंदी में शपथः नए भारत की भाषाई चेतना का निर्णायक उद्घोष



ललित गर्ग

भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा हिंदी में शपथ लेना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में केवल एक औपचारिक घटना नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक, राष्ट्रीय और मनोवैज्ञानिक चेतना का नया शुभारंभ है। यह वह क्षण है जिसने भाषा को लेकर दशकों से चले आ रहे संकीर्ण विवादों, राजनीतिक विरोधाभासों और कृत्रिम विभाजनों पर एक गहरी चोट की है। हिंदी में शपथ का यह निर्णय राष्ट्रीय मानस में इस भावना को पुनः स्थापित करता है कि भाषा का प्रश्न केवल संचार का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक है। यह निर्णय उस विरोधाभास पर भी प्रकाश डालता है जिसमें विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा हिंदी को अपने ही देश में सबसे अधिक उपेक्षा, संकोच और राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ता रहा है।

भारत में भाषा सदैव राजनीति का एक सुविधाजनक औजार रही है। कुछ दशकों से चले आ रहे भाषाई आंदोलन और हिंदी-विरोधी राजनीति ने देश की एकता को अक्सर चुनौती दी है। क्षेत्रवाद की आड़ में कुछ राजनीतिक दलों ने हिंदी को एक क्षेत्र विशेष की भाषा बताकर उसका महत्व कम करने का प्रयास किया। लेकिन यह तर्क न तो व्यावहारिक था और न ही ऐतिहासिक। हिंदी किसी क्षेत्र की भाषा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के हृदय की भाषा है, जनमानस की अभिव्यक्ति है, भारत की आत्मा की धड़कन है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा हिंदी में शपथ लेना इस सत्य को पुनः उद्घाटित करता है कि भारतीय लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाएँ केवल कानून और प्रशासन की रक्षा ही नहीं करतीं, बल्कि भारतीयता और राष्ट्रीय अस्मिता को भी नई दिशा देती हैं। यह कदम यह संदेश देता है कि नई पीढ़ी की संस्थाएँ अब संकोच नहीं, आत्मविश्वास के साथ भारत की भाषा में अपने कर्तव्यों की शुरूआत कर रही हैं।


हिंदी को लेकर जो विरोधाभास पैदा किया जाता रहा है, वह वास्तव में एक कृत्रिम एवं आग्रह-दुराग्रहपूर्ण द्वंद्व है। आज के वैश्विक दौर में भाषा का महत्व उसकी लोकस्वीकृति और उपयोगिता से तय होता है। हिंदी वैश्विक भाषाओं की सूची में तेजी से ऊपर बढ़ रही है। करीब 113 करोड़ के साथ अंग्रेजी पहले स्थान पर है. 111 करोड़ के साथ चीनी दुसरे स्थान पर है,इसके बाद हिन्दी का स्थान आता है। करीब 61.5 करोड़ विश्व में, हिन्दी को बोलने वाल लोगों की संख्या के आधार पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा का स्थान प्राप्त है। हिंदी का प्रभाव विश्व में बढ़ रहा है और यह सोशल मीडिया व संचार माध्यमों में भी लगातार उपयोग हो रही है। दुनिया भर के 175 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा पढ़ाई जा रही है। देवनागरी लिपि को दुनिया की सबसे वैज्ञानिक लिपियों में से एक माना जाता है। भारत सरकार की पहल के बाद से, संयुक्त राष्ट्र ने भी साप्ताहिक हिंदी समाचार बुलेटिन शुरू किया है। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, मोरिशस, दक्षिण अफ्रीका, खाड़ी देशों और यूरोप में हिंदी सीखने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विश्व के कई विश्वविद्यालयों में हिंदी साहित्य, भाषाविज्ञान और अनुवाद अध्ययन का विस्तार हुआ है। हिंदी फिल्में, वेब प्लेटफॉर्म और मीडिया विश्व संस्कृति पर गहरा प्रभाव छोड़ रहे हैं। यह वह समय है जब हिंदी वैश्विक मंच पर उभर रही है, लेकिन अपने ही देश में उसे राजनीति और संकीर्णताओं का शिकार होना पड़ रहा है। यही वह असंगति है जिसे न्यायमूर्ति सूर्यकांत की शपथ ने बड़े सौम्य किंतु तीव्र संदेश के साथ उजागर किया है कि जब दुनिया हिंदी को सम्मान दे रही है तो भारत में उसकी उपेक्षा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकती।

राष्ट्रीय प्रतीक केवल वस्तुएँ नहीं होते, वे राष्ट्र की चेतना के वाहक होते हैं। राष्ट्रध्वज केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, करोड़ों लोगों के स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक है। राष्ट्रगान केवल धुन नहीं, बल्कि भारत की समष्टिगत भावना का सूत्र है। उसी प्रकार राष्ट्र की भाषा-चाहे उसे हम राजभाषा कहें या राष्ट्रभाषा भारतीय पहचान और राष्ट्रीय एकता का अदृश्य धागा है। नए भारत का निर्माण तभी संभव है जब हम इन प्रतीकों का सम्मान केवल संविधान की धाराओं में नहीं, बल्कि हृदय में करें। हिंदी को लेकर जो संकोच, झिझक और कृत्रिम विरोध दशकों से बना हुआ था, वह राष्ट्रीय आत्मविश्वास के लिए बाधक था। हिंदी में शपथ लेकर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने इस मानसिक दरार को पाटने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में हिंदी को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने का साहसिक कार्य किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा से लेकर ब्रिक्स, जी-20 और अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उन्होंने हिंदी में संबोधन देकर दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत अपनी भाषा को लेकर हिचकता नहीं, बल्कि गर्व करता है। इससे पहले अटल बिहारी वाजपेयी ने भी संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देकर ऐतिहासिक परंपरा की शुरूआत की थी। उनकी वाणी में हिंदी केवल शब्द नहीं थी, बल्कि भारत की आत्मा की ध्वनि थी। नरेंद्र मोदी ने इस परंपरा को राष्ट्रीयता, आधुनिकता, आत्मविश्वास और वैश्विक उपस्थिति के साथ आगे बढ़ाया है। उन्हें यह समझ थी कि भाषा राष्ट्रीय चेतना की नींव होती है, और जिस राष्ट्र को विश्व नेतृत्व की आकांक्षा है, उसे अपनी भाषा पर गर्व करना ही होगा। जब राष्ट्र का प्रधानमंत्री अपनी भाषा को वैश्विक मंचों पर प्रतिष्ठा दिलाता है और जब राष्ट्र का प्रधान न्यायाधीश उसी भाषा में शपथ लेता है, तब यह संकेत मिलता है कि नए भारत की भाषा नीति संकोच नहीं, बल्कि स्वाभाविक भारतीयता की पुनर्स्थापना है।

हिंदी केवल भावनात्मक आग्रह नहीं है। यह शासन, न्याय, शिक्षा, प्रशासन, मीडिया और तकनीक की भाषा बनती जा रही है। डिजिटल इंडिया और नई तकनीकी क्रांति में हिंदी की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। आज इंटरनेट पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली भाषाओं में हिंदी शीर्ष पर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन अनुवाद और डिजिटल पत्रकारिता में हिंदी का उपयोग बढ़ाना भारत की ज्ञान-आर्थिक उन्नति के लिए अनिवार्य है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी भाषाई आत्मनिर्भरता पर भी निर्भर करती है। जितनी अपनी भाषा मजबूत होगी, उतना ही विचार-निर्माण, नवाचार और जनसक्रियता मजबूत होगी। इस दृष्टि से हिंदी के प्रति उपेक्षा केवल सांस्कृतिक अपराध नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास को बाधित करने वाला संकीर्ण एवं राष्ट्र-विरोधी दृष्टिकोण भी है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत की हिंदी में शपथ वास्तव में एक वैचारिक उद्घोष है। यह घोषणा है कि भाषा को लेकर चलने वाला हमारा पुराना आत्मद्वंद्व समाप्त होना चाहिए। राष्ट्रभाषा का सम्मान किसी क्षेत्र या समुदाय पर थोपा हुआ बोझ नहीं, बल्कि वह प्राकृतिक बंधन है जो विविधता को सामूहिकता में बदलता है। यह वह बंधन है जो भारत को भारत बनाता है। यह वह अदृश्य



शक्ति है जो उत्तर से दक्षिण, पश्चिम से पूर्व और ग्रामीण से महानगरीय भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोती है, व्यापार एवं विकास को गति देता है। हिंदी किसी पर थोपी जाने वाली भाषा नहीं, वह तो स्वयंस्फूर्त रूप से जनमानस की भाषा बन चुकी है। उसका विरोध अब एक राजनीतिक नाटक भर रह गया है जिसका वास्तविकता से कोई सरोकार नहीं। नए भारत ने अपने संकोचों को त्यागना शुरू कर दिया है। अपनी परंपराओं, अपने प्रतीकों और अपनी भाषा पर गर्व करना नया मानसिक स्वरूप बनता जा रहा है। न्यायपालिका से लेकर कार्यपालिका तक और वैश्विक मंचों से लेकर डिजिटल मंचों तक-हिंदी का सम्मान बढ़ रहा है। यह सम्मान न किसी के आदेश से आया है, न किसी दवाब से; यह सम्मान राष्ट्र की आत्मा से उठा है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत की हिंदी में शपथ नए भारत की सांस्कृतिक स्वाधीनता का प्रतीक बन गई है। यह उस स्वाभिमान का उद्घोष है कि भारत अब अपनी भाषा से संकोच नहीं करेगा। यह वह क्षण है जिसने भाषा के प्रश्न को संवैधानिक गरिमा और राष्ट्रीय चेतना के सर्वोच्च स्तर पर स्थापित कर दिया है। इस कदम ने यह सिद्ध कर दिया है कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मा का प्रकाश है, एक ऐसा प्रकाश जो आत्मविश्वास, सांस्कृतिक प्रतिष्ठा और राष्ट्रीय एकता की नई राहें रोशन कर रहा है। यही वह दिशा है जिसमें नया भारत आगे बढ़ रहा है-अपनी भाषा में, अपने स्वभाव में और अपनी अस्मिता में आत्मविश्वास से भरपूर।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूजीलैंड की सबसे ऊंची चोटी पर 2 पर्वतारोहियों की मौत, 2 को बचाया

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की सबसे ऊंची चोटी आओराकी पर दो पर्वतारोहियों की मौत हो गई, जबकि उसी समूह के दो अन्य को बचा लिया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्र कमांडर इंस्पेक्टर विकी वॉकर ने बताया कि मृत पर्वतारोहियों के शव मिल गए हैं और विशेषज्ञ खोजकर्ता उन्हें 'एक चुनौतीपूर्ण अल्पाइन वातावरण में' खोजने के लिए काम कर रहे हैं। किसी भी पर्वतारोही की सार्वजनिक रूप से पहचान नहीं की गई है। सार्जेंट केविन मैकएरलेन ने द टिमारू हेराल्ड को बताया कि जब वे माउंट कुक के नाम से भी जाने जाने वाले आओराकी के शिखर के पास गिरे तो दोनों को एक रस्सी से बांध दिया गया था। स्थानीय समयानुसार सोमवार देर रात अधिकारियों को पता चला कि न्यूज़ीलैंड के दक्षिणी द्वीप पर स्थित इस पर्वत पर चार पर्वतारोहियों को मदद की जरूरत है। वॉकर ने बताया कि मंगलवार सुबह तड़के हेलीकॉप्टर से दो पर्वतारोहियों को बचा लिया गया। वे सुरक्षित थे। दो हेलीकॉप्टरों में खोजकर्ता रात भर अन्य पर्वतारोहियों की तलाश करते रहे, जो कुछ घंटों बाद मृत पाए गए।

### स्लोवेनिया : जनमत संग्रह में खारिज हुई इच्छामृत्यु

**ल्युब्ल्याना, एजेंसी।** स्लोवेनिया के लोगों ने एक जनमत संग्रह में उस कानून को खारिज कर दिया, जो लाइलाज बीमारी से पीड़ित लोगों को अपना जीवन खत्म करने की अनुमति देता था। चुनाव प्राधिकारियों द्वारा जारी प्रारंभिक नतीजों में यह जानकारी सामने आई। लगभग पूरी हो चुकी मतगणना के अनुसार, करीब 53% मतदाताओं ने इस कानून के खिलाफ मतदान किया जबकि लगभग 46% ने इसके पक्ष में वोट दिया। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान लगभग 50% रहा। इच्छामृत्यु के खिलाफ अभियान का नेतृत्व करने वाले रूढ़िवादी कार्यकर्ता एलेस प्रिम्क ने कहा, करुणा की जीत हुई है। स्लोवेनिया ने जहर देकर मौत की नीति पर आधारित सरकारी स्वास्थ्य, पेंशन और सामाजिक सुधारों को अस्वीकार कर दिया है। यूरोपीय संघ (ईयू) के इस छोटे से देश की संसद ने यह कानून जुलाई में पारित किया था। पिछले वर्ष हुए एक गैर-बाध्यकारी जनमत संग्रह में लोगों ने इसका समर्थन किया था।

### पाकिस्तान : खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने तीन अफगान आतंकवादियों को मार गिराया। विश्वसनीय सूचना के आधार पर खैबर जिले के मदियांक क्षेत्र में यह अभियान चलाया गया। सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई, जिसके परिणामस्वरूप तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि दो अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मारे गए सभी आतंकवादी अफगान नागरिक थे, जो सीमा पार कर आए थे। उनके कब्जे से हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान क्षेत्र में शांति बहाल करने तथा आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। इसके अलावा, दक्षिण वजीरिस्तान जिले में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के कारण हुए विस्फोट में एक युवा चरवाहे की मौत हो गई।

### ब्राजील : प्राइड मार्च में बोल्सोनारो को जेल भेजने पर खुशी

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** ब्राजील में रियो डी जेनेरियो की सालाना 'प्राइड परेड' के लिए कोपाकबाना के बोर्डवॉक पर हजारों लोग जुटे और देश के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को एक दिन पूर्व एहतियाती तौर पर जेल भेजे जाने का जश्न मनाया। प्रदर्शनकारी ट्रकों पर सवार थे और उन्होंने लोगों से कहा, बोल्सोनारो जेल में हैं। उन्होंने इसी खुशी में 'बोल्सोनारो बाहर जाओ' जैसे नारे भी लगाए। बोल्सोनारो को 2022 की चुनावी हार के बाद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की कोशिश करने के जुर्म में सितंबर में 27 वर्ष की सजा सुनाई गई थी।

### फिलीपीन : फ्लड प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार में सात और पकड़े गए

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि अधिकारियों ने बाढ़ नियंत्रण परियोजनों (फ्लड प्रोजेक्ट) से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सात और संदिग्धों को हिरासत में लिया है और अन्य की तलाश जारी है। लगभग 48 लाख डॉलर के घोटाले में स्थानीय कांग्रेस यानी संसद के कई पूर्व प्रतिनिधि और लोक निर्माण विभाग के एक दर्जन से अधिक अभियंता शामिल हैं। मामले के सामने आने के बाद गरीबी से जूझ रहे दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में एक बार फिर गुस्सा उबल रहा है।

**पाकिस्तान ने आधी रात अफगानिस्तान में 3 एयरस्ट्राइक की**

# घर पर बमबारी में 10 लोगों की मौत, इनमें 9 बच्चे और एक महिला

**काबुल, एजेंसी।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। सोमवार रात को पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में एक नागरिक के घर पर बमबारी की, जिसमें 9 मासूम बच्चों और एक महिला की मौत हो गई। तालिबान सरकार ने इसे पाकिस्तानी आक्रमण करार देते हुए कड़ी निंदा की है। बताया जा रहा है कि यह हमला पेशावर में रविवार को हुए एक सुसाइड बॉम्बिंग के जवाब में किया गया, जिसमें पाकिस्तानी अर्धसैनिक बलों के मुख्यालय पर हमला हुआ था। मंगलवार को तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सोमवार देर रात करीब 12 बजे खोस्त प्रांत के गोरबुज जिले के मुगलगेई क्षेत्र में पाकिस्तानी हमलावर सेना ने एक स्थानीय नागरिक, वलियत खान (काजी मीर के बेटे) के घर पर बमबारी की। इस हमले में 9 बच्चे- 5 लड़के और 4 लड़कियां मारे गए। इस्लामिक अमीरात सरकार के डिप्टी स्पोक्सपर्सन हमदुल्ला फिरात ने बताया कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कुनार और पक्तिका में एयर स्ट्राइक की, जिसमें चार आम नागरिक घायल हो गए।



**कई घायल, सीमा क्षेत्रों में तनाव बढ़ा :** एएफपी के अनुसार, कुनर और पक्तिका के सीमा इलाकों पर हुए अन्य हमलों में चार नागरिक घायल हुए हैं। पाकिस्तान लंबे समय से आरोप लगाता रहा है कि आतंकवादी अफगान धरती से उसके खिलाफ हमलों की योजना बनाते और उनका संचालन करते हैं, जिसे तालिबान सरकार खारिज करती आई है।

**हमलों के कुछ ही घंटों बाद हुई अहम मुलाकात :** हमलों के बीच दोनों देशों के अधिकारियों के बीच कई महीनों बाद पहली उच्च-स्तरीय बातचीत हुई। डॉन अखबार के अनुसार, पाकिस्तान के कौंसुल जनरल (जलालाबाद) शफकतुल्लाह खान ने नंगरहार के गर्वनर मुल?ला मोहम्मद नईम अखुंद से मुलाकात की।

यह बैठक ऐसे समय हुई जब पाकिस्तान के पेशावर में फेडरल कॉन्स्टेबुलरी मुख्यालय पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें तीन कर्मियों की मौत हो गई और सुरक्षाबलों ने हमलावरों को मार गिराया। हमले ने सुरक्षा स्थिति को लेकर पाकिस्तान में चिंताएं और बढ़ा दी हैं।

**तालिबानी मंत्री की भारत यात्रा :** इस बीच, अफगानिस्तान के तालिबान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री अल्हाज नूरुद्दीन आजीजी भारत की राजधानी नई दिल्ली में हैं। यह उनकी 5 दिवसीय यात्रा का हिस्सा है, जो 19 नवंबर को शुरू हुई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। भारत और अफगानिस्तान ने सोमवार को कपड़ा व्यापार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। अफगानिस्तान ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कपास उत्पादक देश के रूप में भारत की विशेषज्ञता का लाभ उठाने में रुचि जतायी है। आर्थिक संबंध महानिदेशक शफीउल्लाह आजम के नेतृत्व में अफगानिस्तान के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने कपड़ा मंत्रालय के व्यापार सलाहकार ए. बिपिन मेनन के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां बैठक की।

**पाकिस्तान खुद भी सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा :** यह हमला ऐसे समय हुआ जब पाकिस्तान खुद भी सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा था। इसी शाम पाकिस्तान के पेशावर शहर में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी मुख्यालय पर हमला हुआ। यह मुख्यालय सैन्य कैंट क्षेत्र के पास स्थित है। इस आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए।

## तनाव से तालमेल की ओर बढ़े भारत-कनाडा के रिश्ते, मंत्री बोलीं- व्यापार समझौते को फिर गति देने की तैयारी

**टोरंटो, एजेंसी।** भारत और कनाडा के रिश्तों में दो साल की तनातनी के बाद संबंध सुधरते नजर आ रहे है। जी20 में पीएम कार्नी और पीएम मोदी की बैठक के बाद दोनों देशों ने रुकी हुई ट्रेड डील बातचीत फिर शुरू करने पर सहमति जताई है। ऐसे में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि कनाडा नई विदेश नीति के तहत भारत के साथ व्यापार को तेजी से आगे बढ़ाएगा, ताकि बदलते वैश्विक माहौल में आर्थिक साझेदारी मजबूत की जा सके।

विदेश मंत्री अनीता आनंद ने इस बात पर भी जोर दिया कि कनाडा और भारत जल्द ही नई व्यापारिक साझेदारी (ट्रेड डील) पर तेजी से काम आगे बढ़ाएंगे। पिछले दो साल से दोनों देशों के संबंध तनाव में थे, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। आनंद ने बताया कि कनाडा ने अपनी विदेश नीति को भी बदला है, ताकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड वॉर जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना किया जा सके।

**भारत-कनाडा व्यापार का भविष्य :** विदेश मंत्री अनीता आनंद ने आगे कहा कि दोनों देश उम्मीद कर रहे हैं कि 2030 तक आपसी व्यापार को बढ़ाकर 50 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि कनाडा अभी भारत का सातवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत में महत्वपूर्ण विदेशी



निवेशक भी। कार्नी अगले साल भारत की यात्रा करेंगे।

**समझिए तनाव की वजह क्या थी :** बता दें कि दोनों देशों के संबंध 2023 से तब से खराब चल रहे थे, जब कनाडाई पुलिस ने आरोप लगाया था कि वैंकूवर के पास एक सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका थी। निज्जर, जो कनाडा में पल्याम्बिंग व्यवसाय चलाते थे और खालिस्तान आंदोलन से जुड़े थे, जून 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा में रहने वाले चार भारतीय नागरिक इस हत्या के मामले में गिरफ्तार हैं और मुकदमे का इंतज़ार कर रहे हैं। इस विवाद के बाद 2023 में कनाडा ने भारत के साथ व्यापार वार्ता रोक दी थी। हालांकि तनाव के बाद 2024 में रिश्ते सुधारने के संकेत मिलने लगे। जून में पीएम कार्नी ने मोदी को अल्बर्टा में जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया। अगस्त में दोनों देशों ने अपने शीर्ष राजनयिकों को वापस नियुक्त किया। अनिता आनंद ने कहा कि पिछले छह महीनों में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं।

## इस्राइली पीएम नेतन्याहू का भारत दौरा फिर टला

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस साल के अंत में भारत की यात्रा पर आने वाले थे, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपनी इस यात्रा को टाल दिया है। उनकी यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए तय की गई थी। सूत्रों के अनुसार, यह कदम नई दिल्ली में हुए एक भयानक आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। इस हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हुए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो नेतन्याहू अब अगले साल नई तारीख तय करेंगे, जब सुरक्षा परिस्थितियों का आकलन हो जाएगा। बता दें कि इस बार को लगाकर इस साल इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने तीन बार भारत की यात्रा रद्द की है। पहले उन्होंने नौ सितंबर को भारत यात्रा रद्द की थी। इसका कारण था इस्राइल में 17 सितंबर को होने वाले चुनाव और उससे जुड़े कार्यक्रम। इसके पहले अप्रैल में भी उनकी यात्रा रद्द हो गई थी।

**नेतन्याहू की भारत यात्रा, मजबूत छवि बनाने की कोशिश :** नेतन्याहू का भारत यात्रा इस्राइल में उनके वैश्विक स्वीकार्यता दिखाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा था। कारण है कि इस साल जुलाई में उनकी पार्टी ने नेतन्याहू की पीएम मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ तस्वीर वाले पोस्टर लगाकर उनकी छवि को मजबूत करने की कोशिश की थी। हालांकि इस बात में भी कोई दोहराई नहीं है कि उनका चुनाव अभियान हमेशा से यह दिखाने पर केंद्रित रहा है कि वह दुनिया के नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध रखते हैं, जो कि इस्राइल की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**पीएम मोदी गए थे इस्राइल :** गौरतलब है कि नेतन्याहू ने भारत की पिछली यात्रा जनवरी 2018 में की थी, जबकि प्रधानमंत्री मोदी 2017 में तेल अवीव गए थे और वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे जो इस्राइल गए। दोनों नेताओं के करीबी रिश्तों की अक्सर भारतीय और इस्राइली मीडिया में चर्चा होती रही है।

## अपने ही बोझ से दब सकता है पाकिस्तान, आबादी ही कराएगी बर्बादी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** दुनिया के कई देश घटती आबादी के संकट से परेशान हैं। इटली, जापान, रूस, साउथ कोरिया जैसे देशों में तेजी से आबादी कम हो रही है और हालात ऐसे हैं कि अस्तित्व के संकट तक की बात हो रही है। यहां तक कि भारत जैसे देश में भी अब प्रजनन दर तेजी से कम हो रही है। प्रति महिला जन्मदर अब भारत में 1.9 ही रह गई है, लेकिन पाकिस्तान की आबादी में तेजी से विस्फोट हो रहा है। बदलते दौर में भी पाकिस्तान की आबादी जिस तरह से बढ़ रही है, उससे देश के आगे संकट पैदा हो सकता है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने ही अपनी एक विस्तृत रिपोर्ट में पाकिस्तान की पूरी व्यवस्था ही चरमराने का अनुमान जताया है।

पाकिस्तान की बढ़ती आबादी और उसके संसाधनों में असंतुलन का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह क्षेत्रफल के मामले में दुनिया का 33वां देश है। लेकिन आबादी के मामले में वह 5वें नंबर पर पहुंच गया है। कराची, लाहौर,



पेशावर, रावलपिंडी, क्वेटा समेत तमाम शहरों की हालत यह है कि जरा सी बारिश भी बाढ़ जैसे हालात पैदा कर देती है। भारी आबादी के चलते कहीं भी रिहायश की सही व्यवस्था नहीं है और खेती का रकबा भी लगातार कम हो रहा है। क्लाइमेट चेंज और आर्थिक संकट जैसी समस्याएं अलग से घर रही हैं। फिलहाल पाकिस्तान की आबादी 241.5 मिलियन पर है।

अब यह अगले 5 सालों में 300 मिलियन यानी 30 करोड़ तक पहुंच गई है। यही नहीं 2050 में तो यह 40 करोड़ हो जाएगी। छोटे से देश की इतनी भीषण आबादी बड़ा संकट खड़ा कर सकती है। ऐसी स्थिति इसलिए है क्योंकि पाकिस्तान में प्रजनन दर 3.6 है। यह भारत के मुकाबले लगभग दोगुनी है। साउथ एशिया के देशों में किसी भी मुल्क की आबादी बढ़ने की ग्रोथ इतनी अधिक नहीं है। पाकिस्तान के बाद अफ्रीका के मुल्कों में ही आबादी बढ़ने की रफ्तार इतनी तेज देखी जा रही है।

डॉन के मुताबिक इतनी भारी आबादी का असर हर सेक्टर पर दिख रहा है। एक तरफ बच्चे कुपोषित हैं तो वहीं उनके बड़े होने पर बेरोजगारी का संकट है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर और हेल्थकेयर जैसी समस्याएं भी पैदा हो रही है। पाकिस्तान की बढ़ती आबादी के चलते हालात यह हैं कि 5 साल से कम आयु के 40 फीसदी बच्चे कुपोषित हैं। इसके अलावा बच्चों को जन्म देने के दौरान ही 11 हजार माताओं की हर साल मौत हो जाती है। पाकिस्तान में गर्भ निरोधक उपायों के इस्तेमाल में कमी के चलते भी ऐसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसकी वजह कुछ लोगों की कट्टरता है और वे गर्भनिरोध का इस्तेमाल नहीं करते। यही नहीं यह कट्टरता बढ़ती आबादी में एक और तरीके से खाज का काम करती है। पोलियो की दवा का विरोध किया जाता है और इसके चलते अकसर पाकिस्तान में पोलियो के केस मिल जाते हैं।

## 'ट्रंप ने कह दिया है- अमेरिकी लोगों को ही देनी होंगी नौकरियां': व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** एच-1बी वीजा की फीस को लेकर मचे बवाल के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का बड़ा बयान सामने आया है। लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय नौकरियों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का यह बयान एच-1बी वीजा की बढ़ती जांच और विदेशी श्रमिकों की वजह से प्रमुख उद्योगों में अमेरिकी नौकरियां के विस्थापन की संभावना पर सामने आया है।

लेविट ने कहा कि ट्रंप ने विदेशी कंपनियों को अमेरिका में सीधे निवेश करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने इन विदेशी कंपनियों से कहा है कि आप यहां निवेश कर रहे हैं अगर आप यहां व्यापार करना चाहते हैं तो आपको अमेरिकी लोगों को ही नौकरियां देनी होंगी।

कैरोलिन लेविट ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी कर्मचारियों को बदले जाने का समर्थन नहीं करते हैं। राष्ट्रपति चाहते हैं कि अमेरिकी मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग पहले से कहीं अधिक बेहतर तरीके से चले। ये उसी का हिस्सा है, जिसके तहत राष्ट्रपति टैरिफ का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल और दुनियाभर में अच्छे व्यापार सौदे में कटौती के जरिए कर रहे हैं।' एच-1बी वीजा से जुड़ी चिंताओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जहां तक एच-1बी वीजा के मुद्दे की बात है तो इस पर राष्ट्रपति की राय सूक्ष्म और व्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि अगर विदेशी कंपनियां अमेरिका में खरबों रुपयों का निवेश कर रही हैं और बैटरी जैसे उत्पादों को बनाने के लिए विदेशी कामगारों को ला रही हैं तो राष्ट्रपति चाहते हैं कि उन कारखानों को शुरुआत में ही चालू कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इन नौकरियों में अमेरिकी लोगों को देखना चाहते हैं।

बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा योजना के बचाव में कहा था कि उन्हें अपने कंजर्वेटिव दोस्तों और मागा समर्थकों से प्यार है। हालांकि, उन्होंने माना था कि अमेरिका में विदेशी कुशल कामगारों की जरूरत है।

यूएस-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम में 20 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने समर्थकों की ओर से की जा रही आलोचना का जवाब दिया था। उन्होंने तर्क देते हुए कहा था कि उन्नत तकनीक में भारी निवेश कर रही कंपनियां एक कंप्यूटर चिप फैक्ट्री यूं ही नहीं खोल सकती हैं और फिर बेरोजगारों की कतार से लोगों को नौकरियों दें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विदेश विशेषज्ञों को जाने से पहले अमेरिकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की जरूरत है।

## घर पर नजरबंद पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो ने निगरानी उपकरण से की छेड़छाड़, अब जेल में बंद किए गए

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सजायाफ्ता पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो की हिरासत को बरकरार रखते हुए उनके खिलाफ सख्ती दिखाई है। कोर्ट का यह फैसला बोल्सोनारो के उस कबूलनामे के बाद आया, जिसमें उन्होंने घर में नजरबंदी के दौरान अपनी एड़ी पर लगाए गए निगरानी उपकरण को तोड़ने की कोशिश की बात स्वीकार की। अदालत ने इसे फरार होने और 27 साल की सजा से बचने का प्रयास माना। 70 वर्षीय बोल्सोनारो को गिरफ्तारी के बाद शनिवार सुबह ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में संघीय पुलिस मुख्यालय में जेल में रखा गया था। सुप्रीम कोर्ट की चार जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से तय किया कि उन्हें एहतियाती हिरासत में ही रखा जाए। शनिवार को गिरफ्तारी का वारंट जारी करने वाले जस्टिस अलेसांद्रे दे मोरायस ने कहा कि बोल्सोनारो फरार होने का जोखिम पैदा करते हैं। पूर्व राष्ट्रपति पर 2022 के चुनाव में लुइज इनासियो लूला डीसिल्वा से हारने के बाद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की कोशिश का आरोप है, जिसके तहत उन्हें 27 साल की कैद की सजा सुनाई गई है। दे मोरायस के फैसले को उनके साथी जज फ्लावियो डीनो, क्रिस्टियानो जैनिन और कार्मेन लूसिया ने ऑनलाइन सत्र के दौरान मंजूरी दी। रविवार को इस मामले में सुनवाई के दौरान बोल्सोनारो ने एक सहायक जज से कहा कि दवाइयों में बदलाव के कारण उन्हें घबराहट और भ्रम की स्थिति हुई और उनकी मानसिक हालत बिगड़ गई। इसके चलते



उन्होंने निगरानी उपकरण तोड़ने की कोशिश की। उनके डॉक्टरों और वकीलों ने यही दावा दोहराया। हालांकि, अपने आदेश में जज मोरायस ने लिखा कि बोल्सोनारो ने गंभीर अनुचित व्यवहार में मॉनिटर तोड़ने की बात स्वीकार की है। वे लगातार एहतियाती शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं और अदालत के प्रति स्पष्ट निरादर दिखा रहे हैं।' जज को बताया गया कि एड़ी पर लगे उपकरण को शनिवार को स्थानीय समयानुसार 12.08 बजे छेड़ा गया था, जिसके कुछ घंटे बाद गिरफ्तारी का आदेश जारी किया गया। बोल्सोनारो अगस्त से घर में नजरबंदी पर थे। शनिवार को यह जानकारी सामने आने के बाद से समर्थक व विरोधी दोनों देशभर के कई शहरों में सड़कों पर उतर आए हैं। हालांकि, सोमवार को बारिश के बीच ब्रासीलिया में संघीय पुलिस मुख्यालय के सामने कुछ ही प्रदर्शनकारी नजर आए। सड़क से गुजरते वाहन चालक भी कभी बोल्सोनारो के खिलाफ तो कभी लूला के समर्थन में हॉर्न बजाते रहे। संसद का सत्र फिर से शुरू होने के साथ ही तनावपूर्ण सप्ताह की तैयारी चल रही है। इसी बीच, पूर्व राष्ट्रपति के बेटे और सीनेटर फ्लावियो बोल्सोनारो ने कहा कि वह अपने पिता के लिए आम माफी बिल लाने की कोशिश जारी रखेंगे।

## डोनाल्ड ट्रंप को शी जिनपिंग ने फोन पर कहा- ताइवान हमारा होगा, बस यही उसका भविष्य है

**ताइपे, एजेंसी।** चीन और अमेरिका के बीच संबंधों में हालिया नरमी के बावजूद ताइवान को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव एक बार फिर उभर आया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत करते हुए स्पष्ट कर दिया कि ताइवान को लेकर चीन के रुख में कोई बदलाव नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा, 'ताइवान हमारा होगा। यही उसका भविष्य है। ताइवान की चीन में वापसी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने अंतरराष्ट्रीय ढांचे का हिस्सा है। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, शी जिनपिंग ने ट्रंप से कहा कि ताइवान का चीन में विलय उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था से जुड़ा है, जो अमेरिका-चीन की साझी लड़ाई के बाद बनी थी। चीन ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है और आवश्यक होने पर बल प्रयोग करने की चेतावनी भी देता रहा है, जबकि ताइवान की लोकतांत्रिक सरकार इस दावे को सख्ती से खारिज करती है। चीनी मीडिया एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, शी ने ट्रंप से कहा कि अमेरिका और चीन ने द्वितीय विश्व युद्ध में कंधे से कंधा मिलाकर फासीवाद और सैन्यवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। इसलिए, ताइवान का चीन में विलय- पोस्ट-वॉर इंटरनेशनल ऑर्डर का हिस्सा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा चीन के लिए रेड लाइन है और कोई भी हस्तक्षेप अस्वीकार्य होगा।

**ट्रंप ने ताइवान पर नहीं की टिप्पणी :** हालांकि ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में ताइवान का जिक्र नहीं किया और केवल अमेरिका-चीन संबंधों को बेहद मजबूत बताया। लेकिन चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ट्रंप ने फोन कॉल के दौरान स्वीकार किया कि ताइवान का मसला चीन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**व्यापार समझौते पर आगे बढ़ने का संदेश :** फोन कॉल के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापारिक मुद्दों पर भी चर्चा की। हाल ही में



दक्षिण कोरिया में हुई बैठक में अमेरिका और चीन ने अपनी महीनों से जारी व्यापार जंग में अस्थायी नरमी दिखाई थी। चीन ने महत्वपूर्ण खनिजों पर कुछ निर्यात प्रतिबंधों को एक साल के लिए निलंबित करने पर सहमति जताई थी, जबकि अमेरिका ने चीनी सामानों पर कुछ टैरिफ घटाने और चीन को बड़ी मात्रा में अमेरिकी सोया खरीदने की अनुमति देने की घोषणा की थी।

शी जिनपिंग ने वार्ता के दौरान कहा कि दोनों देशों को इस गति को बरकरार रखना चाहिए और दक्षिण कोरिया में हुई बैठक ने चीन-अमेरिका संबंधों के विशाल जहाज की दिशा सुधारने में मदद की है। ट्रंप ने भी सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा- हमारी दक्षिण कोरिया बैठक के बाद दोनों पक्षों ने आपसी समझौतों को अपडेट रखने में अच्छी प्रगति की है। अब हम बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

**दुर्लभ खनिजों पर साझेदारी की कोशिश :** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने हाल में कहा था कि वाशिंगटन थैंक्सगिविंग तक चीन के साथ दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति को लेकर एक समझौता अंतिम रूप देना चाहता है। दुर्लभ खनिजों के खनन और प्रसंस्करण पर चीन की वैश्विक पकड़ है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

**ताइवान ने चीन को दिया स्पष्ट संदेश :** मंगलवार को ताइवान के प्रधानमंत्री चो जोंग-ताई ने बीजिंग के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि चीन में किसी भी तरह की वापसी ताइवान के 2.3 करोड़ नागरिकों के लिए कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा- रिपब्लिक ऑफ चाइना, ताइवान, एक पूर्णतः संप्रभु और स्वतंत्र देश है। 23 मिलियन लोगों के लिए 'वापसी' कोई विकल्प नहीं है- यह बिल्कुल स्पष्ट है। पिछले कुछ हफ्तों में ताइवान को लेकर चीन और जापान के बीच राजनयिक तनाव बढ़ गया है। दरअसल जापान की नई प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने हाल ही में यह संकेत दिया था कि ताइवान पर किसी हमले की स्थिति में जापान सैन्य हस्तक्षेप कर सकता है। इस बयान पर बीजिंग ने कड़ा रुख अपनाया है। इसके चलते जापान में चीनी पर्यटकों की संख्या घटी है, जापानी समुद्री खाद्य पर प्रतिबंध लगाया गया है और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। दोनों नेताओं की बातचीत में यूक्रेन युद्ध भी शामिल रहा। ट्रंप ने कई बार इस संघर्ष को समाप्त करने पर जोर दिया है। चीन खुद को इस युद्ध का तटस्थ पक्ष बताता है और उसने बातचीत के माध्यम से समाधान का समर्थन दोहराया।

## जानकारी



# एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर ग्रीन कॉफी से साफ हो जाती है लिवर की गंदगी

अगर आप पिछले कुछ वर्षों से खुद को फिट रखने के लिए ग्रीन-टी या ब्लैक कॉफी पी रहे हैं तो अब समय है कुछ बदलाव करने का। ग्रान-टा हो या ब्लैक कॉफी इन्हें छोड़कर अपनाइए ग्रीन कॉफी। यह सेहत को ठीक रखती है और वजन कम करने में भी सहायक है। ग्रीन कॉफी धीरे-धीरे हेल्थ और फिटनेस के बाजार में अपनी जगह बना रही है। इसके फायदों ने तो ग्रीन-टी को भी पीछे छोड़ दिया। वैसे बता दें कि ग्रीन-टी की ही तरह ग्रीन कॉफी में भी भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स हैं। यह वजन को तेजी से कम करने में सहायक है। खबरों के अनुसार इसके नियमित सेवन और बिना एक्सरसाइज के आप अपना वजन 10 किलो तक कम कर सकते हैं। इस बात में कितनी सच्चाई है, इस लेख में इस संबंध में बताया जा रहा है। ग्रीन कॉफी बीन्स को प्राकृतिक डिटॉक्स का एक रूप माना गया है। इसके सेवन से बैड कोलेस्ट्रॉल, अतिरिक्त फैट और लिवर से जीवाणु बाहर निकल जाते हैं, जिससे यह सही तरह से काम करता है और इसी से मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है।

### जरूरी टिप्स

कॉफी के अलावा अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स शामिल करें, जैसे- फल, सब्जी, नट्स, सीड्स और लीन मीट खाएं। डाइट फॉलो करते समय अगर आपको पाचन संबंधी परेशानियां, एसिडिटी और कब्ज की शिकायत हो रही है तो फिर न्यूट्रिशनिस्ट से सलाह लें और सही डाइट प्लैन बनवाएं। ध्यान दें कि हर 2 कॉफी के बीच में कम से कम 2-3 घंटे का अंतर रखें। शाम 5 के बाद कॉफी न पिएं। सोने से ठीक पहले इसका सेवन न करें, इससे अनिद्रा और वजन बढ़ सकता है।

### क्या है ग्रीन कॉफी बीन्स?

कॉफी के पौधे से हरे रंग के बीजों को लेकर पहले उन्हें रोस्ट किया जाता है। फिर इसे पीसकर कॉफी बनाई जाती है। इस प्रक्रिया से कॉफी का रंग हरा से बदलकर हलका या गहरा भूरा हो जाता है और स्वाद भी बढ़ जाता है, लेकिन कॉफी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट जैसे गुणकारी तत्व खत्म हो जाते हैं।

### ग्रीन कॉफी बनाने के तरीके

**पहला तरीका**

एक टीस्पून ग्रीन कॉफी बीन्स को रात भर 1 ग्लास पानी में भिगो दें। सुबह इस पानी को ग्रीन टी या कॉफी की तरह उबालें। इसमें शुरुआत में शहद मिला सकते हैं, लेकिन बाद में इसे फीका ही पीना शुरू करें, तभी आपको इसका फायदा मिलेगा।

**दूसरा तरीका**

ग्रीन कॉफी बीन्स को थोड़ी देर धूप में रखें। ग्राइंडर में बारीक पीस लें। इस पाउडर को तेज उबलते पानी में 2 मिनट तक बॉयल कर छानकर पिएं।

### सही समय पर पीना जरूरी

इसे डाइट का हिस्सा बनाने से पहले यह समझ लें कि ऐसा न करें कि जब मन किया तभी इसे पी लिया, जो सही नहीं है। ग्रीन कॉफी को सुबह खाली पेट पिएं। इस समय पीने से इसका असर तेजी से होता है। दोपहर से आधा घंटा पहले या फिर खाने के एक घंटे बाद ही इसे पिएं। पेट खराब है तो इसका सेवन न करें। अगर ग्लूकोमा है तो इसके सेवन से बचें।



# लेफ्टी या राइटीः कौन से लोग होते हैं ज्यादा बेहतर?

राइट हैंडड यानी दाहिने हाथ से काम करने वाले लोगों का प्रभुत्व दुनिया भर में कायम है और ऐसा प्राचीन काल से होता चला आ रहा है, लेकिन हमें इस बात का पता कैसे चले? शोधकर्ताओं ने प्राचीन काल के कंकालों के हाथ की हड्डियों और उस काल के दौरान पहने जाने वाले कपड़ों का आकलन कर इस बात का पता लगाया है।

पश्चिमी देशों में केवल 10 फीसदी ही लोग लेफ्टी यानी बाएं हाथ से काम करना पसंद करते हैं। इसके साथ ही अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग हाथों का प्रयोग करने वाले या समान कौशल के साथ दोनों हाथों का उपयोग करने वाले लोग असामान्य हैं। अगर आप भी लेफ्टी हैं या राइटी हैं तो यह खबर आपके लिए है। वैज्ञानिकों ने इस बात पर से पर्दा उठाया है कि इन दोनों में से कौन से लोग अधिक बेहतर होते हैं?

वैज्ञानिक लंबे अरसे से जानते हैं कि हैंडेडनेस (दाएं और बाएं हाथ का प्रयोग करने वाले लोग) आंशिक रूप से जीन द्वारा निर्धारित किए जाते हैं, लेकिन 2019 तक उन्होंने लेफ्ट और राइट हैंडर्स के डीएनए के भागों में अंतर नहीं पहचाना था। अध्ययन में पाया गया कि लेफ्टी लोगों के मस्तिष्क का दाहिना और बायां हिस्सा एक के साथ एक मिलकर बेहतर तरीके से काम करता है। यह दोनों हिस्से भाषा के कार्य की प्रक्रिया को चलाने का काम करते हैं, लेकिन अभी इस बात की तसदीक नहीं हो पाई है कि क्या लेफ्ट हैंडर्स राइट हैंडर्स के मुकाबले अधिक धाराप्रवाह तरीके से बोलने में सक्षम होते हैं। अध्ययन में यह भी बात सामने आई है कि लेफ्ट हैंडर्स छात्र स्कूल में अधिक संघर्ष करते हैं और उनमें अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिस्ऑर्डर (ADHD)के लक्षण पाए जाते हैं। यह बात उन लोगों के लिए विशेष रूप से सच हो सकती है, जो काम करते वक्त दोनों हाथों का प्रयोग करते हैं। एक अध्ययन में पाया गया कि वे बच्चे, जो बार-बार अपने दोनों हाथ आगे-पीछे करते रहते हैं, उनमें डिसलेक्सिया होने की संभावना भी दोगुनी हो जाती है। हालांकि शोधकर्ता अभी इस बात का पता नहीं लगा पाए हैं, लेकिन उन्हें संदेह है कि दोनों हाथों का प्रयोग करने वाले लोग जब ज्यादा बार एक ही हाथ का प्रयोग करते हैं तो उनमें निरंतर लेफ्ट हैंड का प्रयोग करने वालों की तुलना में ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ती है।



### क्या लेफ्टी होते हैं ज्यादातर सुपीरियर?


आपके मस्तिष्क का दाहिना हिस्सा आपके शरीर के बाएं हिस्से की मांसपेशियों को कंट्रोल करता है और काफी हद तक आपकी संगीत और स्थानिक क्षमताओं को बढ़ाता है। यही कारण है कि लेफ्ट हैंडर्स लोग अक्सर रचनात्मक प्रोफेशन का हिस्सा होते हैं। मिरर राइटिंग, जिसमें अक्षर पलट जाते हैं और उन्हें पीछे की तरफ से लिखा जाता है यह लगभग लेफ्ट हैंड वाले लोग ही कर पाते हैं। कुछ अध्ययनों में यह बताया गया है कि लेफ्ट हैंड वाले बच्चे मुंह से पूछे गए सवालों में अधिक अंक लाते हैं। जबकि कुछ अध्ययन में यह गलत पाया गया है।

### इतिहास राइटी को मानता है शक्तिशाली

विज्ञान भले ही लेफ्टी को सुपीरियर मानता हो, लेकिन साहित्य लेफ्ट हैंडर्स के हमेशा खिलाफ रहा है। मध्य युग में दानवों को लेफ्टी माना जाता था। जापान, चीन और अन्य एशियाई देशों में लेफ्ट हैंडर्स की संख्या पश्चिमी देशों के मुकाबले बहुत कम है। 1900 की शुरुआत में अमेरिकी शिक्षकों और डॉक्टर्स का मानना था कि लेफ्ट हैंडर्स में मानसिक विकारों से ग्रस्त होने की संभावना अधिक होती है और इसलिए वहां छात्रों को सीधे हाथ के बजाए उल्टे हाथ का प्रयोग करने के लिए कहा जाता था।

## सेहत

# साइनस इंफेक्शन होने पर एक टुकड़ा लहसुन आएगा काम




साइनस इंफेक्शन जिसे साइनसाइटिस या राइनोसिनिटिस के रूप में भी जाना जाता है, वास्तव में साइनस की सूजन है जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इनके लक्षणों में भरी हुई या बहती हुई नाक, बुखार, सिरदर्द, गले में खराश या खांसी आदि होती है। साइनस संक्रमण एक आम स्वास्थ्य समस्या है और ठंड के मौसम में लोगों को इस समस्या का अधिक सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, साइनसाइटिस होने पर व्यक्ति को अपने दैनिक कार्य करने में भी परेशानी होती है। हालांकि अधिकतर लोग यह समस्या होने पर दवाई लेते हैं, लेकिन हर बार दवाई लेना अच्छा विचार नहीं है। इससे आपको कुछ समय के लिए भले ही राहत मिल जाए, लेकिन लंबे समय में आपको इन दवाईयों के नुकसान ही झेलने पड़ते हैं। ऐसे में आप अपने किचन से ही साइनस का इलाज ढूंढ सकते हैं।



### बनाएं नोड़ ड्रॉप

लहसुन की मदद से आप नोड़ ड्रॉप बनाकर अपनी नाक में डाल सकते हैं। इससे आपको काफी राहत महसूस होगी। नोड़ ड्रॉप बनाने के लिए आधा कप डिस्टिल्ड वॉटर लेकर उसमें एक लहसुन की कली को कुचलकर डालें और कुछ घंटों के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। अब पानी को छान लें, ताकि पानी में लहसुन के टुकड़े न रह जाएं। अब इस पानी को आई ड्रॉपर में डालें और अब लेटकर इसकी एक-एक बूंद अपनी नाक में डालें। इसी तरह, कुछ देर लेटे रहें। आप दिन में एक बार यह उपाय अपना सकते हैं। हालांकि शुरू में इसमें थोड़ी जलन होती है, लेकिन यह जलन जल्द ही ठीक हो जाती है।

### यह भी है तरीका

**अगर आप लहसुन को बतौर नोड़ ड्रॉप इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं या आपको अधिक जलन हो रही है तो आप अन्य तरीकों से भी लहसुन का इस्तेमाल कर सकते हैं और साइनस इंफेक्शन को दूर कर सकते हैं। जैसे-**

- आप लहसुन की एक या दो कली को छीलकर और धोकर उसे कच्चा खा सकते हैं।
- लहसुन की कली को छीलकर एवं धोकर उसे क्रश करें। अब इसमें गर्मागर्म पानी मिलाएं और पानी के हल्का ठंडा होने पर सिप-सिप करके इसे पिएं।
- पांच से सात लहसुन की कलियों को पानी में आठ-दस मिनट के लिए सोक करें। अब इसे क्रश करके फाइन पेस्ट बनाएं। अंत में इस पेस्ट को अपनी नाक के पास ले जाएं और इनहेल करें। इससे भी आपको काफी आराम महसूस होगा और बंद नाक भी खुलेगी।
- आप लहसुन की मदद से स्टीम भी ले सकते हैं। इसके लिए पहले आप किसी बर्तन में पानी डालकर उबालें। अब इसमें लहसुन की कली को क्रश करके डालें और गैस बंद कर दें। अब एक तौलिए की मदद से अपने सिर को कवर करते हुए स्टीम लें। यह तरीका साइनस इंफेक्शन में बेहद प्रभावी तरीके से काम करता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2659




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 2658 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

दारोगा (रमेश से)- जब तुम्हारे यहां चोरी हुई, उस समय कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से)- हम पर चार लट्ठ और हमारे भाई पर दो लट्ठ बजे थे.
दारोगा (रमेश से)- अरे मै घड़ी का पूछ रहा हूं उसमे कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से)- साहब घड़ी तो एक ही लट्ठ बजने पर टूट गई.

□ □ □

महेश (संजय से) - मुझे खुशी इस बात की है कि मेरा बॉस एक डॉक्टर है.
संजय (महेश से) - ऐसी क्या खासियत है आपके बॉस में?
महेश (संजय से) - मैं थोड़ा भी बीमार पड़ता हूं, तो वह मुझे फौरन बेड रेस्ट की सलाह दे देता है.


□ □ □

दो मूर्ख वार्तालाप कर रहे थे.
पहला बोला- 'यदि वृक्ष पर हाथी चढ़ जाए और वहां से नीचे उतरना चाहे तो उसे क्या करना चाहिए?'
दूसरा मूर्ख बोला- 'हाथी को वृक्ष की टहनी पर बैठकर पतझड़ के आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए.'

□ □ □

राम (मोहन से)- क्या कर रहे हो?
मोहन- दोस्त को पत्र लिख रहा हूं.
राम- लेकिन तुम्हें लिखना नहीं आता.
मोहन (राम से)- तो मेरे दोस्त को कौन सा पढ़ना आता है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2659



**बायें से दायें:-**

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2658**




## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

## शब्द पहेली - 2659



**बाएँ से दाएँ**

1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

**शब्द पहेली -2658 का हल**



## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 89 लाख के इनामी 28 नक्सलियों ने 3 हथियार के साथ किया आत्म समर्पण

एजेंसी

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 89 लाख के इनामी 19 महिला सहित कुल 28 नक्सलियों ने बस्तर आईजी सुंदराज पी. को कुल 3 हथियार 1 एसएलआर, 1 इंसास एवं 303 रायफल सौंपकर आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सलियों में माड़ डिवीजन के डीवीसीएम सदस्य, पीएलजीए की कंपनी नंबर छह के मिलिट्री सदस्य, एरिया कमेटी और टेक्निकल टीम के सदस्य, मिलिट्री प्लाटून के पीपीसीएम और सदस्य, एसजेडसीएम भास्कर की गार्ड टीम, सप्लाई टीम, एलओएस सदस्य तथा जनताना सरकार के नक्सली कैडर शामिल है। उल्लेखनीय है कि विगत 50 दिनों में बस्तर रेंज में 512 से अधिक नक्सली कैडरों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है। पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पित नक्सलियों में 1. पण्डी ध्रुव उर्फ दिनेश पिता स्व. कुल्ले निवासी कटूलनार पंचायत कस्तुरमेटा थाना कोहकामेटा डीव्हीसीएम माड़ डिवीजन कुतुल एरिया कमेटी इनामी 8 लाख, हथियार एस.एल आर. के साथ समर्पण।

## इथोपिया के ज्वालामुखी विस्फोट से निकली राख के बादल भारत होते हुए चीन की ओर बढ़े

**नई दिल्ली।** इथोपिया के ज्वालामुखी विस्फोट से निकली राख दिल्ली होते हुए भारत को पार कर चीन की तरफ बढ़ गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि इथियोपिया में ज्वालामुखी फटने से निकला राख का गुबार चीन की ओर बढ़ रहा है और मंगलवार की शाम साढ़े सात बजे तक भारत से दूर चला जाएगा। 10 हजार साल बाद हुए हेली गुब्बी ज्वालामुखी विस्फोट से निकली राख के गुबार ने सोमवार को भारत में उड़ान संचालन को प्रभावित किया। एयर इंडिया ने सोमवार को सात अंतरराष्ट्रीय उड़ान निरस्त करने के बाद चार घरेलू उड़ानों को भी रद्द कर दिया । इसके साथ डीजीसीए ने एडवाइजरी भी जारी की। मौसम विभाग के मुताबिक इथोपिया के हेली गुब्बी ज्वालामुखी के फटने के बाद उठा राख का विशाल गुबार सोमवार रात करीब 11 बजे दिल्ली पहुंच गया। यह राख के बादल लाल सागर पार करके करीब 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और जैसलमेर के ऊपर से आया। फिर धीरे-धीरे ये राख बादल दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के बड़े हिस्सों में आया। विशेषज्ञों के मुताबिक यह राख के बादल जमीन से 25,000 से 45,000 फीट की ऊंचाई पर थे। इसलिए इसका असर लोगों की सेहत पर नहीं पड़ा। लेकिन विमान की उड़ान पर जरुर इसका असर देखने को मिला।

## टीएचडीसी का 1000 मेगावाट का पीएसपी कमीशनिंग पहुंचा आखिरी चरण में

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में भारत का पहला वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट टीएचडीसी का 1000 मेगावाट का टिहरी पीएसपी कमीशनिंग के आखिरी चरण में पहुंच गया है। इसकी चार में से दो यूनिट पहले से ही वाणिज्यिक प्रचालित घोषित कर दी गई हैं। आखिरी यूनिट पर कार्य शेड्यूल के अनुसार आगे बढ़ रहा है। यह जानकारी मुख्य महाप्रबंधक (केंद्रीय संचार) डॉ. ए.एन. त्रिपाठी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में दी गई। उन्होंने बताया कि टिहरी पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी)-1000 मे.वा., जो भारत की सबसे स्ट्रेटेजिक रूप से महत्वपूर्ण हाइड्रोपावर बैलेंसिंग फैसिलिटी में से एक है, कमीशनिंग के अपने आखिरी चरण में पहुंच गया है,इसकी चार में से दो यूनिट पहले से ही वाणिज्यिक प्रचालित घोषित कर दी गई हैं। शेष दो यूनिट यानी यूनिट-3 और यूनिट-4 जल्द ही कमीशन होने वाली हैं। इस उत्तरी ग्रिड में 1000 मे.वा. की आवश्यक पीकिंग क्षमता में वृद्धि के लिए परिकल्पित की गई परियोजना का अंतिम चरण है। पीएसपी संयंत्र मौजूदा टिहरी और कोटेश्वर जलाशय को अपने ऊपरी और निचले बेसिन के रूप में उपयोग करता है। जिससे एक क्लोज्ड-लूप 'वॉटर रीसाइक्लिंग' ऑपरेशन संभव होता है। ऑफ-पीक घंटों के दौरान,रिवर्सिबल मशीनें निचले जलाशय से ऊपरी जलाशय में जल को पंप करती हैं। पीक डिमांड के दौरान, वही यूनिट उस स्टोर किए गए जल को प्रवाहित कर विद्युत का उत्पादन करती हैं। यह मॉडल ऐसी फ्लेक्सिबिलिटी देता है जो आंतरायिक रूप से मिलने वाले नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत अकेले नहीं दे सकते और यह प्रणाली प्रचालक को लोड बैलेंस करने, फ्रिक्वेंसी को स्थिर करने और शाम की पीक डिमांड की पूर्ति करने के लिए एक भरोसेमंद प्रणाली उत्पन्न करता है।

## मध्य प्रदेश में एक दिसम्बर को होगा गीता जयंती का भव्य आयोजन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में विगत वर्ष की भांति एक दिसम्बर को गीता जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 9 दिसम्बर को खजुराहो में मंत्रि परिषद की बैठक होगी। इसमें विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कुरुक्षेत्र में 24 नवम्बर से एक दिसम्बर की अवधि में अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में मध्य प्रदेश द्वारा भाग लिया जा रहा है। इसमें जय श्रीकृष्णा नृत्य नाट्य, श्री कृष्ण लीला, कृष्णायन, जनजातीय एवं लोकनृत्य, चित्र प्रदर्शनी इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम होंगे। प्रदेश के 313 विकासखण्डों, 55 जिला मुख्यालय एवं 10 संभागों में श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख गीता प्रेमी श्रीमद् भागवत गीता के 15 वें अध्याय के श्लोक का सस्वर पाठ करेंगे। कार्यक्रमों में गीता ज्ञान प्रतियोगिता, कृष्णायन-नृत्य नाटिका आदि का भी प्रदर्शन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में मंत्री परिषद की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे।

# शासन सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक होना चाहिए : निर्मला सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में क्षेत्रीय निदेशालयों और कंपनी रजिस्ट्रार की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और एमसीए के सचिव व एमसीए के अधीन सभी अधीनस्थ कार्यालय भी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री ने निर्देश दिया कि एमसीए की प्रणालियों में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक लाइव डैशबोर्ड बनाया जा सकता है। 2047 तक भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार एक विकसित देश बनना होगा। यह लक्ष्य तभी साकार हो सकता है, जब प्रणालियों और प्रक्रियाओं का समय पर



आधुनिकीकरण हो। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि आज शासन का युग है, और इसलिए एमसीए का मुख्य सिद्धांत शासन को आसान, पारदर्शी और सुविधा पर केंद्रित होना चाहिए। एमसीए को समयबद्ध तरीके से हितधारकों की सेवा करने में सक्षम होने के लिए भविष्योन्मुखी होने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए उद्योग मंत्रालय ने अधिनियम और नियमों में लगातार एवं आवश्यक संशोधन किए हैं।

सीतारमण ने पारदर्शी वित्तीय जानकारी प्रदान करके नागरिकों का विश्वास जीतने के लिए भारतीय कॉर्पोरेट प्रशासन को श्रेय दिया।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने कंपनियों के मार्गदर्शन और विनियमन में उद्योग मंत्रालय की भूमिका के महत्व पर जोर दिया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी प्रशासनिक संरचनाएं सुप्रबंधित हों। उन्होंने उद्योग मंत्रालय के अधिकारियों से हितधारकों तक कानूनी आवश्यकताओं को पहुंचाने के प्रभावी तरीके खोजने का आह्वान किया और (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) ईओडीबी को बेहतर बनाने के उपाय सुझाने के लिए नियमित रूप से आंतरिक चर्चाएं आयोजित करने का भी सुझाव दिया।

बातचीत के दौरान हर्ष मल्होत्रा ??ने कहा कि एमसीए को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अधिकतम शासन और न्यूनतम सरकार के आदर्श वाक्य का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एमसीए को लोगों पर अनुपालन के बोझ को कम करने और फॉर्मों को युक्तिसंगत बनाने के लिए प्रयास करने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि हितधारकों के साथ लगातार बातचीत से समय पर मुद्दों का समाधान करने में मदद मिलेगी।

## नई रेल लाइन से वडोदरा-इंदौर यात्रा होगी और आसान, घटेगा सफर का समय

एजेंसी

**छोटाउदेपुर।** छोटाउदेपुर से धार तक बनने वाली नई 157 किलोमीटर लंबी रेल लाइन गुजरात और मध्य प्रदेश को सीधे जोड़ेगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूरा होने पर वडोदरा और इंदौर जैसे दो बड़े शहरों के बीच यात्रा का समय और दूरी दोनों कम हो जाएंगे। रेलवे विभाग के जनसंपर्क अधिकारी, जो आज छोटाउदेपुर दौरे पर थे, उन्होंने बताया कि यह नई लाइन अलीराजपुर और धार जैसे आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को भारतीय रेल के मुख्य नेटवर्क से जोड़ेगी। इससे कृषि उत्पादों, कच्चे माल और अन्य सामान के परिवहन में आसानी होगी तथा स्थानीय उद्योगों और व्यापार को मजबूती मिलेगी। बेहतर कनेक्टिविटी से



लॉजिस्टिक्स में आने वाली रुकावटें घटेंगी और ग्रामीण-शहरी अर्थव्यवस्था के बीच की दूरी भी कम होगी। साथ ही, आतिथ्य क्षेत्र तथा सहायक सेवाओं में निवेश बढ़ने की भी संभावना है। इस परियोजना की कुल लंबाई 157 किमी है, जिसमें मध्य प्रदेश का हिस्सा 72 किमी होगा। परियोजना में छोटाउदेपुर, अलीराजपुर और धार जिलों का समावेश है।

## मध्य प्रदेश ने एसआईआर में हासिल की बड़ी उपलब्धि, राज्यों में तीसरे स्थान पर पहुंचा

एजेंसी

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में देशभर के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में मध्य प्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) संजीव कुमार झा के नेतृत्व में प्रदेश ने 72.72 प्रतिशत कार्य पूरा कर अब तक के आंकड़ों में देश में 10 बड़े राज्यों में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। सीईओ झा ने बताया कि प्रदेश में कुल 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 गणना पत्रकों में से 4 करोड़ 18 लाख से अधिक पत्रकों का डिजिटाइजेशन सफलता पूर्वक पूरा किया गया है। यह उपलब्धि तकनीकी दक्षता, टीमवर्क और जिला स्तर तक सतत मॉनिटरिंग का परिणाम है।

सीईओ संजीव कुमार झा ने इस प्रगति पर कहा कि प्रदेश में एस आई आर अभियान को समय सीमा में पूरा करने के लिए निरंतर समन्वित प्रयास जारी हैं। परिणामतः प्रदेश इस स्थान पर पहुंच पाया है। मध्य प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्य को आम नागरिकों के लिए अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न जिलों में शिविर, ऑनलाइन सुविधा और बूथ स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी दिनों में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास और अधिक तेज किए जाएंगे। आमला विधानसभा ने रचा कीर्तिमान, 100फीसदी डिजिटाइजेशन पूर्ण पूरे प्रदेश में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के अंतर्गत बैतूल जिले की आमला विधानसभा ने अद्वितीय सफलता अर्जित करते हुए मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आमला विधानसभा प्रदेश की पहली ऐसी विधानसभा बनी है जिसने 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले पूरा कर रिकॉर्ड कायम किया है। कुल 2,19,778 मतदाताओं के विवरण का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूर्ण कर आमला विधानसभा ने प्रदेशभर के निर्वाचन प्रबंधन के लिए एक उत्कृष्ट मानक स्थापित किया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने कहा कि जिला प्रशासन बैतूल, बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स की कठिन परिश्रमपूर्ण मैदानी कार्यशैली- इन सभी का समन्वित परिणाम रहा कि विधानसभा क्षेत्र ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। एसआईआर सर्वे के दौरान बीएलओ और सुपरवाइजर्स की टीम ने घर-घर जाकर डेटा संग्रह किया, जन्म-मृत्यु, निवास, पहचान एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया। दूरस्थ क्षेत्रों, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद टीम ने गुणवत्तापूर्ण व त्रुटिरहित कार्य प्रस्तुत किया।

## मणिपुर में सुरक्षा बलों ने तीन जिलों से भारी मात्रा में हथियार-विस्फोटक बरामद किए

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में तीन जिलों से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। यह कार्रवाई चुराचांदपुर, कांगपोकपी और इंफाल पश्चिम जिले में हुई। इस दौरान एक उग्रवादी को गिरफ्तार करने में सुरक्षा बल सफल रहे।

चुराचांदपुर जिले के गेलमोल गांव में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने करीब 40 किलोग्राम विस्फोटक से युक्त एक लॉन्ग-रेंज रॉकेट, रॉकेट लॉन्चिंग स्टैंड, बैटरी पीस और पांच रेत की बोरियां बरामद कीं। कांगपोकपी जिले के गेलबुंग जंगल में सुरक्षा बलों ने एक सीएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक .303 रायफल, दो पिस्टल और दोनों की मैगजीन, नौ देशी बोल्ट-एक्शन सिंगल बैरल बंदूकें, एक देशी एसबीबीएल, एक लोकल मेड ग्रेनेड, 46 जिंदा कारतूस, 80 खाली खोखे, एक सेफ्टी फ्यूज, एक डेटोनेटर, तीन पीस पीईके, चार पम्पी, एक पम्पी स्टैंड, दो बाओफेंग हैंडसेट, एक जोड़ी जंगल बूट और एक मैगजीन पाउच बरामद किया।

कांगचुप थाना क्षेत्र अंतर्गत सोंगलुंग गांव के आसपास भी एक बड़ा ऑपरेशन चलाया गया। यहां से सुरक्षा बलों ने एक हेकर एंड कोच जी3 रायफल और मैगजीन, दो बोल्ट-एक्शन रायफलें, चार पुल मैकेनिज्म रायफलें, एक इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, दो-दो नंबर.36 हैंड ग्रेनेड, आर्मिंग रिंग और डेटोनेटर, दो जी3 लाइव राउंड और एक हैंडहेल्ड रेडियो सेट बरामद किया।

इस बीच मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के



वांगोई थाना क्षेत्र के चंद्रनदी लामखई इलाके से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक कैडर रोनाल्डो थौडम उर्फ लामजिंग्बा (23) को गिरफ्तार किया। वह हाओरेबी मयाई लाइकै का रहने वाला है।

## सीसीआरएएस ने विजयवाड़ा में सिद्धि 2.0 किया लॉन्च, आयुर्वेदिक अनुसंधान और उद्योग सहयोग को मिलेगी नई दिशा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (सीसीआरएएस) ने बुधवार को उद्योग अनुसंधान कार्यक्रम सिद्धि 2.0 की शुरुआत करके 'आयुर्वेद सिद्ध यूनानी औषध विनियमन का विकास' पुस्तक का विमोचन किया और द्रव्य सूची प्रबंधन प्रणाली पोर्टल जारी किया। विजयवाड़ा में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान सीसीआरएएस महानिदेशक प्रो. वैद्य राबिनारायण आचार्य, आंध्र प्रदेश सरकार के आयुष निदेशक के. दिनेश कुमार आईएएस, उप महानिदेशक डॉ. एन. श्रीकांत, उद्योग प्रतिनिधि किरण भूपतिराजू, सीआईआई चेयरपर्सन डॉ. वी. नागलक्ष्मी और आरएआरआई के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. बी. वेंकटेश्वरलु मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रो.




राबिनारायण आचार्य ने कहा कि जीवनशैली जनित रोग तेजी से बढ़ रहे हैं और ऐसे समय में आयुर्वेद का स्वास्थ्य केंदित दृष्टिकोण अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने परिषद् की पहलें जैसे एसपीएआरके, स्मार्ट, शोध पद्धति कार्यक्रम और फैलोशिप का उल्लेख करते हुए कहा कि परिषद उद्योग के साथ संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा दे रही है और इससे उत्पन्न बौद्धिक संपदा के न्यायसंगत वितरण को सुनिश्चित करेगी। आंध्र प्रदेश के आयुष निदेशक के. दिनेश कुमार ने कहा कि राज्य में आयुर्वेद महाविद्यालय और औषध निर्माण इकाइयां कम हैं और एक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना आवश्यक है। सिद्धि 2.0 शोध, शिक्षा और उद्योग को एक मंच पर लाता है। डॉ. एन. श्रीकांत ने बताया कि परिषद 150 से अधिक आयुर्वेदिक सूत्रों का वैज्ञानिक मूल्यांकन कर चुकी है और गुणवत्ता, सुरक्षा तथा विषाक्तता से जुडा विस्तृत डेटा उद्योग के लिए उपलब्ध है। उन्होंने आयुर्वेद आधारित तकनीकी स्टार्टअप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नवाचारों को समर्थन देने की जानकारी दी। उद्योग प्रतिनिधि किरण भूपतिराजू ने वैश्विक बाजार में आयुर्वेदिक उत्पादों की स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए जड़ी बूटियों और निर्माण तकनीक के आधुनिकीकरण की आवश्यकता बताई। सीआईआई चेयरपर्सन डॉ. नागलक्ष्मी ने कहा कि शोध, शिक्षा और उत्पादन के समन्वय से आयुर्वेद उद्योग में रोजगार और विकास के नए अवसर खुलेंगे।

## डीजीपी कॉन्फ्रेंस के लिए 28-30 नवंबर तक कड़े सुरक्षा प्रबंध, प्रधानमंत्री मोदी नवा रायपुर स्थित स्पीकर हाउस में रुकेंगे

एजेंसी

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की मौजूदगी में 28 से 30 नवंबर तक 60वां डीजीपी कॉन्फ्रेंस नवा रायपुर स्थित आईआईएम परिसर में होगा। इसके लिए स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) की टीम रायपुर पहुंच गई है। आज छत्तीसगढ़ पुलिस सड़कों पर रिहर्सल करेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी 28 नवंबर को शाम करीब 7.30 बजे विशेष विमान से रायपुर पहुंचेंगे। वे 28 और 29 नवंबर, दो रात्रि नवा रायपुर स्थित स्पीकर हाउस में रहेंगे। 30 नवंबर को शाम लगभग 5.30 बजे वे दिल्ली लौटेंगे। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और कई अति विशिष्ट व्यक्ति 28-29 नवंबर को रायपुर पहुंचेंगे। इसे देखते हुए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। 27 नवंबर से एयरपोर्ट पर अधिकारियों और मेहमानों के स्वागत के खास इंतजाम होंगे। एसपीजी कार्यक्रम स्थलों में तैनात होगी। एसपीजी के अधिकारी कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर नया रायपुर सील रहेगा। अधिकारियों के अनुसार इस कांफ्रेंस में देशभर के साढ़े पांच सौ अफसर शामिल होंगे। जिनमें राज्यों के पुलिस महानिदेशक और अर्धसैनिक बलों के 20 महानिदेशक और अतिरिक्त महानिदेशक शामिल होंगे। उन्हें पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों द्वारा रिसीव करने के बाद अलग-अलग रेस्ट हाउस और अन्य स्थानों पर ठहराया जाएगा।

## ओरछा में राम-जानकी विवाह महोत्सव की धूम, दुल्हा बने रामराजा सरकार, निकली बारात

एजेंसी

**भोपाल।** बुंदेलखंड की अयोध्या कही जाने वाली मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले में स्थित पर्यटन नगरी ओरछा में इन दिनों श्री राम-जानकी विवाह महोत्सव की धूम है। यहां भगवान रामराजा सरकार का शाही विवाह समारोह लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आज रात 12 बजे पूरा होगा। इससे पहले शाम 6:00 बजे रामराजा सरकार का दूल्हे के तौर पर मंदिर के अंदर पूजन हुआ और शाम 7:00 बजे भगवान की विशाल बारात नगर भ्रमण पर निकली। रात 12:00 बारात जनकपुरी पहुंचेगी, जहां दूल्हे सरकार के तौर पर राम राजा का तिलकोत्सव होगा और फिर सीताराम विवाह वर्षगांठ संपन्न होगी। दरअसल, ऐतिहासिक नगरी ओरछा में श्री राम-जानकी विवाह महोत्सव की इस 450 साल पुरानी परंपरा की सबसे अनूठी बात यह है कि यह पूरा आयोजन ठेठ बुंदेली रीति और परंपरा के साथ होता है। यही कारण है कि ओरछा के सिंहासन पर बैठे राजा राम जब दुल्हा बनकर बारात में निकलते हैं तो वह रत्नजड़ित सोने का मुकुट न पहनते हुए परंपरा अनुसार खजूर का मुकुट धारण करते हैं। अवध और मिथला की परंपरा से दूर यह पूरा आयोजन बुंदेली लोकरीति से होता है तो विवाह का काम संवारे अधिकारी और पुरोहित सबसे पहले लोक देवता हरदौल को विवाह का न्यौता देने जाते है। इस आयोजन को लेकर देश भर के संत और आचार्य भी इस अवसर को अद्?भुत मानते हैं। महोत्सव में शाम भगवान श्री रामराजा सरकार ने दुल्हा बनकर परंपरा अनुसार खजूर का मुकुट धारण किया। इसके बाद राम राजा जू वर यात्रा (राम बारात) रात्रि 7:00 बजे राजसी ठाठ-बाट के साथ श्री रामराजा मंदिर से प्रस्थान कर लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची, जहां रात में दूल्हा श्रीराम का वैदिक मंत्रोच्चार से विधायक अनिल



जैन ने भगवान का तिलक किया। पालकी के एक ओर छत्र और दूसरी ओर चंवर के साथ सैकड़ों वर्ष पुराने बुंदेली साम्राज्य की भव्यता दिखी। यह आयोजन प्राचीन बुंदेली परंपराओं के अनुरूप हुआ। रामराजा सरकार को विशेष 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया, जो ओरछा के किलेबंद क्षेत्र में केवल राजा को मिलता है। मंदिर के बजाय राजमहल में विराजने वाले रामराजा सरकार की बारात में दर्जनों घोड़े आगे रहे। उनके पीछे हाथियों पर रक्षक और मध्य में दूल्हा स्वरूप रामराजा सरकार की पालकी रही। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती भी बारात में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने जयकारे भी लगाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दूल्हा सरकार मेरे भाई हैं। मैं नेग के लिए पालकी रोकूंगी।

## चीनी विदेश मंत्रालय के बयान पर भारत का कड़ा विरोध, मनमानी हिरासत को बताया "गंभीर उल्लंघन"

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने चीनी विदेश मंत्रालय के हालिया बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने स्पष्ट कहा कि अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय नागरिक को शंघाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मनमाने तरीके से रोका जाना अंतरराष्ट्रीय मानकों और चीन के अपने नियमों का उल्लंघन है। प्रवक्ता ने बताया कि संबंधित महिला, जो वैध भारतीय पासपोर्ट रखती हैं और जापान की ओर प्रस्थान कर रही थीं, शंघाई एयरपोर्ट पर ट्रांजिट में थी। इसके बावजूद उन्हें हिरासत में लिया गया, जिसका अब तक कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण चीनी अधिकारियों की ओर से नहीं दिया गया है। जायसवाल ने दोहराया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है।

# डिफेंस इनोवेशन के सुनहरे दौर में भारत: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में इंडियन नेवी के स्वावलंबन सेमिनार के चौथे एडिशन के दौरान स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई, एकेडेमिया, इंडस्ट्री पार्टनर्स और वेंचर कैपिटलिस्ट्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत डिफेंस इनोवेशन के सुनहरे दौर में जा रहा है, और इसकी नींव हमारे इनोवेटर्स और युवा एंटरप्रेन्योर्स रख रहे हैं। ये इकोनॉमिक ताकत, स्ट्रेटेजिक सोच और टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट को जोड़ रहे हैं। उन्?होंने तेजी से बदलती दुनिया और लगातार बदलते जियोपॉलिटिकल माहौल में भारत को भविष्य के लिए तैयार रहने की जरूरत पर कहा कि भारत रिएक्टिव नजरिया नहीं अपना सकता है। उन्होंने इनोवेटर्स को नए समाधान लाने और देश को सिर्फ खरीदार नहीं बल्कि एक बिल्डर, क्रिएटर और लीडर के तौर पर उभरने में मदद करने का क्रेडिट दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज देश में स्वदेशीकरण का आंदोलन देखा जा रहा है। यह सिर्फ पॉलिसी की वजह से नहीं है। यह सभी स्टेकहोल्डर्स की कड़ी



मेहनत की वजह से है, और इसी का नतीजा है कि भारत एक इंपोर्टर से टेक्नोलॉजी एक्सपोर्टर बनने की दिशा में बड़े कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि नेवी के साथ हमारे इनोवेटर्स के योगदान की वजह से भारत आज एक समुद्री ताकत के तौर पर उभर रहा है। राजनाथ सिंह ने रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में नए आयामों के उभरने पर विचार साझा करते हुए प्राइवेट सेक्टर से प्रॉफिट-प्लस नजरिया अपनाने और ऐसे प्लेटफॉर्म और सिस्टम बनाने की अपील की, जो भारत पर दुनिया के भरोसे का प्रतीक बनें। उन्होंने कहा कि प्रॉफिट प्लस अप्रोच में मॉनिटर प्रॉफिट, नेशनलिज्म, ड्यूटी की भावना और स्ट्रेटेजिक जिम्मेदारी शामिल है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इकोनॉमिक एक्टिविटी तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसे एक नेशनल मिशन माना जाना चाहिए। प्राइवेट इंडस्ट्री को अपनी भूमिका बढ़ानी चाहिए और नेशनल इंटरेस्ट को ध्यान में रखते हुए प्रोडक्शन, टेक्नोलॉजी, डिजाइन और इनोवेशन में नई स्पीड से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने प्राइवेट सेक्टर से आने वाले सालों में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में अपना कंट्रीब्यूशन 50 प्रतिशत या उससे ज्यादा करने की भी अपील की।रक्षा मंत्री ने इंपोर्ट किए जाने वाले डिफेंस इक्विपमेंट के मेंटेनेंस, रिपेयर, ओवरहॉल और स्पेयर पार्ट्स सप्लाई के लॉन्ग-टर्म फाइनेंशियल बोझ को लेकर इंपोर्ट पर डिपेंडेंसी को कम करने और एक मजबूत और आत्मनिर्भर घरेलू सप्लाई चेन बनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम कंपोनेंट्स और सबसिस्टम की लोकल मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करते हैं तो हमारा स्वदेशी कंटेंट तेजी से बढ़ेगा। इससे न सिर्फ कैपेबिलिटी बढ़ेगी, बल्कि कॉस्ट एफिशिएंसी, रिलायबिलिटी और स्ट्रेटेजिक इंडिपेंडेंस भी पक्का होगा। यह तभी मुमकिन है जब प्राइवेट सेक्टर, स्टार्ट-अप्स, आरएंडडी लैब्स और सरकारी इंस्टीट्यूशन्स एक शेयर्ड विजन के साथ आगे बढ़ें।

## चार धाम यात्रा ने बनाया रिकॉर्ड, 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

एजेंसी

देहरादून। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही चारों धामों के कपाट शीतकाल के छह माह के लिए बंद हो गए हैं। प्राकृतिक आपदाओं के चलते कई दिनों तक यात्रा बाधित होने के बावजूद इस वर्ष भी यात्रा ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इस वर्ष 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किए हैं। बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या 04 लाख से अधिक रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पूरा साल कठिन चुनौतियों से भरा होने के बावजूद पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष चारधाम यात्रा पर अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। यात्रियों की सुरक्षा सदा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इसके लिए यात्रा मार्गों को बेहतर बनाने के साथ ही धामों में स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कर दिए गए थे। यात्रा मार्ग, पड़ावों में सभी जरूरी सुविधाएं, बेहतर सड़कें, ट्रैफिक व्यवस्था और संचार सुविधा पर हमने विशेष फोकस किया। पहले सुविधाएं सीमित थी। यात्रियों के ठहरने की पुख्ता व्यवस्था के साथ ही अन्य सभी सुविधाएं भी बढ़ाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्य होने के बाद यात्री सुविधाएं बढ़ी हैं। पैदल यात्रा मार्ग को बेहतर बनाया गया है। बदरीनाथ धाम का मास्टर प्लान के अनुसार विकास किया जा रहा है। अब शीतकालीन यात्रा की तैयारियों में भी यात्री सुविधाओं और सुरक्षा पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इस वर्ष 30 अप्रैल 2025 को यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का शुभारंभ हुआ था। इसके बाद दो मई को केदारनाथ धाम और चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुले थे। केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट पूर्व में बंद हो चुके हैं। आज बदरीनाथ धाम के कपाट भी शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। इस बार प्राकृतिक आपदाओं के चलते यात्रा कई दिनों तक बाधित होने के बावजूद यात्रियों की संख्या ने रिकॉर्ड बनाया है। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में चारधाम यात्रा को सुगम, सुविधाजनक और सुरक्षित बनाया गया है। मानसून सीजन में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। इस वर्ष प्राकृतिक आपदाओं ने यात्रा को प्रभावित किया, इसके बावजूद यात्रियों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इस वर्ष 04 लाख 35 हजार 901 अधिक श्रद्धालु चारधाम दर्शन को पहुंचे। बीते वर्ष कुल 46 लाख 69 हजार 074 तीर्थयात्री चारधाम यात्रा पर आए थे, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा रिकॉर्ड वृद्धि के साथ 51 लाख 04 हजार 975 पहुंच गया। केदारनाथ में सर्वाधिक 17 लाख 68 हजार 795 श्रद्धालु पहुंचे हैं। इसी प्रकार बदरीनाथ में 16 लाख 60 हजार 224, गंगोत्री में 07 लाख 57 हजार 010 और यमुनोत्री में 06 लाख 44 हजार 505 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

# दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीती

## - दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम को 408 रनों से हराया, - यानसन बने प्लेयर ऑफ द मैच, - हार्मर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज




**गुवाहाटी (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 408 रनों से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीत ली है। इसी के साथ ही मेहमान टीम 25 साल बाद भारत में कोई टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रही है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम बार साल 1999 में हैंसी क्रोनये की कप्तानी में भारत में 2-0 से टेस्ट सीरीज जीती थी। वहीं ये भारतीय टीम की एक साल में दूसरी सीरीज हार है। इससे पहले नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को घरेलू सीरीज में 3-0 से हराया था। माकर यानसन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा सीरीज में कुल 17 विकेट लेने वाले साइमन हार्मर को'प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला

दूसरे टेस्ट में भी भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज दक्षिण अफ्रीकी टीम के सामने नहीं टिक पाये। भारतीय टीम पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका के 489 रनों के जवाब में केवल 201 रन ही बना पायी। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इसके बाद भारतीय टीम 549 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 2 विकेट पर 27 रनों से आगे खेलते हुए अंतिम दिन 140 रनों पर ही सिमट गयी। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा ही ही सबसे अधिक 54 रन बना पाये। भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर साइमन हार्मर का सामना नहीं कर पाये। हार्मर ने इस मैच में छह विकेट लिए। अंतिम दिन भारत का छठा विकेट साई सुदर्शन के रूप में गिरा। उन्होंने 14 रन बनाये। वॉशिंगटन सुदंर 44 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुये। 62वां ओवर कर रहे केशव महाराज की पहली गेंद पर छक्का लगाकर जडेजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ही ओवर में हार्मर, नीतीश कुमार रेड्डी शुन्य पर ही आउट हो गये। इसी के साथ छठी सफलता हार्मर के नाम रहीं। 64वें ओवर की पहली गेंद पर केशव महाराज ने रवींद्र जडेजा को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। जडेजा ने 87 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 54 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर महाराज ने को आउटकर 140 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। वहीं गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से ही ये भारतीय टीम की दूसरी सीरीज हार है। इससे पहले 2024 नवंबर में न्यूजीलैंड ने 3-0 से भारतीय टीम को हराया था।

# टीम अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रही है : सूर्यकुमार यादव



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब का बचाव करने के लिए राष्ट्रीय टीम की अगुवाई को लेकर उत्साहित हैं। खास कार्यक्रम के दौरान सूर्यकुमार ने कहा, 'मेरा मतलब है, उस टी-20 विश्वकप में जाना एक बड़ी चुनौती है। मैं इस बार टीम का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह बहुत रोमांचक होने वाला है।'

उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्वकप 2024 में भारत की जीत को याद करते हुए कहा, 'मुझे उस ट्रॉफी को देखकर बहुत मोटिवेशन मिलता है। जब हम वेस्ट इंडीज (2024 इवेंट के को-होस्ट) पहुंचे और हर बार जब हमारा राष्ट्र गान बजाया जाता था तो हमारी नजर इस सिल्वरवेयर पर होती थी। हर बार।'

क्रिकेटर ने आगे कहा, 'हमने सोचा है कि जैसे ही हम फाइनल आये, हमें यह ट्रॉफी जीतनी है। और इसे फिर से करीब से देखने के बाद इससे मुझे बहुत मोटिवेशन मिलता है। वह भी भारत में खेलते हुए मुझे लगता है कि यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने कहा कि लड़के बहुत उत्साहित हैं। हर कोई टी-20 विश्व कप में जाने वाली इस टीम का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्सुक है। मैंने बहुत सारे अनुभव शेयर किए हैं। मैं 2023 में एक शानदार टीम का हिस्सा था, जब हमने भारत में एकदिवसीय विश्व कप खेला था। माहौल बिल्कुल अलग था।'

उन्होंने कहा, 'मैंने उनसे कहा है कि यह बिल्कुल अलग गेम है। हां, फैंस वैसे ही होंगे (टर्नआउट में), जैसा आप फ्रेंचाइजी क्रिकेट में देखते हैं, लेकिन जब भारत आता है, जब आप देश के लिए खेलते हैं, तो इसका इमोशन बिल्कुल अलग होता है। इसलिए वे बहुत उत्साहित हैं। हम एक अलग तरह का क्रिकेट खेलने की कोशिश कर रहे हैं। उम्मीद है, हम वर्ल्ड कप में भी यही करते रहेंगे।' भारत अपने अभियान की शुरुआत सात फरवरी 2026 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ करेगा।

# आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे रोहित, मिचेल दूसरे नंबर पर खिसके



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गये हैं। आईसीसी ने बुधवार को पुरुष खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें रोहित न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को पीछे छोड़कर नंबर-1 स्थान पर आ गये हैं। रोहित के अभी 781 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अंतिम एकदिवसीय मैच खेला था। वह अब इस माह के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय सीरीज में खेलेंगे। वहीं मिचेल 766 अंक के साथ ही दूसरे नंबर पर हैं। मिचेल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 16 नवंबर को पहले एकदिवसीय में शतक लगाने के बाद नंबर एक स्थान हासिल किया था। वह चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए जिससे रैंकिंग में नीचे गिर हैं। वहीं न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र एक स्थान के लाभ के साथ ही 12वें पर आ गए हैं जबकि डेवोन कॉनवे 11 स्थान ऊपर 31वें पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई दूसरे एकदिवसीय में शतक से आठवें नंबर पर आ गए। । कीवी टीम ने वेस्टइंडीज को तीन मैच की सीरीज में हराया। न्यूजीलैंड के गेंदबाज मिचेल सेंटनर छठे और मैट हेनरी अपने शानदार प्रदर्शन के बाद गेंदबाजी रैंकिंग में संयुक्त 10वें नंबर पर आ गए। वहीं, जिम्बाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा टी20 ऑलराउंडरों में नंबर-1बन गए हैं। उन्होंने अपने करियर में पहली बार यह उपलब्धि हासिल की है। उनके 289 रेटिंग अंक हैं। रजा ने पाकिस्तान में ट्राई सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था जिसका लाभ उन्हें मिला है। रजा के बाद पाकिस्तान के सईम अयूब (269 अंक) हैं। टेस्ट रैंकिंग में भी बदलाव हुए हैं। पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ पहले एशेज टेस्ट जीत के बाद ट्रैविस हेड चार स्थान की छलांग लगाकर छठे नंबर पर आ गए हैं। वहीं इंग्लैंड के ओली पोप चार पायदान के लाभ के साथ ही 24वें पर पहुंच गये हैं। बांग्लादेश के खिलाड़ियों को भी भी आयरलैंड पर जीत के बाद लाभ मिला है।

# दक्षिण अफ्रीका से हार का भारी झटका: डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत फिसला, पाकिस्तान से भी पिछड़ा




**गुवाहाटी (एजेंसी)।** बुधवार को घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से शर्मनाक श्रृंखला हारने के बाद भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गया है। 2000 के बाद यह दूसरी बार है जब उन्होंने देश में टेस्ट श्रृंखला जीती है। इस बीच, आईसीसी के अनुसार, 408 रनों से हार भारत की टेस्ट क्रिकेट में रनों के अंतर से सबसे बड़ी हार है। इस जीत ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंक तालिका में दक्षिण अफ्रीका की स्थिति को और मजबूत कर दिया है। गत चैंपियन अपने चार टेस्ट मैचों में 36 अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया के ठीक पीछे दूसरे स्थान पर है। उनका अंक प्रतिशत (पीसीटी) 66.67 से बढ़कर 75 हो गया है। उन्होंने तीन टेस्ट जीते हैं और सिर्फ एक हारा है।

दूसरी ओर, भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज पाकिस्तान से नीचे खिसक गया है, और अब वह पांचवें स्थान पर है, जिसका पीसीटी 48.15 पर आ गया है, जिसमें चार हारे, चार जीते और एक ड्रॉ रहा है। पहले दिन 247/6 के स्कोर के साथ धीमी शुरुआत के बाद, ऑलराउंडर सेनुरन मुथुसामी (109) के पहले टेस्ट शतक और मार्को जेनसन (91 गेंदों में 93 रन, छह चौकों और सात छक्कों की मदद से) की जोरदार पारी ने निचले क्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया और प्रोटियाज को पहली पारी में 489 तक पहुंचाया। कुलदीप यादव (4/115) भारत के शीर्ष गेंदबाज रहे।

जेनसन ने गेंद से अपना जादू जारी रखा और 6/48 के आंकड़े हासिल किए, जिससे मेजबान टीम केवल 201 रन पर ढेर हो गई। यशस्वी जायसवाल (97 गेंदों में 58 रन, छह चौकों और एक छक्के की मदद से) और वाशिंगटन सुंदर (92 गेंदों में 48 रन, दो चौकों और एक छक्के की मदद से) के अर्धशतकों ने उल्लेखनीय प्रतिरोध पेश किया। भारत ने 65 रनों की साझेदारी के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन सुंदर और कुलदीप (134 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 19 रन) के बीच 72 रनों की साझेदारी के साथ 122/7 पर फिसल गया, जिससे भारत 200 रनों के आंकड़े तक पहुंच गया।

दक्षिण अफ्रीका ने फॉलो-ऑन न देने का फैसला किया, बल्कि अपनी बढ़त को 500 के पार पहुँचाया। ट्रिस्टन स्टब्स (180 गेंदों में 94 रन, नौ चौकों और एक छक्के की मदद से) ने पारी घोषित होने से पहले अपनी तीसरी पारी में 260/5 का स्कोर बनाया। एक बार फिर स्पिनरों ने कमाल दिखाया, जिसमें जडेजा ने चौका लगाया। लेकिन भारत के सामने 549 रनों का विशाल लक्ष्य था। कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के प्लेयर ऑफ द मैच साइमन हार्मर दूसरी पारी में भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे। पहली पारी में 64 रन देकर 3 विकेट लेने के बाद, हार्मर (37 रन देकर 6 विकेट) ने आखिरी दिन की सुबह भारतीय बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया।

# टी20 विश्वकप सात फरवरी से, पहले ही दिन होंगे तीन मुकाबले : आईसीसी

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार भारत और श्रीलंका की संुयक्त मेजबानी में होने जा रहे आईसीसी पुरुष टी20 विश्वकप 2026 क्रिकेट मुकाबले 7 फरवरी ये शुरु होंगे । इस टूर्नामेंट के पहले ही दिन तीन मैच खेले जाएंगे । इसमें भारत और पाकिस्तान सहित 6 टीमें उतरेंगी । ये टी20 विश्व कप इतिहास में पहली बार होगा, जब टूर्नामेंट के पहले दिन ही तीन सारे मैच होंगे। इसमें से दो मुकाबले भारत जबकि एक मैच श्रीलंका में खेला जाएगा । आईसीसी के अनुसार अभी तक ये फैसला नहीं हुआ है कि किस मैच से पहले उद्घाटन समारोह होगा। पहला मैच ग्रुप ए में कोलंबो में पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच होगा । वहीं दूसरा मुकाबला ग्रुप सी की टीमों वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच दोपहर 3 बजे से कोलकाता के ईडन गार्डेंस स्टेडियम में खेला जाएगा । वहीं दिन का अंतिम मुकाबला शाम को सात बजे से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और अमेरिका के बीच होगा । ये दोनों टीमें ग्रुप ए में शामिल हैं । इस प्रकार से एक ही दिन में तीन मुकाबलों में 6 टीमें होंगी । ग्रुप स्तर के मैचों के हर दिन का कार्यक्रम ऐसा ही है । 7 फरवरी से 19 फरवरी तक हर दिन 3–3 मैच खेले जाएंगे । इस प्रकार लीग स्तर के बाद सेमीफाइनल के लिए आठ टीमें ही बचेंगी ।


International Cricket Council

# ब्रिसबेन में तीन विकेट लेते ही अकरम का रिकार्ड तोड़ देंगे स्टार्क



ब्रिसबेन । यहां ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चार दिसंबर से ब्रिसबेन में होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं । स्टार्क ब्रिसबेन टेस्ट की दोनों पारियों में अगर 3 विकेट ले लेते हैं, तो अकरम को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बन जाएंगे । स्टार्क ने साल 2011 से 2025 के बीच 101 टेस्ट की 194 पारियों में 412 विकेट लिए हैं। वहीं अकरम ने 1985 से 2002 के बीच 104 टेस्ट की 181 पारियों में 414 विकेट लिए थे । अकरम लंबे समय से टेस्ट प्रारुप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं पर ब्रिसबेन में 3 विकेट लेने ही स्टार्क उनसे आगे निकल जाएंगे । ऐस में स्टार्क के कुल विकेटों की संख्या 415 हो जाएगी और वे अकरम से आगे हो जाएंगे । स्टार्क इसके अलावा टेस्ट विकेटों के मामले में भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह को भी पीछे छोड़ सकते हैं । हरभजन ने 1998 से 2015 के बीच 103 टेस्ट की 190 पारियों में 417 विकेट लिए हैं । वहीं स्टार्क अगर 6 विकेट ले लेते हैं तो वह हरभजन को पीछे छोड़ सकते हैं । स्टार्क ने एशेज सीरीज के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में दोनों पारियों को मिलाकर 10 विकेट लिए थे । स्टार्क ने पहली पारी में 58 रन देकर 7 और दूसरी पारी में 55 रन देकर 3 विकेट लिए थे ।

# भारत को मिली कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी, अहमदाबाद को चुना गया होस्ट शहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत 20 साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और बुधवार को ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेलों की आमसभा की बैठक में अहमदाबाद को मेजबान के तौर पर औपचारिक मंजूरी मिल गई। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी टी उषा और गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी सहित अन्य लोगों ने किया । कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डॉ डोनाल्ड रुकारे ने कहा, 'यह राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एक नए सुनहरे दौर की शुरुआत है। भारत व्यापकता, युवा शक्ति, महत्वाकांक्षा, समृद्ध संस्कृति, अपार खेल-जुनून और प्रासंगिकता लेकर आता है। हम राष्ट्रमंडल खेलों के अगले शतक की शुरुआत मजबूत स्थिति में कर रहे हैं।'

राष्ट्रमंडल खेल 2030 में अपने 100 साल भी पूरे कर रहे हैं लिहाजा यह संस्करण विशेष रहने वाला है। भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दौड़ में भी है और अहमदाबाद को ही मेजबान शहर के रूप में पेश किया गया है। भारत ने इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया था लेकिन 2030 में इन खेलों को अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा जिसने पिछले एक दशक में अपने खेल ढांचे को नए स्तर तक पहुंचाया है।

राष्ट्रमंडल खेल बोर्ड ने मूल्यांकन समिति की देखरेख में एक प्रक्रिया पूरी करने के बाद भारत को मेजबानी देने की की सिफारिश की थी। इसने मेजबानी के दावेदार शहरों का 'तकनीकी वितरण, खिलाड़ियों के अनुभव, बुनियादी ढांचे, प्रशासन और राष्ट्रमंडल खेल मूल्यों के साथ अनुकूलता' के आधार पर मूल्यांकन किया था। राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के लिए भारत को नाइजीरिया के शहर अबुजा से कड़ी टक्कर मिल रही थी, लेकिन कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने 2034 के खेलों की मेजबानी के लिए अफ्रीका के इस शहर के नाम पर विचार करने का फैसला किया।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने मंगलवार को एक बयान में कहा, 'यह राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन के भविष्य के लिए एक निर्णायक क्षण होगा तथा इसके 100 साल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा।' भारत ने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पर लगभग 70,000 करोड़ रुपए खर्च किए थे, जो शुरुआती अनुमान 1600 करोड़ रुपए से कहीं अधिक था। चार साल में एक बार होने वाले इन खेलों में 72 देश हिस्सा लेते हैं जिनमें से ज़्यादातर पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश हैं। राष्ट्रमंडल खेल के अंतरिम अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा था कि कार्यकारी बोर्ड को भारत और नाइजीरिया दोनों के प्रस्ताव 'प्रेरक' लगे, लेकिन आखिर में 2030 में होने वाले खेलों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद को चुना गया।

अहमदाबाद ने हाल के महीनों में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप, एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप और फुटबॉल के एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2026 क्वालीफायर की मेजबानी की। यह शहर अगले साल एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप और एशिया पैरा-तीरंदाजी कप की मेजबानी करेगा। इसके अलावा 2029 में विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में आयोजित किए जाएंगे। सरदार वल्लभभाई पटेल खेल परिसर उन प्रमुख स्थलों में से एक है, जिसको इन खेलों के लिए तैयार किया जा रहा है। इनमें एक लाख से अधिक दर्शकों की क्षमता वाला नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम भी शामिल है। इसके अलावा इस परिसर में एक जलक्रीड़ा केंद्र और एक फुटबॉल स्टेडियम के साथ-साथ इनडोर खेलों के लिए दो मैदान भी होंगे। इस परिसर के अंदर 3,000 लोगों के रहने की क्षमता वाला खेल गांव भी बनाया जाएगा।

ग्लास्गो में 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों का बजट बहुत कम कर दिया गया है। यह शहर पूरे आयोजन को आठ मील (लगभग 12 किमी) के दायरे में आयोजित करना चाहता है। उसने इन खेलों का बजट 114 मिलियन पाउंड (लगभग 1300 करोड़ रुपए) रखा है। इस कारण कुश्ती, निशानेबाजी, बैडमिंटन और हॉकी जैसे कुछ प्रमुख खेलों को बाहर कर दिया गया। भारत इसका कड़ा विरोध कर रहा था क्योंकि इससे उसकी पदक जीतने की क्षमता पर गहरा असर पड़ा। भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) ने हालांकि स्पष्ट कर दिया था कि 2030 के खेलों में उन सभी खेलों को शामिल किया जाएगा जिन्हें ग्लासगो खेलों से हटा दिया गया है। IOA के संयुक्त सचिव कल्याण चौबे ने कहा था, 'योजना यह है कि निशानेबाजी, तीरंदाजी, कुश्ती आदि जैसे सभी खेलों को इसमें शामिल किया जाए। हमारे पारंपरिक खेल जैसे कबड्डी और खो-खो को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए।'

# जोकोविच ने हासिल किया बड़ा मुकाम, शीर्ष चार में एक साल पूरा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने




लंदन । सर्बिया के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच एटीपी रैंकिंग के इतिहास में शीर्ष चार में एक साल पूरा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं । 38 साल और पांच महीने की उम्र में सर्बिया महान खिलाड़ी जोकोविच ने एटीपी रैंकिंग में शीर्ष चार में 2025 सीजन का समापन किया। इसी के साथ उन्होंने एटीपी रैंकिंग के इतिहास में सबसे अधिक टॉप चार फिनिश के लिए रोजर फेडरर और राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया । 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पूर्व नंबर वन जाकोविच ने वर्ष 2025 का समापन नंबर चार पर किया । जोकोविच ऐसा करने वाले 14 खिलाड़ियों में से एक हैं । उन्होंने अब यह दूसरी सबसे ज़्यादा बार किया है, कॉनर्स और नडाल को पीछे छोड़ दिया है और केवल फेडरर से पीछे हैं । एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) की 17 नवंबर को जारी रैंकिंग में जोकोविच चौथे स्थान पर थे ।

# 0-2 से हार के बाद गंभीर का बड़ा बयान: मेरा फ्यूचर बीसीसीआई के हवाले, पर प्राथमिकता सिर्फ भारतीय क्रिकेट




**गुवाहाटी (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की 2-0 की हार के बाद, भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि उनकी प्राथमिकता भारतीय क्रिकेट है, न कि व्यक्तिगत पहचान। उन्होंने मुख्य कोच के रूप में टीम के साथ अपनी पिछली सफलताओं पर प्रकाश डाला, जिसमें इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज़ ड्रॉ, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे और अंतिम टेस्ट में भारत पर 408 रनों की शानदार जीत हासिल की। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में यह भारत का घरेलू मैदान पर दूसरा वाइटवॉश है। पिछले साल न्यूज़ीलैंड के खिलाफ 0-3 और अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 0-2 से हार गंभीर के नेतृत्व में दो साल में भारत की घरेलू टेस्ट सीरीज़ में दो हार है।

गौतम गंभीर ने पत्रकारों से कहा कि ईमानदारी से कहूँ तो खेल में कोई कमी नहीं होती। हमने जो भी फ़ैसला लिया है, टीम के सर्वोत्तम हित में लिया है और हमें पूरा विश्वास है कि ये सही फ़ैसले थे जो देश और टीम के लिए काम कर सकते थे। और दूसरा सवाल, इसका फ़ैसला बीसीसीआई को करना है। मैंने मुख्य कोच का पदभार संभालने के बाद अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि भारतीय क्रिकेट महत्वपूर्ण है, मैं महत्वपूर्ण नहीं हूँ। और मैं यहाँ बैठकर बिल्कुल यही बात कह रहा हूँ। और हाँ, लोग इसे भूल सकते हैं। मैं वही व्यक्ति हूँ जिसने इंग्लैंड में भी एक युवा टीम के साथ अच्छे नतीजे हासिल किए थे और मुझे यकीन है कि आप लोग बहुत जल्द भूल जाएँगे क्योंकि बहुत से लोग न्यूज़ीलैंड के बारे में बात करते रहते हैं। और मैं वही व्यक्ति हूँ जिसकी कप्तानी में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप भी जीता था।

दक्षिण अफ्रीका सीरीज़ में भारतीय कप्तान ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर बात करते हुए, गंभीर ने कहा कि उन्हें टीम के सभी खिलाड़ियों से, यहाँ तक कि खुद से भी, उच्च मानकों की उम्मीद है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि टेस्ट मैच जीतने के लिए सिर्फ़ व्यक्तिगत प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि सामूहिक सुधार भी ज़रूरी है। शुभमन गिल की अनुपस्थिति में, जो गर्दन की चोट के कारण आराम कर रहे हैं, पंत ने दूसरे टेस्ट में टीम की कमान संभाली। पंत के लिए यह सीरीज़ निराशाजनक रही, उन्होंने दो मैचों में 12.25 की औसत और 80.32 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ़ 49 रन बनाए।

गंभीर ने आगे कहा कि देखिए, मैं हर किसी से बेहतर की उम्मीद करता हूं। मैं खुद से और उस कमरे में मौजूद हर किसी से बेहतर की उम्मीद करता हूं। मैं यहां बैठकर यह नहीं कहूंगा कि मैं किसी एक व्यक्ति से बेहतर की उम्मीद करता हूं। मुद्दा यह है कि अगर आपको अच्छी टीमों के खिलाफ टेस्ट मैच जीतना है, तो आपको हर किसी से बेहतर की उम्मीद करनी होगी। और इसी तरह आप टेस्ट मैच जीतते हैं। आप किसी एक व्यक्ति के शॉट को दोष नहीं देते। आप किसी एक व्यक्ति को एक खास तरीके से खेलने के लिए दोष नहीं देते। आप सभी को दोष देते हैं। इसलिए, मैंने ऐसा कभी नहीं किया। मैं ऐसा नहीं करने वाला।

# दूसरे टेस्ट में लियोन की जगह वेबस्टर को शामिल करें : मूडी



ब्रिस्बेन । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ यहां 4 दिसंबर से होने वाले यहां दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच में अनुभवी ऑफ–स्पिनर नाथन लियोन को अंतिम ग्यारह में नहीं रखा जाना चाहिये । मूडी के अनुसार गाबा की तेज और उछाल भरी पिच पर तेज गेंदबाज अधिक प्रभावी होंगे । साथ ही कहा कि इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाजी क्रम को देखते हुए दिन–रात के इस मैच में टीम संयोजन बदला जाना जरुरी है । इसलिए लियोन की जगह ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को मौका मिलना चाहिए । वेबस्टर बल्लेबाजी गहराई बढ़ा सकते हैं और मध्यम गति के तेज गेंदबाजी विकल्प भी टीम को दे सकते हैं । मूडी ने कहा कि ब्रिस्बेन की पिच स्वभाविक रूप से तेज गेंदबाजों का साथ देती है । दिन–रात टेस्ट में गुलाबी गेंद से स्पिनरों को अधिक सहायता नहीं मिलती है । पर्थ में पहले टेस्ट के दौरान लियोन प्रभावी नहीं रहे थे । वहीं तेज गेंदबाजों ने मैच पलट दिया था । मूडी ने कहा, 卐मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऑस्ट्रेलिया में किसी टेस्ट में विशेषज्ञ स्पिनर को बाहर रखने की जरूरत पड़ेगी, पर दिन–रात के क्रिकेट में स्पिनर को खेल में शामिल करना ठीक नहीं रहता है ।卐 उन्होंने यह भी कहा कि इंग्लैंड की तेज बल्लेबाजी रणनीति स्पिनर को लंबे स्पेल करने का अवसर नहीं देती है । ऐसे में तेज गेंदाबाज ऑलराउंडर ही बेहतर संतुलन दे पाते हैं ।



# अमेरिकी बिजनेसमैन संग सात फेरे लेंगी पवित्रा पुनिया

टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस 14 फेम पवित्रा पुनिया की शादी की तारीख पक्की हो गई है! जी हां, बीते दिनों मुंबई के एक बिजनेसमैन से अपनी सगाई की घोषणा के बाद पवित्रा की अब सात फेरों को लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि, एक्ट्रेस ने अपने मंगेतर की पहचान अब तक छिपा रखी है, लेकिन ताजा रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यह कपल 2027 में शादी करने की प्लानिंग कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पवित्रा पुनिया मार्च 2027 में शादी करने की प्लानिंग कर रही हैं। यह एक बेहद प्राइवेट सेरेमनी होगी, जिसमें दोनों तरफ के परिवार और करीबी लोग ही शामिल होंगे। पवित्रा पुनिया ने एक महीने पहले इंस्टाग्राम पर अपनी सगाई की बात कंफर्म करते हुए कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। इसमें उनके मंगेतर घुटनों पर बैठकर अंगूठी पहनाते दिख रहे है। पवित्रा ने तब तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था, लॉक इन। प्यार ने इसे ऑफिशियल कर दिया। पवित्रा पुनिया जल्द ही मिसेज बनने वाली हैं। इस पर विवियन डीसेना से लेकर देवोलीना भट्टाचार्जी और अर्चना गौतम से दिव्या अग्रवाल तक ने प्यार बरसाया था।

पवित्रा ने इससे पहले बातचीत में कहा था, हां, मुझे फिर से प्यार मिल गया है और इस साल, दिवाली मेरे लिए और भी खास है, क्योंकि मैं इसे उनके परिवार के साथ मनाऊंगी। अपने ससुराल वालों के बारे में बात करते हुए 39 साल की पवित्रा ने कहा, मैं विदेश जाऊंगी, क्योंकि वह और उनका परिवार वहां हैं। मुझे थोड़ा दुख है कि मैं अपने परिवार के साथ दिवाली नहीं मना पाऊंगी, लेकिन उनके साथ समय बिताने के लिए एक्साइटेड भी हूं। लव यू जिंदगी और बालवीर रिटर्न्स फेम एक्ट्रेस ने अपने पार्टनर का नाम भले ही नहीं बताया, लेकिन यह जरूर कहा है कि वह एक्टर नहीं हैं। पवित्रा पुनिया ने बताया, वह अमेरिका के एक बिजनेसमैन हैं, एक्टर बिल्कुल नहीं है। एक बहुत अच्छा इंसान और दयालु है। हम काफी समय से एक-दूसरे के साथ अच्छे से रह रहे हैं और यह सही लग रहा है।



# ओटीटी के आने के बाद अब लड़कियों को वैंप या सती सावित्री नहीं दिखाया जाता

**अपनी पहली ही फिल्म मकड़ी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली अदाकारा श्वेता बसु प्रसाद इन दिनों ओटीटी पर मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इस साल दो वेब सीरीज ऊप्स अब क्या और क्रिमिनल जस्टिस 4 में अपनी अदाकारी के लिए सराही गईं श्वेता अब महारानी 4 में सीएम रोशनी भारती की भूमिका के लिए वाहवाही बटोर रही हैं।**

**आप स्क्रीन पर ज्यादातर मजबूत महिला किरदारों में ही दिखती हैं, क्या आपको ऐसे ही किरदार ऑफर होते हैं या आप खुद ऐसे ही रोल ही चुनती हैं?**

मेरी ऐसी कोई सोची समझी चॉइस तो नहीं होती। मेरी कोशिश ये होती है कि अलग-अलग तरह के किरदार निभाऊं, क्योंकि कलाकार के तौर पर मेरा काम ये है कि मैं समाज के हर पहलू को दिखा सकूं ताकि देखने वाले को लगे कि ये मेरी बहन, गर्लफ्रेंड, कजिन या बेटी जैसी है। मेरी कोशिश ये होती है कि ऐसे किरदार करूं जिसे देखकर लोग उससे रिलेट करें कि हां, इसे पहले देखा है, मगर ये है कि हमारी फिल्मों और शोज का लेखन ही अब अलग हो चुका है। खासकर ओटीटी के आने के बाद शोज और फिल्मों में लड़कियों के लिए काफी मजबूत लेयर्ड किरदार लिखे जा रहे हैं।

**स्टीरियोटिपिकल रोल नहीं लिखे जाते कि लड़की या तो सती-सावित्री है या वैंप**

ये एक बेहतर बदलाव लेखन में हुआ है कि अब वो स्टीरियोटिपिकल रोल नहीं लिखे जाते कि लड़की या तो सति-सावित्री है या वैंप। जैसे, इंडिया लॉकडाउन में मैंने एक ऐसी प्रॉस्टिट्यूट का रोल किया था जो अपने काम को लेकर बहुत अनअपॉलिजेटिक थी। वह कोई बेचारी नहीं है कि मैं इसमें फंस गई। वह बहुत मजबूत और मुंहफट है। ऐसे ही, त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर में भी मैं साड़ी पहनकर बंदूक चला रही हूं तो मुझे मजा भी आता है ऐसे किरदार में, मगर मैं हर तरह के किरदार करना चाहूंगी।

**क्या इंडस्ट्री में लड़की होने की वजह से आपको कमतरी का अहसास हुआ है? आप इसे कैसे हैंडल करती हैं?**

हर किसी का अपना तरीका होता है कि आप ऐसी परिस्थिति में कैसे रिएक्ट करते हैं, क्योंकि ये चीजें तो आपके घर, स्कूल, ऑफिस, इंडस्ट्री या राजनीति हर जगह वैसी ही होती है। हम सबके साथ ऐसा कुछ न कुछ हुआ होगा, मगर बहुत निजी तरीका होता है कि आप उसे कैसे हैंडल करते हैं। जहां तक मेरी बात है, मैं चुप रहने को बिल्कुल बढ़ावा नहीं देना चाहूंगी। अगर आपको लगता है कि कोई गलत कह रहा है या आप उस पोजिशन में हैं कि आप उसे करेक्ट कर सकते हैं कि नहीं ऐसा नहीं, ऐसा होना चाहिए तो आपको जरूर बोलना चाहिए लेकिन अगर आपके सामने कोई मूर्ख इंसान है जिसके लिए ऐसा लगे कि आप दीवार से बात कर रहे हैं तो वहां पर आप अपनी एनर्जी व्यर्थ करेंगे तो वहां आप चुप रह सकते हैं। ये आपको खुद चुनना होगा कि कहां बोलना है, कहां लड़ना है, कहां इग्नोर करना है।

**महारानी 4 में आप ताकतवर भूमिका निभा रही हैं। असल जिंदगी में अगर ऐसी ताकत मिले तो देश या समाज में क्या बदलाव करना चाहेंगी?**

हमारे देश और समाज में यूं तो शिक्षा, भोजन, सुरक्षा जैसी कई बेसिक चीजें बेहतर करने की जरूरत है, जिस पर बहुत से लोग बात कर रहे हैं, लेकिन अगर मुझे देश या समाज में कोई बदलाव लाना हो तो मैं कहूंगी कि आप आर्ट, साइंस, फिलॉसफी और म्यूजिक सबको सिखाएं। मैं चाहूंगी कि समाज में थोड़ा आर्टिस्टिक हों। मुझे लगता है कि इसे एजुकेशन सिस्टम में अनिवार्य कर देना चाहिए क्योंकि आर्ट फॉर्म हमारे समय को डॉक्यूमेंट करते हैं। चाहे वो मुगल मिनिएचर आर्ट हो, टेंपल आर्ट हो या केव पेंटिंग हो या फैशन ही हो। जैसे, ब्लूज या जैज म्यूजिक अमेरिका में क्रांति के रूप में शुरू हुई थी।



# महिलाएं जब साथ देती हैं तो जादू होता है

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्त्री ऊर्जा यानी फेमिनिन एनर्जी के बारे में एक लंबी पोस्ट लिखी है। पोस्ट में उन्होंने बताया है कि असली स्त्री ऊर्जा क्या होती है। रश्मिका ने बताया है कि अगर कोई महिला अपने अंदर की आवाज से जुड़ जाती है, तो उसके अंदर कई बदलाव आते हैं। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में रश्मिका ने लिखा स्त्री ऊर्जा में एक खास जादू होता है। जब आप खुद से जुड़ जाती हैं, तो आप चीजों को साफ-साफ देखने लगती हैं। लोगों को पहचान जाती हैं और स्थितियों को पहले से समझ जाती हैं। कई बार आपको लगता है कि कुछ गलत होने वाला है। आपका मन आपको सावधान करता है। हालांकि हम उसे नजरअंदाज कर देते हैं क्योंकि जिंदगी बहुत जटिल है। रश्मिका ने आगे लिखा महिलाएं जब एक-दसरे को सहारा देती हैं और सिर्फ यह कहती हैं कि मैं तुम्हारे साथ हूं, तो एक अलग जादू होता है। उस कोमलता में बहुत ताकत होती है। स्त्री शक्ति कमजोर नहीं है। हां यह कोमल जरूर है लेकिन यह मजबूत है और प्यार से भरी हुई है। जब महिलाएं इस तरह की ऊर्जा के साथ एकजुट होती हैं तो उन्हें कोई रोक नहीं सकता।


## हर महिला को मिलेगी स्त्री ऊर्जा

रश्मिका ने आखिर में लिखा मैं देख रही हूं कि आप में से बहुत सी महिलाओं में यह शक्ति है। जिन्हें अभी तक इसके बारे में समझ नहीं है वह जल्द ही इसके बारे में समझेंगी और इसे महसूस करेंगी। जल्द ही इसे पा लेंगी और मजबूत स्त्री ऊर्जा बन जाएंगी।

## द गर्लफ्रेंड के बारे में

हाल ही में रिलीज हुई रश्मिका मंदाना की फिल्म द गर्लफ्रेंड का निर्देशन राहुल रविंद्रन ने किया है। इसके लेखक भी वही हैं। फिल्म के निर्माता अल्लू अरविंद, धीरज मोगीलिनेनी और कोप्पिनीदी विद्या हैं। इसमें रश्मिका मंदाना के अलावा दीक्षित शेट्टी, अनु इमैनुएल, रोहिणी, कौशिक मेहता और राव रमेश हैं।

# अजय के साथ दोस्ती का नहीं यह रिश्ता रखती हैं रकुल प्रीत



रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म दे दे प्यार दे 2 में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं हैं, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है। उन्होंने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती।

## अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती रकुल

बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।

## अजय को सर मानती हैं रकुल

अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।

## दे दे प्यार दे 2 के बारे में

अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म दे दे प्यार दे 2 में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।





# ओटीटी प्रोजेक्ट में अक्षय खन्ना-संजीदा शेख के साथ नजर आएंगे सनी देओल

**बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं में शुमार सनी देओल और अपने तीखे अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अक्षय खन्ना एक बार फिर साथ स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक ने दोनों सितारों के फैंस में एक्साइटमेंट दोगुनी कर दी है। बताया जा रहा है कि ये जोड़ी एक हाई-वोल्टेज एक्शन थ्रिलर में धूम मचाने की तैयारी में है, जिसमें एक्ट्रेस संजीदा शेख भी दमदार भूमिका निभाती दिखेंगी।**

## एक बार फिर साथ आए सनी-अक्षय

फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों सितारों ने एक ओटीटी एक्शन प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। यह फिल्म पूरी तरह डिजिटल दर्शकों को ध्यान में रखते हुए प्लान की जा रही है। शूटिंग मुंबई में शुरू होने वाली है और मेकर्स कहानी को लेकर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि कहानी बिजली-सी तेज रफ्तार वाली होगी, जिसमें भारी-भरकम एक्शन, इमोशनल ड्रामा और मिस्ट्री का तड़का लगाया गया है। संजीदा शेख भी इस कहानी का अहम हिस्सा होंगी। उनके किरदार को फिल्म में इमोशनल गहराई जोड़ने वाला बताया गया है।

## क्यों चुना गया ओटीटी प्लेटफॉर्म?

पिछले कुछ समय में बड़े स्केल के एक्शन प्रोजेक्ट्स डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। मेकर्स का मानना है कि ओटीटी की विशाल और विविध दर्शक संख्या ऐसी फिल्मों को तुरंत लोकप्रियता दिलाती है। हालांकि यह अभी साफ नहीं है कि फिल्म किस प्लेटफॉर्म पर आएगी, लेकिन उद्योग से जुड़े लोग इसे किसी बड़े स्ट्रीमिंग जायंट से जुड़ा प्रोजेक्ट बता रहे हैं।

## अक्षय खन्ना के करियर में एक और बड़ा कदम



अक्षय खन्ना इस समय शानदार फॉर्म में हैं। पहले उन्होंने छावा में खलनायक बनकर दर्शकों को चौंकाया, उसके बाद उनकी अगली फिल्म 'धुरंधर' अपने लुक और इंटेंस ट्रेलर के कारण खूब चर्चा में है। साल 2025 उनके करियर के लिए खास होने वाला है और नया एक्शन प्रोजेक्ट उनकी लिस्ट में एक और दमदार एंट्री जोड़ देगा।

इस फिल्म को सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो अपनी मजबूत कहानी और स्टाइलिश ट्रीटमेंट के लिए जाने जाते हैं।

## सनी देओल की नई उड़ान

जाट की सफलता के बाद सनी देओल एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में धूम मचाने को तैयार हैं। वहीं उनकी मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' भी चर्चा में है, जिसमें वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ भी नजर आएंगे। सनी देओल के फैंस उन्हें फिर बड़े पैमाने पर एक्शन करते देखने के लिए बेसब्र हैं।

## संजीदा शेख का करियर ग्राफ



संजीदा शेख ने हाल ही में हीरामंडी और फाइटर में बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों और समीक्षकों का ध्यान खींचा। इस फिल्म में उनकी मौजूदगी कहानी में नई दिशा और परतें जोड़ने वाली मानी जा रही है।


# स्लिप डिस्क

## ऑपरेशन टेबल पर ही दर्द से राहत



आधुनिक काल में जहां हर क्षेत्र में मानव ने विकास किया है और सफलता के झंडे गाड़े हैं वहीं बीमारियों का शिकार होने में भी शत प्रतिशत सहयोगी बना है। अगर आज के समय में बीमारियों या शरीर के विकारों की बात की जाए तो गिनती शायद कम पड़ जाएगी मगर शरीर के विकार खत्म नहीं हो पाएंगे और इस भागती दौड़ती जिंदगी में हमारा शरीर न जाने किन-किन विकारों की चपेट में आ जाता है। आज लगभग हर आदमी को अपने जीवन काल में कमर दर्द का अनुभव होता है। अब लोगों के लिए कमर दर्द भी एक बहुत बड़ी कष्टदायक समस्या बनी हुई है और अब ये दुनिया में एक महामारी का रूप लेता जा रहा है। आज हर उम्र के लोग इससे परेशान हैं और दुनिया भर में इसके सरल व सहज इलाज की खोज जारी है।

मनुष्य के शरीर में कमर को सबसे मजबूत भाग माना जाता है व हमारी कमर की बनावट में हड्डियां, कार्टिलेज(डिस्क), जोड़, मांसपेशियां, लिगामेंट व नसें आदि सभी शामिल हैं। इनमें से किसी के भी विकारग्रस्त होने पर कमर दर्द उत्पन्न हो सकता है। मैकेनिकल कारणों के साथ टीबी से लेकर कैंसर तक कोई भी कारण दर्द पैदा कर सकता है। कमरदर्द का शिकार पुरूषों से अधिक महिलाएं होती हैं जिसका मुख्य कारण होता है कमर की मांसपेशियों की कमजोरी। इसका दूसरा कारण है कमर की हड्डियों के जोडों में विकार है। कमर दर्द से जुड़ी बीमारियों के प्रायःलक्षण हैं-पैरों का सुन्न होना, भारी या कमजोरी का एहसास होना,पेशाब में परेशानी, चलने पर पैरों के दर्द का बढ़ना, झुकने या खांसने पर पूरे पैर में करंट जैसा लगना आदि। कई बार रोगियों की चाल शराबियों जैसे लडखड़ाती चाल हो जाती है। कमर दर्द के कई मुख्य कारण है। ये सभी कारण कई रीढ़ संबंधी बीमारियों को जन्म देती है जैसे-स्पोंडिलाइटिस, सर्वाइकल, टी.बी, कमर में ट्यूमर, स्प्लिड डिस्क आदि। स्लिप डिस्क इसमें से एक बहुत ही गंभीर समस्या बन गई है।




दरअसल स्लिप डिस्क ऐसी बीमारी है जिसे समझने के लिए रीढ़ के बनावट के बारे में जानना जरूरी है। हमारी रीढ़ की हड्डी प्रायः 33 हड्डियों के जोड़ से बनती है और प्रत्येक दो हड्डियां आगे की तरफ एक डिस्क के द्वारा और पीछे की तरफ दो जोड़ों के द्वारा जुड़ी रहती है। यह डिस्क प्रायःरबड़ की तरह होती है जो इन हड्डियों को जोडने के साथ-साथ उनको लचीलापन प्रदान करती है। तो इन्हीं डिस्क में उत्पन्न हुए विकारों को कहते हैं स्लिप डिस्क और कमर दर्द से जुड़ी बीमारियों की पहचान है। कमर से लेकर पैरों में जाता हुआ दर्द जिसके साथ ही साथ पैरों का सुन्न या भारी होना या चीटियां चलने जैसा एहसास भी हो सकता है। आगे चलकर दर्द के मारे चलने में असमर्थ और कई बार लेटे-लेटे भी कमर से पैर तक असहनीय दर्द होता रहता है। स्लिप डिस्क का रोग कमर के अलावा गर्दन में भी हो सकता है। अभी तक पुराने स्लिप डिस्क के ऑपरेशन से लोग काफी भयभीत थे, क्यों कि इसमें नसों के कट जाने व अपाहिज हो जाने का डर रहता था। इस बीमारी से निजात पाने के लिए कई शोध किए जा रहे हैं तथा नई-नई आधुनिकताओं ने व कई प्रयोगों ने बहुत सी नवीन तकनीकों को जन्म दिया है मिनिमली इंवेसिव स्पाइन सर्जरी को %की होल सर्जरी' के नाम से भी जाना जाता है जिस में एक पतली दूरबीन जैसे एक यंत्र जिसे %एंडोस्कोप' कहा जाता है इस्तेमाल की जाती है जो कि एक छोटे से चीरे के द्वारा अंदर डाली जाती है। एंडोस्कोप एक छोटे वीडियो कैमरे से जुड़ा होता है जो कि मरीज के शरीर के अंदर की सभी गतिविधियों को ऑपरेशन के कमरे में रखे टीवी की स्क्रीन पर प्रदर्शित क रता है। एक या अधिक अतिरिक्त आधा इंच के चीरे के द्वारा फिर से एक छोटी शल्यक्रिया यंत्र डाला जाता है। कुछ महीनों बाद इस के निशान स्वयं दूर हो जाते है। स्लिप डिस्क के मरीज जिन्हें चाहे गर्दन से दर्द से या कमर में अब इस आसान व सुरक्षित विधि से निजात पा सकते है। यह सर्जरी केवल एक छोटे से छिद्र के द्वारा संभव हो जाती है और इसमें मरीज को बेहोश करने की भी आवश्यकता नहीं पड़ती। इस ऑपरेशन में टीवी पर देखते हुए एक चार मिलीमीटर का इंडोस्कोप सुन्न करके डिस्क में डाला जाता है और सी आर्म व टेलीविजन मॉनिटर पर 20 गुणा बड़ी तस्वीर को देखते हुए सूक्ष्म व सफल तरीके से निकाला भी जा सकता है। इस ऑपरेशन में आधे से एक घंटे का समय लगता है और मरीज को दर्द का आभास न हो इस लिए पूरे ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक मरीज से बातचीत करता रहता है तथा स्लिप डिस्क के हटते ही मरीज को ऑपरेशन टेबल पर ही दर्द से राहत मिलने लगती है।

## सही तरीके से खाएं बादाम



बादाम सर्वाधिक पोषक तत्वों से भरपूर मेवे हैं। ये विटामिन ई तथा फाइबर का बहुत बढ़िया स्रोत हैं साथ ही इनमें प्रोटीन, कॉपर, फासफोरस, मैग्नीशियम तथा रीबोफ्लेविन भी पाए जाते हैं। बादाम से भरपूर भोजन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।

- बादामों में मैग्नीशियम उच्च मात्रा में पाया जाता है। ये नींद तथा मांसपेशियों के आराम को बढ़ाते हैं। इसके साथ ही ये उन प्रोटीन्स की आर्पूति भी करते हैं जो निद्रा के दौरान ब्लड शूगर के स्तर को स्थिर करने में सहायक होते हैं। यह 'अलर्ट एड्रेनालीन साइकिल' से 'रैस्ट एंड डाइजैस्ट साइकिल' की ओर ले जाकर आपकी नींद को बढ़िया बनाते हैं।
- इससे हृदय की रक्त वाहिकाएं स्वस्थ रहती हैं। रक्त में एंटीऑक्सीडैंट की मात्रा में उल्लेखनीय रूप से बढ़ौतरी होती है जिस कारण रक्तचाप बढ़ता है और रक्त प्रवाह में सुधार होता है।
- 8 बादाम के तेल में मलाई और नींबू के रस की चंद बूंदें मिलाकर त्वचा पर हल्के हाथों से मसाज करें। इसके प्रयोग से त्वचा की रंगत में निखार आता है।
- भोजन के बाद सीने में जलन होने पर अजवायन और एक बादाम दांतों से चबाकर खाएं।
- भूलने की आदत से छुटकारा पाने के लिए 9 बादाम रात को पानी में भिगो दें। सुबह छिलके उतारकर बारीक पीस कर पेस्ट बना लें और अब एक गिलास दूध गर्म करें। उसमें बादाम का पेस्ट घोल कर इसमें 3 चम्मच शहद भी डालें। दूध जब हल्का गर्म हो तब पिएं। यह मिश्रण पीने के बाद दो घंटे तक कुछ न खाएं।

# मुस्कान न चुरा ले सर्दी

हाइपोथर्मियाबॉडी का वह स्टेट (अवस्था) है, जिसमें ठंड की वजह से टेंपरेचर नॉर्मल से कम हो जाता है. इसमें टेंपरेचर 35 डिग्री सेल्सियस से कम हो जाता है. इस बीमारी को टेंपरेचर के स्तर पर विभाजित किया जा सकता है. यदि बॉडी टेंपरेचर 32-35 डिग्री सेल्सियस है, तो माइल्ड हाइपोथर्मिया है. यदि 28-32 डिग्री सेल्सियस है, तो मॉडरेट और 28 डिग्री सेल्सियस से कम है, तो सीरियस हाइपोथर्मिया कहलाता है.

### कैसे करता है प्रभावित

यह बीमारी बुजुर्गो को ज्यादा प्रभावित करती है. इसका कारण उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनके बॉडी सिस्टम का कमजोर हो जाना है. हाइपोथर्मिया के लक्षण इसकी गंभीरता पर निर्भर करते हैं. माइल्ड हाइपोथर्मिया होने पर रोगी के हाथ सही तरीके से काम नहीं करते हैं. इसके अलावा पेट संबंधी समस्या भी देखने को मिलती है.

मॉडरेट हाइपोथर्मिया में पीड़ित व्यक्ति में कंपकंपाहट तेज होती है, ब्लड वेसेल्स सिकुड़ जाती हैं, मरीज का रंग पीला पड़ जाता है और उंगलियां, होठ नीले पड़ जाते हैं. सीरियस हाइपोथर्मिया में कंपकंपाहट नहीं होती. इसमें मरीज को बोलने में दिक्कत, सोचने में परेशानी आदि समस्या देखने को मिलती है. यह सबसे गंभीर अवस्था है, इसमें मरीज के कई अंग काम करना बंद भी कर सकते हैं.

### कैसे करें बचाव

सर्दियों में अक्सर छोटी-सी लापरवाही भी परेशानी का कारण बन जाती है. हाइपोथर्मिया से बचने के लिए निम्न सावधानी जरूर बरतें-

- घर से बाहर निकलें तो शरीर का हर अंग ढक कर निकलें.
- सुबह-शाम की सर्द हवाओं से बचें.
- घर से निकलते समय खाना खाकर निकलें.
- नशीले पदार्थों का सेवन न करें.

इन रोगों का भी होता है खतरा

### जुकाम और खांसी

यह समस्या बदलते मौसम में किसी को भी हो सकती है. यह समस्या एलर्जी की वजह से होती है. जुकाम-खांसी के साथ सर्दी लगने की वजह भी एलर्जी को ही माना जाता है. चिकित्सक बताते हैं कि यदि आप हेल्दी डायट लेते हैं, तो खुद को एलर्जी से बचा सकते हैं. खाने में विटामिन, प्रोटीन और मिनरल्स की मात्र संतुलित रखें.

### फ्लू भी हो सकता है हावी

इस मौसम में वायरल इन्फेक्शन के कारण फ्लू भी आपको अपनी चपेट में ले सकता है. वायरल इन्फेक्शन में बुखार, सिरदर्द, आंखों से पानी बहना आदि लक्षण दिखाई देते हैं. वायरल इन्फेक्शन से बचने के लिए शरीर की साफ-सफाई का ख्याल रखें. इसके अलावा बाहरी खाने से परहेज करें.

### क्या है उपचार

यदि व्यक्ति में हाइपोथर्मिया के लक्षण दिखाई दें रहे हैं, तो शुरुआती उपचार के तौर पर मरीज को कंबल से ढक कर रखें. जिस कमरे में मरीज को रख रहे हैं, उसका तापमान 24 डिग्री सेल्सियस हो. हीटर के माध्यम से हाइपोथर्मिया के मरीजों को गरम हवा भी दे सकते हैं. मरीज को ठंड के संपर्क में आने से बचाएं. यदि मरीज को डायबिटीज या अन्य कोई बीमारी है या हाइपोथर्मिया मॉडरेट या सीरियस लेवल का है, तो चिकित्सक से संपर्क कर उचित ट्रीटमेंट कराना चाहिए.

मौसम के बदलाव में कई बीमारियों का खतरा भी है. सर्दी-जुकाम होना तो आम बात है. हृदय रोग, अस्थमा आदि के मरीजों के लिए भी यह खतरनाक है. जरा-सी लापरवाही हाइपोथर्मिया का शिकार बना सकती है.



## सर्दियों में संक्रमण से बचाता है लहसुन

लहसुन के कई फायदे है. सर्दियों में बहुत हद तक इससे राहत मिल सकती है. इसके सेवन से शरीर के प्रतिरोधी क्षमता बढती है, दांत दर्द आदि से राहत में इसका उपयोग किया जा सकता है. आइये जानते है इसकी कुछ खास विशेषताएं-



- लहसुन के सेवन से शरीर की प्रतिरोधी क्षमता बढ़ती है. इससे किसी भी प्रकार के संक्र मण का प्रभाव शरीर पर तुरंत नहीं होता.
- ठंड के दिनों में लहसुन के सेवन से सर्दी नहीं लगती. ठंड के दिनों में गाजर, अदरक और लहसुन का सूप बनाकर पीने से शरीर को एंटीबायोटिक्स मिलते हैं और ठंड कम लगती है.
- लहसुन के सेवन से दांतदर्द की समस्या में आराम मिलता है. लहसुन को लौंग के साथ पीसकर दांतों के दर्दवाले हिस्से पर लगाने से दर्द से तुरंत राहत मिलती है.
- गर्भावस्था के दौरान लहसुन का नियमति सेवन मां और शिशु, दोनों के स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है. यह गर्भ के भीतर शिशु के वजन को बढ़ाने में सहायक है.
- गठिया और अन्य जोड़ों के रोग में भी लहसुन का सेवन बहुत ही लाभदायक है.
- यदि रोज नियमति रूप से लहसुन की पांच कलियां खायी जाएं तो हृदय संबंधी रोग होने की संभावना में कमी आती है.
- लहसुन की पांच कलियों को थोड़ा पानी डाल कर पीस लें और इस पेस्ट में 10 ग्राम शहद मिला कर सुबह -शाम सेवन करें. इस उपाय को करने से सफेद बाल काले हो जायेंगे.
- लहसुन का तेल हथेली व पैरों के तलवों पर लगाने से मच्छर पास नहीं आते व स्किन सॉफ्ट हो जाती है.
- लहसुन के सेवन से वजन को घटाया जा सकता है, क्योंकि इसमें हमारे शरीर में बननेवाली वसा कोशिकाओं को नियमित करने की क्षमता है, जिससे वजन आसानी से घट जाता है.

## कैसे पाएं स्वस्थ त्वचा



स्वास्थ्य रहने के लिए पौष्टिक भोजन को लेना बहुत जरुरी है. हर कोई चाहता है कि वह स्वस्थ्य रहे सुंदर दिखे. ऐसे में आप इन सब तरीकों को अपनाए तो आपकी सुंदरता निखरेगी और चेहरे में हमेशा चमक बनी रहेगी.

हाइड्रेट रहें - खूब पानी पीएं. हाइड्रेटेड फूड का सेवन अधिक करें. ताजी-हरी सब्जियां और रसदार फलों का सेवन बेहतर विकल्प है.

प्रोटीन का करें प्रयोग - ठंड में ऐसे पदार्थो का सेवन अधिक करें, जिनमें जिनमें एमिनो एसिड, बी 12 और विटामिन डी अच्छी मात्र में हों. ये मांस-मछली से तो प्राप्त होते ही हैं, इसके अलावा ये बीन्स और अनेक प्रकार की दालों से भी प्राप्त होते हैं.

अच्छे फैट का करें सेवन - ओमेगा-3 से भरपूर खाद्य पदार्थ काफी लाभदायक होते हैं. इसे सालमन मछली, बादाम आदि से प्राप्त किया जा सकता है.

डैमेज त्वचा को ठीक करता है विटामिन ए ऱ यह मछली के लिवर के तेल और सब्जियों, गाजर, मीठे आलू, लहसुन, अदरक आदि से प्राप्त होता है.

एलजिर्क स्किन रिएक्शन से बचाता है विटामिन सी ऱ इसे सेब, लहसुन, प्याज और हरी सब्जियों से प्राप्त कर सकते हैं. स्किन रिएक्शन कम करता है क्वेरसेटिंस ऱ इसे साइट्रस फूड, जैसे-संतरे, नीबू आदि और ग्रीन टी से प्राप्त किया जा सकता है. ड्रायनेस से बचाते हैं विटामिन बी कॉम्पलैक्स ऱ यह आमतौर पर मछली, बादाम, अंडे, हरी पत्तीदार सब्जियों में पाया जाता है. त्वचा को सुरक्षित रखता है विटामिन इ ऱ यह विटामिन भी मांस, मछली, अंडे, हरी पत्तीदार सब्जियों और ब्रोकली में मिलता है.

त्वचा को रिपेयर करता है जिंक - जिंक हमें कद्दू के बीज, लिवर, अंडे आदि से प्राप्त हो सकता है.

## सर्दियों में तन की दुर्गंध से निजात पाने के घरेलु नुस्खे

कई बार ऐसा होता है कि सामने वाले से ऐसी दुर्गंध आती है कि उसके पास बैठना मुश्किल हो जाता है। ऐसा नहीं है कि जो लोग नहीं नहाते, उन्हीं के शरीर से दुर्गंध आती हो। कई बार नियमित तौर पर नहाने के बाद भी शरीर से दुर्गंध आती है, जिसका एक कारण तो यह भी है कि आजकल ज्यादातर लोग फील्ड वर्क करते हैं।

साधारण या ब्रांडेड डियोडोरैंट कुछ समय से ज्यादा शरीर की दुर्गंध को दूर नहीं भगा सकता, परंतु आप अपनी रूटीन में कुछ तरीकों को शामिल कर आसानी से इस समस्या को दूर भगा सकती हैं।

खाने-पीने की आदतों पर ध्यान दें

अपने खाने में प्याज एवं लहसुन का सेवन कम कर दें। यही नहीं, मेथी भी कम ही खाएं, क्योंकि इन खाद्य पदार्थों से शरीर के सूक्ष्म छिद्रों द्वारा उनकी गंध बाहर आने लगती है, जो दूसरों को दुर्गंध लगती है। ज्यादा मसालेदार खाने से भी परहेज करें।

प्रतिदिन स्नान करें - यदि आप हर रोज स्नान नहीं करते, तो शरीर से दुर्गंध आना स्वाभाविक है। हर दिन बढ़िया क्वालिटी के साबुन से स्नान करें। गर्मियों के दिनों में तो कम से कम दो बार स्नान अवश्य करें। सर्दियों में गुनगुने पानी से स्नान करें।